ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आश्विन कृष्ण पक्ष 08 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 07 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 244 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की लाइफ में फिर हुई प्यार... पेज 10 पर



## गागर में सागर

### सीएम ने पुरुष हॉकी फाइनल में शानदार जीत पर दी बधाई



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि एशियन गेम्स-2023 के पुरुष हॉकी फाइनल में शानदार जीत के लिए टीम इंडिया को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स 2023 में खेले जा रहे विभिन्न खेलों में भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर देश का मान बढ़ाया है। आप सभी को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

### जेएसएससी ने सहायक शिक्षक परीक्षा की संशोधित तिथि जारी की



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50 फीसदी आरक्षण दिए जाने को चुनौती देने वाली बहादुर महतो समेत अन्य की याचिका पर सुनवाई की गई थी। जिसमें झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 26 हजार सहायक शिक्षकों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पर लगाई गई रोक हटा ली है रोक हटाए जाने के बाद अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने की नयी तिथियां जारी कर दी गई हैं। झारखंड स्टॉफ सेलेक्शन कमीशन ने इसकी सूचना जारी कर जानकारी दी है। जेएसएससी के मुताबिक अभ्यर्थी 7 अक्टूबर से लेकर 22 अक्टूबर तक अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अलावा परीक्षा शुल्क 24 अक्टूबर तक भुगतान कर सकते हैं। वहीं फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए 26 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में 28 अक्टूबर से लेकर 30 अक्टूबर तक संशोधन कर सकते हैं।

### अभियंता वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की अग्रिम बेल याचिका की हुई सुनवाई





**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई हुई। मामले में ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की, जिसे जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है।

### सीएस सुखदेव सिंह लंबित मामलों को लेकर 10 को करेंगे समीक्षा

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह 10 अक्टूबर को लंबित मामलों को लेकर पुलिस विभाग की वर्चुअल समीक्षा करेंगे। लंबित मामलों के कारण और अनुसंधान की प्रगति की जानकारी लेंगे। समीक्षा के दौरान पेंडिंग का कारण पूछा जाएगा। अधिक समय से मामले लंबित को लेकर कारणों सहित विस्तृत रिपोर्ट मांगी जाएगी। इसको देखते पुलिस मुख्यालय तैयारी में जुट गया है। बैठक में रांची, पलामू के जोनल आईजी, जोनल डीआईडी, और डीआईजी रेल शामिल होंगे। मुख्य सचिव अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से लंबित मामलों की समीक्षा करेंगे।

### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023




**पाकिस्तान - 286/10 (49 ओवर)**

**नीदरलैंड - 205/10 (41 ओवर)**

**आज का मैच**

| | |
|---|---|
| बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान | धर्मशाला (10 बजे से ) |
| दक्षिण अफ्रीका बनाम श्रीलंका | दिल्ली ( 2 बजे से ) |

# सीएम की याचिका पर 11 को हाईकोर्ट में सुनवाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दायर क्रिमिनल रिट याचिका पर शुक्रवार को आंशिक रूप से सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि इस याचिका में पांच डिफेक्ट हैं, जिसके कारण अब 11 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। साथ ही कोर्ट ने हेमंत सोरेन को इस याचिका में जो त्रुटियां हैं, उसे भी दूर करने का आदेश दिया है।

यह मामला चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र व जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। याचिकाकर्ता हेमंत सोरेन द्वारा दायर याचिका में प्रवर्तन निदेशालय के समन व उसके अधिकार को चुनौती दी गयी है। याचिका में पीएमएलए एक्ट-2002 की धारा-50 व 63 की वैधता को चुनौती दी गयी है। कहा गया है कि उक्त धाराएं संविधान द्वारा दिये गये मौलिक अधिकार का हनन करती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाईकोर्ट जाने की छूट दिये जाने के बाद हेमंत सोरेन ने 23 सितंबर को याचिका दायर की थी।

दरअसल, ईडी ने पांचवां समन जारी कर मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए चार अक्टूबर को रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया था लेकिन वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। मुख्यमंत्री के अधिवक्ता ने चार अक्टूबर को ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर को पत्र लिखकर बताया कि यह मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है। यह मामला जब तक हाई कोर्ट में डिसाइड नहीं होता है तब तक मुख्यमंत्री को जारी समन पर कार्रवाई न की जाए।

मुख्यमंत्री की ओर से 23 सितंबर को ईडी के समन के खिलाफ हाई कोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दाखिल की गई थी। इसमें कहा गया है कि ईडी एवं इसके अधिकारी या कर्मी को समन के आधार पर उन पर कार्रवाई से रोका जाय। साथ ही ईडी को आगे भी समन जारी करने से रोक लगाने का अभी आग्रह किया गया है।

मुख्यमंत्री ने ईडी पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की साजिश करने सहित पीएमएलए 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता को चुनौती दी है। आईपीसी के तहत किसी मामले की जांच के दौरान जांच एजेंसी के समक्ष दिए गए बयान की मान्यता कोर्ट में नहीं है लेकिन पीएमएलए एक्ट की धारा 50 के तहत जांच के दौरान एजेंसी के दिए गए बयान की कोर्ट में मान्यता है। ईडी को मिले शक्तियों के तहत बयान दर्ज कराने के दौरान किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार ईडी के पास है।

# जिउतिया : पुत्र की दीघार्यु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में जीवित्पुत्रिका का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। व्रती महिलाओं ने मंदिरों में विधि विधान से पूजन अर्चन कर पुत्रों की दीघार्यु के लिए कामना की। महिलाएं घाटों पर एकत्रित होकर पारंपरिक तरीके (गोठ) से ईख के मंडप बनाकर उसमें फल फूल आदि सजाकर विधि पूर्वक पूजन अर्चन के बाद राजा जीमूतवाहन एवं चील सियार की कथा का श्रवण किया। जिउतिया पर्व पर सुबह से ही बाजार में रौनक छाई रही। फल फूल व पूजन सामग्री की खरीददारी में लोग सुबह से ही जुटे थे। इससे बाजार में आम दिनों की अपेक्षा चहल पहल अधिक देखने को मिली।

शाम होते ही नगर के विभिन्न तालाबों पर व्रती महिलाओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। तालाब के घाट पर व्रती महिलाओं ने विधि विधान से सूत्र रूप जिउतिया (दुर्गा) की आराधना कर पुत्र की दीघार्यु की मनोकामनाएं कीं। शहर के तालाब, पोखरा, मंदिर आदि स्थानों पर पूजा पाठ के चलते मेले जैसा माहौल रहा।

# केंद्र के सहयोग से नक्सल मुक्त होगा राज्य : मुख्यमंत्री

### सुरक्षाबलों के हौसले के लिए एसआरई में बीमा मद को न हटाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में दिल्ली में शुक्रवार को वामपंथी उग्रवाद विषय पर अपनी राय रखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुरक्षाबलों के मनोबल बढ़ाए रखने के लिए पूर्व की भांति एसआरई मद में बीमा राशि की प्रतिपूर्ति को जारी रखने का सुझाव दिया। एसआरई योजना से बीमा मद को हटा लिया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के कोडरमा, रामगढ़ और सिमडेगा जिला को एसआरई जिला की सूची से हटाया गया है। लेकिन इन जिलों में प्रतिनियुक्त केंद्रीय सैनिक बलों के ऊपर किए गए खर्च की प्रतिपूर्ति एसआरई योजना से करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के एसआरई गाइडलाइन के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों/ भूतपूर्व पुलिस कर्मियों को ही एसपीओ के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। सुरक्षा कारणों से भूतपूर्व सैनिकों / भूतपूर्व पुलिस कर्मियों द्वारा एसपीओ नियुक्ति में रुचि नहीं ली जा रही है। ऐसे में स्थानीय ग्रामीणों को एसपीओ के रूप में नियुक्त करने के लिए अनुमति की आवश्यकता है।

### एकलव्य मॉडल रेसीडेंशियल स्कूल पर रखा अपना पक्ष

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के आदिवासी कल्याण मंत्रालय के द्वारा झारखंड में अब तक 91 एकलव्य मॉडल रेसीडेंशियल स्कूल स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 28 का निर्माण राज्य सरकार को करना था, 21 का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है ।7 विद्यालय का संचालन भी हो रहा है। शेष 14 को इसी वित्तीय वर्ष में चालू करने की योजना है। 68 का निर्माण कार्य भारत सरकार की एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सुझाया कि इन विद्यालयों की स्थापना उन्हीं प्रखंडों में हो सकती हैं, जहां आदिवासियों की संख्या 50% से अधिक है, बशर्ते न्यूनतम जनसंख्या 20 हजार होनी चाहिए। कई प्रखंडों ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# फाइनेंस कंपनी के कर्मी के साथ लूटपाट का साजिशकर्ता गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता।**

गढ़वा। जिला पुलिस ने जनवरी में भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मी के साथ लूटपाट के साजिशकर्ता को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के डुमरडीह स्थित सोनीपरा निवासी मिकाईल खान के रूप में हुई है। उसके पास से लूटा गया बैग, बायोमेट्रिक स्कैनर एसबीआई बैंक का एटीएम और भारत फाइनेंस का कलेक्शन रजिस्टर बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार 27 जनवरी को भंडरिया थाना क्षेत्र बिंदा गांव से पूरब स्थित जंगल में छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के चंदोरा थाना क्षेत्र स्थित घाटपेडारी निवासी सत्यनारायण मरावी के साथ पांच अज्ञात अपराधियों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। मामले को लेकर भंडरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। गढवा एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर रंका एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम कांड का उद्भेदन कर घटना में शामिल तीन अभियुक्तों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना के बाद से ही फरार चल रहे इस कांड का साजिशकर्ता मिकाईल खान को को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को जांच में पता चला कि मिकाईल खान पूर्व में भारत फाइनेंस नामक कंपनी में कार्यरत था, जहां उसे कंपनी के द्वारा गबन का दोषी पाए जाने पर निकाल दिया गया था।

# सुरक्षा बलों-नक्सलियों की मुठभेड़ में मारा गया कुख्यात नक्सली चमरा दा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के कोल्हान प्रमंडल में आतंक का पर्याय बने कुख्यात माओवादी नक्सली चमरा दा सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया है। उसे कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र के रेला-पराल के जंगल में सुरक्षाबलों तथा भाकपा माओवादियों के बीच बीते दिनों भीषण मुठभेड़ में मारा गया था, लेकिन इसका खुलासा अब किया गया है। जब मुठभेड़ की घटना हुई थी, उस समय पुलिस ने दावा किया था कि मुठभेड़ में कुछ नक्सली मारे गये हैं, लेकिन शव की बरामदगी नहीं होने तथा अन्य जानकारी नहीं मिलने की वजह से पुलिस इसका खुलासा नहीं कर पाई थी। अब पुलिस को खुफिया जानकारी मिली है कि वह नक्सली मुठभेड़ में मारा गया है। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर को कोल्हान जंगल में नक्सलियों की ओर से भाकपा माओवादी का 19वां स्थापना दिवस मनाया गया था। इस स्थापना दिवस के दौरान नक्सली अपने शहीद साथियों को याद करते हुए लाल सलाम कह रहे थे। इसी दौरान कुछ महिला नक्सलियों को क्रांतिकारी गीतों के माध्यम से रेला-पराल में हुई मुठभेड़ के दौरान नक्सली चमरा दा के मारे जाने का जिक्र करते सुना गया। इस दौरान चमरा दा की तस्वीर को भी विशेष रूप से फोकस किया गया था। नक्सली हमेशा मुठभेड़ के दौरान अपने मारे गये साथियों का शव लेकर भाग जाते हैं और उनका जिक्र जल्दी नहीं करते हैं।

# झारखंड में लगातार बारिश से राहत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में पिछले एक सप्ताह से जारी बारिश से लोगों को राहत मिली है। शुक्रवार को दिनभर आसमान साफ रहा। धूप खिली रही। मौसम विभाग ने शनिवार को राज्य के दक्षिणी हिस्सों में गर्जन के साथ बारिश की संभावना जाहिर की है। यही हाल आठ अक्टूबर को भी रहेगा। मौसम विभाग ने बताया है कि दुर्गा पूजा के दौरान भी बारिश की संभावना कम है।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मानसून की वापसी में दो तीन दिनों की देरी भी होगी तो दुर्गा पूजा में वर्षा होने की संभावना कम ही है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर पूरे राज्य में है। संभावना है कि 9 अक्टूबर तक ही इसका असर पूरे राज्य में रहेगा। पिछले एक सप्ताह के दौरान पूरे राज्य में कहीं 70 तो कहीं 150 मिमी वर्षा हुई है। शहर में तालाब और नदियां भरे हैं। सबसे अधिक वर्षा 175.8 मिमी गोड्डा के सुंदरपहाड़ी में रिकॉर्ड की गई है। सबसे अधिक तापमान 30.8 डिग्री गढ़वा का और सबसे कम तापमान 22 डिग्री रांची में रहा।

### यह बारिश धान की फसलों के लिए फायदेमंद

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार, इस बारिश से खरीफ की फसलों खासकर धान की फसलों को ज्यादा फायदा मिल रहा है। राज्य के अमूमन हिस्सों में धान की रोपाई देर से की गई है। वहीं, 15 अक्टूबर को रबी फसलों का मौसम भी शुरू हो जाएगा। अभी खेतों में नमी है, जिसे कृषि वैज्ञानिक रबी फसलों के लिए भी अच्छा बता रहे हैं।

# एसीबी ने 15 हजार घूस लेते हल्का कर्मचारी को पकड़ा



**चतरा।** एंटी करप्शन ब्यूरो हजारीबाग की टीम ने शुक्रवार को 15 हजार रुपये घूस लेते हल्का कर्मचारी बिपिन चौबे को गिरफ्तार किया है। एसीबी गिरफ्तारी के बाद विपिन चौबे को हजारीबाग ले गई। इस संबंध में एसीबी के डीएसपी विमलेश त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार कर्मचारी जोरी हल्का 11 में पदस्थापित था और उसने भूमि से संबंधित दस्तावेज के नाम पर घूस मांगी थी।

## नरगिस मोहम्मदी को 2023 का नोबेल शांति पुरस्कार

# महिला उत्पीड़न के खिलाफ लड़ी लड़ाई



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने ईरान में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई और सभी के लिए मानव अधिकारों और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने की उनकी लड़ाई के लिए नरगिस मोहम्मदी को 2023 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला किया है। इस वर्ष का शांति पुरस्कार उन लाखों लोगों को भी सम्मानित करता है, जिन्होंने पिछले वर्ष ईरान के धार्मिक शासन की महिलाओं को निशाना बनाने वाली भेदभाव और उत्पीड़न की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों की ओर से अपनाया गया आदर्श वाक्य - महिला - जीवन - स्वतंत्रता - नरगिस मोहम्मदी के समर्पण और कार्य को उपयुक्त रूप से व्यक्त करता है।

### नरगिस डीएचआरसी की वाइस प्रेसिडेंट

आपको बता दें कि नरगिस मोहम्मदी डिफेंडर ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर की वाइस प्रेसिडेंट है। उन्होंने इस्लामिक देश ईरान में मौत की सजा को खत्म करने और कैदियों के हक के लिए लड़ाई लड़ी। इस दौरान उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा।

### सबसे कम उम्र में नोबेल शांति पुरस्कार

नोबेल पुरस्कार के इतिहास में सबसे कम उम्र की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई को मिला है। उन्हें साल 2014 में शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उस वक्त मलाला यूसुफजई मात्र 17 वर्ष थी। वहीं अब तक के सबसे उम्रदराज नोबेल शांति पुरस्कार विजेता जोसेफ रोटब्लाट हैं, जिन्हें साल 1995 में पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, तब वो 87 वर्ष के थे।

### नरगिस मोहम्मदी जेल में हैं

नरगिस मोहम्मदी एक महिला, मानवाधिकार वकील और एक स्वतंत्रता सेनानी हैं। उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वतंत्रता के अधिकार के लिए उनके बहादुरी भरे संघर्ष की भारी व्यक्तिगत कीमत चुकानी पड़ी है। ईरान के इस्लामिक शासन ने उसे कुल मिलाकर 13 बार गिरफ्तार किया, पांच बार दोषी ठहराया और कुल 31 साल जेल और 154 कोड़ों की सजा सुनाई है। आपको बता दें कि नरगिस मोहम्मदी अभी भी जेल में हैं। 1901 से अब तक 104 नोबेल शांति पुरस्कार दिए किये जा चुके हैं। इनमे से 70 शांति पुरस्कार केवल एक विजेता को प्रदान किए गए हैं। इतिहास में अब तक 19 महिलाओं को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। वहीं कुल 27 अलग-अलग संगठनों को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### महिला की गैर इरादतन हत्या व नवजात शिशु की सौदेबाजी में 3 गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के प.सिंहभूम जिले के मनोहरपुर में एक महिला की असुरक्षित-गैर संस्थागत प्रसव के दौरान मौत और उसके नवजात शिशु को बेच डालने के आरोप में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला सामने आने के बाद चक्रधरपुर की एसडीओ रीना हांसदा के नेतृत्व में जांच के लिए टीम बनाई गई थी। टीम ने 24 घंटे में जांच कर मामले की जांच रिपोर्ट सौंपी, जिसमें पाया गया कि महिला का जानबूझकर असुरक्षित प्रसव कराया गया। इससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसके नवजात शिशु को साजिश कर बेच दिया गया। जांच रिपोर्ट मिलते ही डीसी के आदेश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सहिया साधना साहू, चांदू चंपिया तथा और बच्चे के खरीद-फरोख्त में शामिल गुड्डी गुप्ता को गिरफ्तार किया गया।

# बाल यौन शोषण सामग्री हटाएं या कार्रवाई का सामना करें : केंद्र

## एक्स, यूट्यूब और टेलीग्राम को नोटिस जारी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर), यूट्यूब और टेलीग्राम को नोटिस जारी कर उन्हें अपने प्लेटफॉर्म से भारतीय इंटरनेट पर किसी भी प्रकार की बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) को हटाने या कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी।

इन प्लेटफार्मों को दिए गए नोटिस में उनके प्लेटफार्मों पर किसी भी सीएसएएम तक पहुंच को शीघ्र और स्थायी रूप से हटाने या अक्षम करने के महत्व पर जोर दिया गया है। भविष्य में सीएसएएम के प्रसार को रोकने के लिए सामग्री मॉडरेशन एल्गोरिदम और रिपोर्टिंग तंत्र जैसे सक्रिय उपायों के कार्यान्वयन का भी आह्वान किया गया है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा, हमने एक्स, यूट्यूब और टेलीग्राम को यह सुनिश्चित करने के लिए नोटिस भेजा है कि उनके प्लेटफॉर्म पर ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### ईडी के समक्ष विफल हो रहे हेमंत सोरेन के हथकंडे, खेल रहे विक्टिम कार्ड : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जमीन घोटाले में ईडी के सामने हेमंत सोरेन के सारे हथकंडे विफल होते जा रहे हैं तो ऐसे में सिर्फ आदिवासी होने का विक्टिम कार्ड वह खेल रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासी कभी भी गलत रस्तों पर नहीं चलता ' आपने तो अपनी काली करतूतों से हम आदिवासियों के नाम को मिट्टी में मिलाने का काम किया है। सोरेन परिवार ने महज कुछ पैसों के लिए झारखंड आंदोलन को बेच दिया, रांची से लेकर संथाल परगना तक आदिवासियों की सैकड़ों एकड़ जमीनें हड़प लीं। बाबूलाल मरांडी ने सोरेन परिवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि परिवार ने सिर्फ. निजी लाभ के लिए दशकों से सबसे ज्यादा उन्हीं आदिवासियों का शोषण किया है। उनकी जमीन लूट ली है, जिन्होंने आपसबों पर भरोसा कर सर-आंखों पर बिठाया और फर्श से अर्श पर पंहुचाया। बाबूलाल ने कहा कि जब पंकज मिश्रा, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश जैसे लूट खतियानधारी लोगों के साथ मिलकर झारखंड और झारखंड के आदिवासियों को लूट रहे थे,

### बीएयू निदेशक अनुसंधान ने बागवानी अनुसंधान कार्यों की समीक्षा की



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. पीके सिंह ने उद्यान विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रयोगों का निरीक्षण किया और उनमें सुधार और संवर्धन संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अनुसंधान प्रक्षेत्र में लगाए गए मसाले की प्रायोगिक फसलों को देखा और सराहना की। बीएयू प्रक्षेत्र में हल्दी एवं अदरख के सात प्रयोग चल रहे हैं। उन्होंने भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत वित्त पोषित मसाला बीज उत्पादन क्षेत्र का भी अवलोकन किया। क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, दुमका में चल रहे हल्दी बीज उत्पादन कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। उन्होंने फसल प्रगति के निरीक्षण के लिए अन्वेषक डॉ. अरुण कुमार तिवारी को आवश्यकता अनुसार समय-समय पर दुमका जाने की भी सलाह दी। अवलोकन के दौरान उन्होंने उद्यान विभाग की नर्सरी को और वृहद रूप देने का सुझाव दिया ताकि विभाग आंतरिक राजस्व के मामले में और सबल हो सके। ड्रैगन फ्रूट एवं पपीता के पौधों की देखरेख एवं अन्तरकर्षण क्रिया के संबंध में भी उन्होंने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अन्त में डॉ अरुण कुमार तिवारी में धन्यवाद ज्ञापन किया।

### आदिवासी की गलत परिभाषा गढ़ रहे सीएम : समीर उरांव

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद समीर उरांव ने प्रदेश मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोला। उरांव ने कहा कि गरीबों आदिवासियों को लूटने वाले हेमंत सोरेन अपने बचाव में अब भावनात्मक मुद्दा उठाकर आदिवासी कार्ड खेल रहे। जिसे राज्य का आदिवासी समझ भली भांति समझ चुका है। आदिवासी का मतलब होता है स्वाभिमानी, परोपकारी, अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ने वाला। यह समाज भगवान बिरसा मुंडा, अमर शहीद सिदो कान्हु, चांद भैरव, तिलका मांझी, वीर बुधु भगत, नीलांबर पीतांबर का वंशज है। लेकिन मुख्यमंत्री अपने सोरेन परिवार की विशेषताओं को आदिवासी समाज से जोड़ कर बता रहे। जिसे बंद करना चाहिए। इससे आदिवासी महापुरुषों, शहीदों का अपमान होता है। समीर उरांव ने कहा कि मुख्यमंत्री के परिवार की खरीद बिक्री की पुरानी आदत है। पहले इनलोगों ने झारखंड आंदोलन को ही बेच दिया। आज झारखंड की स्मिता को बेच रहे और जमीन खरीद रहे। अपने दलालों, बिचौलियों के माध्यम से पत्थर, बालू, कोयला, लोहा सब बेचकर अपनी तिजोरी भर रहे। समीर उरांव ने कहा कि इनकी सरकार बनते ही चाईबासा में 7 आदिवासियों की नृशंस हत्या हुई। अमर शहीद सिदो कान्हु के वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या हुई। आदिवासी समाज की होनहार बेटी दरोगा रूपा तिर्की की संदेहास्पद मौत, गौ तस्करों के द्वारा तुपुदाना में दरोगा संध्या टोपनो की ट्रक से कुचलकर हत्या किस सरकार की उपलब्धि हैं। आदिवासी बेटी रुबिका पहाड़िया को टुकड़ों टुकड़ों में काटा गया, राज्य में हजारों आदिवासी बहन बेटियों की इज्जत को तार तार किया गया। होनहार आदिवासी युवक विकास मुंडा की हत्या किस सरकार की देन है। समीर उरांव ने कहा कि हेमंत सोरेन बताएं आदिवासी समाज की इस पीड़ा को दूर करने का आखिर क्या प्रयास मुख्यमंत्री जी ने किया।

### बेड़ो और लापुंग प्रखंड में जीवित्पुत्रिका का पर्व धूमधाम से आयोजित

**बेड़ो।** बेड़ो और लापुंग प्रखंड में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ जीवित्पुत्रिका का पर्व मनाया गया। इस मौके पर बेड़ो प्रखंड के दिघिया, तुको, बारीडीह, जरिया, पाकलमेडी, पुरियो, ईटाचिल्द्री, घाघरा, मासु, मुडामू, हरहंजी, पंडरा, जमनी, जहानाबाज, नरकोपी, तुतलो, मुरतो, महुगांव समेत दर्जनों गांवों में घर के आंगन और बेड़ो के महादानी मंदिर परिसर समेत अलग-अलग जगहों पर सामूहिक रूप से जितिया का डाल को गाड़कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। जहां माताओं ने अपने संतानों के दीघार्यु होने का भगवान से वर मांगा और उनकी खुशियों के लिए कामना किया। लापुंग प्रखंड के दोलैचा, डिंबा, चम्पाडीह,ककरिया, नावाटोली, सरसा, देवगांव, शाहेदा, बड़काकुरा, बोकरन्दा, लालगंज, सुकुरहुटू, परसा, दानेकेरा, कोयनारा, गुदगुद, कातिंगकेला, लेटे, पबिरा,सापुकेरा, महुगांव, हुलसू, जरिया, जमाकेल, उलगाडा, फतेहपुर, डाडी, रामाटोली अकमरोमा, मलगो, रायटोली, जातालोया समेत दर्जनों गांवों में जितिया के पर्व की धूम देखी गई। घर के आंगन में जितिया गाड़कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया।

# वनबंधु परिषद् की महिला समिति ने पोस्टर का किया अनावरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। रांची अध्याय की महिला समिति, जो 'वनबंधु परिषद्' का एक सक्रिय शाखा है और जनजातीय समाज के विकास के क्षेत्र में काम करती है। यह गांवों और शहरों के बीच एक संतुलन स्थापित करने का उद्देश्य रखता है। रांची महिला समिति द्वारा 16 और 17 अक्टूबर 2023 को स्वर्णभूमि बैंक्वेट्स में जीवनशैली प्रदर्शनी आयोजन किया जा रहा है। पोस्टर के अनावरण से इस प्रदर्शनी के लिए उलटी गिनती की शुरूआत होती है, जहां उपस्थित व्यक्तियों को एक दुनिया में डूब जाने का अवसर मिलेगा जो स्टाइल, शौक, और नवाचार से भरपूर होगा। प्रदर्शनी दोनों दिनों 11 बजे से लेकर 8 बजे तक चलेगी, जिससे आगंतुकों को जीवनशैली के विभिन्न उत्पादों और सेवाओं की विविध रेंज का खुलकर खोजने का समय मिलेगा। एकल संगिनी ने उपस्थित व्यक्तियों के लिए हैपी घंटों के दौरान विशेष आश्चर्य योजित किया है, जो 2 बजे से लेकर 4 बजे तक चलेगा। इस दौरान, आगंतुक छूट और ऑफर्स की उम्मीद कर सकते हैं, जो उनके खरीददारी अनुभव को और भी आनंदमय बनाएगा। समिति ने इसके अलावा कहा कि प्रदर्शनी के पहले 50 आगंतुकों को शानदार ऑफर्स जीतने का मौका मिलेगा। हम हमारी आगामी जीवनशैली प्रदर्शनी के लिए आधिकारिक पोस्टर का अनावरण करने के लिए उत्सुक हैं। सुनीता महांसरिया जो समिति के एक वरिष्ठ सदस्य एवं एकल संगिनी की संयोजिका हैं। इस प्रदर्शनी में अच्छी खरीददारी अनुभव प्रदान करने के लिए कई सारे ऑफर्स तैयार किये गए है।

### रातू हुरहुरी में सड़क हादसा, अनियंत्रित कार 10 फीट नीचे खेत में पलटा



**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी तीन सीमानी के पास एक अनियंत्रित मारुति कार 10 फिट नीचे खेत में पलटा गया। घटना शुक्रवार 2 बजे की है। कार में तीन युवक सवार थे। तीनों युवक काठीटांड पिर्रा के रहने वाले थे। हादसे में एक युवक को चोट आई है। जिसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक तीनों युवक मारुति 10 कार जेएच 01 सीएक्स - 6941 में सवार होकर आईटीबीपी की ओर निकले थे। हुरहुरी तीन सीमानी के घुमावदार मोड़ पर कार से अपना नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क से 10 फिट गहरी खेत में जाकर पलट गया।

### डीसी व एसपी ने केंद्रीय शांति समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

# आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाएगा दुर्गा पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में आगामी पर त्योहार को लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा सहित आगामी सभी पर्व त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया, साथ ही वैसे लोग जो समाज में सांप्रदायिक तनाव कायम करते हैं उन पर एक साथ मिलकर नजर रखने पर सहमति बनी ।

**पूजा के पूर्व होगा हर समस्या :** शांति समिति की बैठक में रांची डीसी और एसएसपी के सामने पूजा समिति के पदाधिकारियों ने दुगार्पूजा के दौरान बेहतर व्यवस्था को लेकर अपनी-अपनी बातें रखी। समिति के सदस्यों के द्वारा रांची डीसी से यह आग्रह किया गया कि षष्ठी के पहले पूजा पंडाल के आस पास की साफ-सफाई, पानी की व्यस्था, बिजली आपूर्ति और सुरक्षा के लिए विशेष कर महिला पुलिसकर्मियो की प्रतिनियुक्ति की व्यस्था मुकम्मल की जाय। पूजा समिति की मांग पर डीसी राहुल सुनने उन्हें भरोसा दिलाया है कि शांति समिति की बैठक में जो भी सुझाव सामने आए हैं उन पर अमल किया जाएगा। डीसी ने सभी पूजा समितियों से कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण के लिए संवेदनशील जानकारी प्रशासन को उपलब्ध करवाना सभी की जिम्मेवारी है उम्मीद है कि सभी इस पर खरे उतरेंगे।

**मनचलों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी**

बैठक में रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने दोनों समुदाय के लोगों को कहा कि पर्व त्यौहार आपसी भाईचारा के साथ मनाना सबकी जिम्मावरी है। एसएसपी के अनुसार किसी भी छोटी बात को बड़ा न बनने दें,कही अगर कोई गड़बड़ी नजर आती है तो फौरन पुलिस-प्रशासन को मामले की जानकारी दें। एसएसपी ने पूजा समितियो के सदस्यों को बताया कि पूजा पंडालों के आसपास मनचलों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, साथ ही विधि-व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी।

**सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर :** शांति समिति के बैठक में रांची पुलिस के द्वारा सभी पूजा समितियां और शांति समिति के सदस्यों को यह स्पष्ट शब्दों में बताया गया कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ फोटो, वीडियो और पोस्ट डालने वालो पर कड़ी कारवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट की शिकायत के लिए एक स्पेशल मोबाइल नंबर भी जारी किया जायेगा।

### प्रेमी प्रेमिका ने अपने घर से भागकर बेड़ो मंदिर में रचाई शादी



**बेड़ो।** बेड़ो के महादानी मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार को जरिया से भागकर एक प्रेमी प्रेमिका ने शादी रचाई। लड़का प्रदीप कुमार महतो बेड़ो जरिया नहरटोली का रहने वाला है। जबकि लड़की पूनम उरांव प्रखंड के मासु गांव की रहने वाली है। दोनों के बीच पिछले चार साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। लड़की का कहना है कि उसके परिजन किसी अन्य लड़के से उसकी शादी करना चाह रहे थे। इस कारण वह अपनी मर्जी से प्रदीप कुमार महतो के साथ बेड़ो महादानी मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में भगवान को साक्षी मानकर शादी कर ली। वही प्रदीप का कहना है कि फिलहाल वह बेरोजगार है। अगर उसके घर वाले इस शादी को नहीं मानेंगे तो वह बेड़ो में ही रह कर कुछ काम करेगा, ताकि जीवन यापन कर सके। मौके पर रमेश महतो सुमित तिर्की समेत कई लोग मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री का केंद्र से पहल का किया स्वागत

## बिहार के तर्ज पर राज्य में जल्द हो जाति गणना : राजेश गुप्ता




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा केंद्र सरकार से जाति आधारित जनगणना की मांग की है इसका राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा स्वागत करता है। परंतु राज्य सरकार बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातीय सर्वेक्षण या जाति गणना करें। जिससे झारखंड में निवास करने वाले खास करके ओबीसी समुदाय को न्याय मिल सके। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है। उन्होंने कहा है कि जाति जनगणना नहीं होने से राज्य में ओबीसी समुदाय को पंचायत चुनाव में आरक्षण से महरूम रहना पड़ा, शहरी नगर निकाय चुनाव में भी इसी कारण से रोकना पड़ा है। साथी वर्षों से ओबीसी का आरक्षण 14 परसेंट ही है। राज्य सरकार ने ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने का वादा किया था परंतु अभी तक बढ़ा नहीं है। श्री गुप्ता ने कहा है कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में 50% आरक्षण देने की अनुशंसा को लागू करें। साथ ही राज्य में स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय की भी गठन की जाए। दशकों से ओबीसी के साथ हो रहे नाइंसाफी अब बंद हो।

# सुदेश महतो की पहल पर शहर को सुंदर बनाने की हो रही कवायद



**सिल्ली।** सिल्ली शहर को सुंदर एवं भव्य बनाने के लिए सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के पहल पर रांची पुरलिया मार्ग सिल्ली बजार के फुटपाथ पर पेवर ब्लॉक लगाने के काम किया जा रहा है ।यह कार्य जहां शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए किया जा रहा है वहीं शहर में आ रही इन दोनों पार्किंग की समस्या से भी लोगों को निजात मिलेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह ने बताया कि इलाके के लोगों द्वारा लंबे समय से पार्किंग की समस्या खत्म करने के लिए मांग कर रहे थे। जिसके बाद ये कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसमें सिल्ली शहर में रहने वाले लोगों को भारी राहत मिलेगी और लोगों के वाहन उनके घरों के बाहर पार्क हो पाएंगे। ज्ञात हो कि सड़क किनारे पार्किंग की व्यवस्था नहीं रहने के कारण कई जगहों पर सड़कों पर ही वाहन लगाने पड़ते थे जिससे मुख्य मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी होती थी और वाहन चालकों के वाहनों का भी नुकसान होने का खतरा बना रहता था। लेकिन अब फुटपाथ पर पेवर ब्लॉक लगाया जा रहा है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त चुटिया थाना काण्ड सं0–98/2015, दिनांक–19.05.15 धारा–420/379/328/34, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभि0 1.ओम प्रकाश गुप्ता, पे0–राजेन्द्र गुप्ता, सा0–सिन्हा, थाना–सिन्हा ओ0पी(कृष्णागढ़), जिला–आरा (बिहार) के विरूद्व माननीय न्यायालय श्री शंभु महतों न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रॉंची के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri Shambhu Mahto J.M. Ranchi**

lustrative Format vide Cr.mil.p.no. 2722/19&w.pcr. 132/2020 Form No. 4

**Proclamation Requiring The Appearance of a Person Accused**

(see section 82 of the Criminal Procedure Code)

WHEREAS Complaint has been made before me that **Chutia P.S- 98/2015**

**Om prakash gupta, S/o-Rajendra Gupta,R/o-sinha p.s Krishnagarh(sinha o.p) Dist-Bhojpur(Bihar).**

has committed(or is suspected to have committed) the offence of theft punishable u/s-420,379,328,34 and it has been returned To a warrant of arrest there upon issued that the said Accused cannot be found,and whereas it has been shown to my satisfaction that the said om prakash Gupta has absconded( or is concealing himself to avoid the service of the said warrant); Proclamation is hereby made that the said Accused Namely om prakash Gupta Is required to appear (place Ranchi )before this court or before me to answer the said complaint at 7.30a.m/10.30 am on the 20th day of October 2023.

Time of Appearance: 7.30 A.M. (Morning Court)/10.30 A.M(Day Court)

(i) Date of Appearance: 20 day of October 2023 (iv) Place of Appearance Court of Sri Shambhu Mahto J.M Ranchi

**Sri Shambhu Mahto**
**J.M. Ranchi**

Dated, this 20.day of.september.2023

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की प्राथमिकी अभियुक्त ओम प्रकाश गुप्ता, कहीं मिलते/दिखाई देते है तो इसके संबंध में **वरीय पुलिस अधीक्षक / Court of Sri Shambhu Mahto J.M. Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक नगर,रॉंची। –9431706139

थाना प्रभारी चुटिया, रॉंची।–9431706165

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR308529 (Police)23-24*D

**न्यायालय नीलाम पत्र पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा।**

**आवश्यक सूचना**

जिला परिवहन कार्यालय, कोडरमा में निबंधित निम्न वाहनों के वाहन मालिकों द्वारा पथ कर का भुगतान नही किया जा रहा है। पथ कर भुगतान किये बिना वाहनों का परिचालन कानूनन अपराध है। अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से निम्न वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने नाम के सामने अंकित बकाया पथ कर राशि एवं अद्यतन राशि का भुगतान अविलंब ई–पैंमेट की माध्यम से सूचना प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर करते हुये पथकर की एक प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं कारणपृच्छा प्रस्तुत करें,अन्यथा वसूली हेतु नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

| S N o | REG NO | CLASS | Name & Address | Principal Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BR47G0063 | HGV | KAMLESH CHOUDHARY AT- PATIYA KHANDACHOUBE,DIST - SASARAM ROHTAS,BIHAR,Kodarma,Jharkhand | 82688 |
| 2 | BR47G0621 | HGV | MRS MANJU RAY AT-JHUMRI TELAIYA,KODERMA,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 83231 |
| 3 | BR47G0919 | LGV | SHANKAR PD. KESARI, KARIYATPUR, HAZARIBAG,HAZARIBAG,JHARKHAND,Kodarma, Jharkhand | 16800 |
| 4 | BR47G3100 | HGV | KARU SAW, AT-BORO PO-PACHAMBA,PS/DIST-GIRIDIH,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 87011 |
| 5 | CG04J0657 | HGV | TARKESHWAR MISHRA, 22/G, AT KHAIRAMAPUR,VILL GHOGHIYA ANCHAL MASHARAK,DIST SARAN BIHAR,Kodarma,Jharkhand | 144209 |
| 6 | HR38J6335 | HGV | LAKHAN PRASAD, AT-JHUMRI TELAIYA, DIST KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 101198 |
| 7 | HR47C7340 | HGV | R. KUMAR, AT-RAMPUR PS-CHOUPARAN,DIST-HAZARIBAG,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 96971 |
| 8 | HR578178 | HGV | BHAGIRATH BUDANIA, C/O RAJ KHAN HNO-152 WNO-17,BHADODIH,JHUMRITELAIYA M.NO-9812153084,Kodarma,825409 | 95000 |
| 9 | HR67A4126 | HGV | SATYAWAN, C/O MINHAJ ALI TIWARI BANGLAW, JALWABAD, KODERMA M.NO-8294976534,Kodarma,Jharkhand,825410 | 95000 |
| 10 | JH01G9105 | HGV | VIKASH PRASAD, JALWABAD, NAGARKHARA,KODERMA M.NO-9570213429,Kodarma,Jharkhand,825410 | 54400 |
| 11 | JH02A4530 | LGV | SMIT RUPAN DEVI, P.S. BAGODAR GIRIDIH,JHUMRI TELAIYA KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 28959 |
| 12 | JH02D7515 | HGV | RAJNISH KUMAR, DEVI MANDAP ROAD,JMT KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 65000 |
| 13 | JH05AK0608 | MGV | MOHIT CHOUDHARY, JUNKUNDER BHRAMSTAN,NIRSA CUM CHIRKUNDA, DHANBAD M.NO-9931676263,Dhanbad,Jharkhand,828202 | 55935 |
| 14 | JH09D1479 | HGV | SURAJ SINGH, COLDIHA MOHALI CHUWAN,GIRIDIH,GIRIDIH M.NO-7739377102,Giridih,Jharkhand,815301 | 90000 |
| 15 | JH12A0092 | HGV | MR ARJUN YADAV AND JOGESHWAR YADAV NEUROH NAWADIH,DOMCHANCH,KODERMA,Jharkhand | 65000 |
| 16 | JH12A0655 | LGV | PRAKASH RAVIDAS, AT-KARIYATPUR PO-BARSOT PS-BARHI,DIST-HAZARIBAG MNO-9631512552,JHARKHAND, | 28087 |
| 17 | JH12A1436 | HGV | NEELMANI KUMAR SINHA SURIYA PURVI STATION ROAD BARKI,SARAIYA DIST -GIRIDIH 8651713926,JHARKHAND,Giridih,Jharkhand | 47600 |
| 18 | JH12A2219 | HGV | MR DISHUN LAL MEHTA BIGHA,PHOLWRIYA,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 78467 |
| 19 | JH12A4601 | HGV | MR PARSURAM CHOUHAN, BY PASS ROAD JHUMRITELAIYA,KODERMA,KODERMA,Jharkhand,825409 | 90000 |
| 20 | JH12A4701 | LGV | M/S MODI MICA ENRERPICESE, RANCHI PATANA ROAD,JHURMITELAYA,KODERMA,Jharkhand,825409 | |
| 21 | JH12A4702 | HGV | M/S SUNNY CANSTRUCTION, GANDHI SCHOOL ROAD,JHUMRI TELAIYA,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 49400 |
| 22 | JH12A4827 | HGV | JITENDRA KUMAR JAIN VILL-MARWADI MOHALLA SADAR,DIST-CHATRA MNO-9431140388,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 44200 |
| 23 | JH12A4969 | HGV | MR MAHABIR PRASAD JHUMRITELAIYA,KODERMA,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 44200 |
| 24 | JH12A5427 | HGV | JAGDISH YADAV, VILL-KHEDOVAR PO-PS-JAINAGAR,DIST-KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 64600 |
| 25 | JH12A5435 | HGV | UMASHANKAR MANDAL, H.NO. 79 VILL GAPPAIE,PO BADDIHA DIST GIRIDIH,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 134956 |
| 26 | JH12A6186 | HGV | SANDEEP KUMAR SINGH AT BASANI MOHAN DADBA,DIST KAIMUR,BIHAR,Kodarma,Jharkhand | 127808 |
| 27 | JH12A6465 | HGV | M/S SARVAYA LOGI & CONS PVT LTD AJAY KUMAR YADAV S/0 RAMCHANDRA,YADAV KANDRAPADIH HIRODIH9973520231,PS JAINAGAR KHEROBAR DIST KODERMA,Kodarma,Jharkhand,825409 | 51000 |
| 28 | JH12A6606 | HGV | AYODHYA SINGH, MURADABAD KHURD,MUFFASIL SASARAM,ROHTAS M.NO-7739629710,Rohtas,Jharkhand,821113 | 143167 |
| 29 | JH12A6711 | HGV | R.D.PD. MEHTA AND B.K. MEHTA, CHAMPADIH SURTPURA,HAZARIBAG,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 65015 |
| 30 | JH12A6744 | HGV | ABHIMANAU KUMAR SINGH NAWADA BASTI,JHUMRITELAIYA,KODERMA,Jharkhand | 75000 |
| 31 | JH12A6752 | HGV | JAI DURGA IRON PVT LTD I/C KRISHNA KUMAR AGRAWAL RANCHI,PATNA ROAD JHUMRITELAIYA,KODERMA JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand,825409 | 51000 |
| 32 | JH12A6807 | HGV | MR MANOJ YADAV OLD BUS STEND,JHUMRITELAIYA,KODERMA,Jharkhand | 87319 |
| 33 | JH12A6892 | HGV | AQBAL AHMAD, JALWABAD, KODERMA,KODERMA M.NO-9708959709,Kodarma,Jharkhand,825410 | 57800 |
| 34 | JH12A7256 | HGV | RAMESH YADAV, WNO-04 AT/PO-KARMA PS-JHUMRITELAIYA,DIST-KODERMA MNO-9973420957,JHARKHAND,Kodarma,825409 | 70000 |
| 35 | JH12A7407 | HGV | RAJESH SINGH, VIDYA NAGAR COLONY,AT/PO NIRSHA,DIST DHANBAD JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 102214 |
| 36 | JH12A7547 | HGV | KANCHAN KUMAR AT/PO-DOHADA PS-NARDIGANJ,DIST-NAWADA,BIHAR,,Jharkhand | 91726 |
| 37 | JH12A7555 | HGV | MAHESH RAM, VILL TELAIYA BASTI WARD NO. 10,PO/PS JHUMRITELAIYA,DIST KODERMA JHARKHAND,Kodarma | 75000 |
| 38 | JH12A7650 | LGV | M/S M.M. ROLLER,ENTERPRISES C/O ASRAR KHAN,KATHADIH PO-HIRODIH PS-JAI NAGAR,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 33363 |
| 39 | JH12A7792 | HGV | KAILASH YADAV CHAINPUR,DOMCHANCH,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 81200 |
| 40 | JH12A8229 | HGV | G MODI & M K PANCH, KODERMA GIRIDIH BY PASS ROAD,KODERMA,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 73352 |
| 41 | JH12A8665 | HGV | KRISHNA MEHTA, NAWADIH,BEHRADIH,DOMCHANCH M.NO-9939325989,Kodarma,Jharkhand,825407 | 103154 |
| 42 | JH12A8684 | HGV | AMIN ANSARI, VILL-PARBAHAL PO-GAMHARIYA CHANDAN,KIYARI DIST-BOKARO 7602332597,JHARKHAND,Bokaro,Jharkhand | 83086 |
| 43 | JH12A8800 | LGV | SURESH PRASAD GOUSHALA ROAD,JH TELAIYA,KODERMA,Jharkhand | 22400 |
| 44 | JH12A8802 | HGV | MADAN MOHAN MEHTA MASNODIH,DOMCHANCH,KODERMA | 79703 |
| 45 | JH12A9009 | HGV | MS GOLDEN ROAD LINES, I/C VIKASH KUMAR,FLAT NO 508 KALI TOWER LALPUR,RANCHI M.NO-7857914751,Ranchi,834001 | 101348 |
| 46 | JH12A9101 | LGV | BHUPESH KUMAR, AT-JHUMRI TELAIYA,DIST-KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand,999999 | 15600 |
| 47 | JH12A9111 | HGV | RANJAN KUMAR, PANCHU MASJID GALI HISUA,DIST-NAWADA MNO-9934482161,BIHAR,,Jharkhand | 103992 |
| 48 | JH12A9282 | HGV | MR. ASHOK CHAKRAVARTI, AT +P.O DOMCHANCH,DIST KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 119576 |
| 49 | JH12A9354 | HGV | DEEPAK KUMAR SHARMA, HNO-83A AT/PO-KULGO,DIST-GIRIDIH MNO-9931311460,JHARKHAND,Giridih | 69600 |
| 50 | JH12A9602 | HGV | SERAJ ANWAR, VILL-MAHUA TOLA PO-MUSADPUR,PS-BIHARSHARIF DIST-NALANDA,BIHAR,Kodarma,Jharkhand | 75000 |
| 51 | JH12A9604 | HGV | MR KANCHAN KUMAR JHUMRITELAIYA,KODERMA,KODERMA,Jharkhand | 87719 |
| 52 | JH12A9613 | HGV | MANOJ KUMAR SINGH, NEAR GAYATRI MANDIR,PO/PS JHUMRITELAIYA,DIST KODERMA JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 70000 |
| 53 | JH12A9798 | LGV | MD TASALIM, BANDIYO,BIRANI,CHANDRAPURA M.NO-9955549566,Bokaro,Jharkhand,829132 | |
| 54 | JH12A9866 | HGV | SHAMBHU RAY DHAMNIYA,MADUPUR JAMUI,JHARKHAND,Kodarma | 82385 |
| 55 | JH12A9874 | LGV | VIJAY PRAJAPATI, LUPUNG,KATKAMSANDI,HAZARIBAG M.NO-8986703009,Hazaribagh,Jharkhand,825319 | |
| 56 | JH12A9891 | HGV | KHEMLAL PANDIT/DILIP PANDIT MADANGUNDI BARHI,DIST-HAZARIBAG,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 90000 |
| 57 | JH12A9908 | HGV | RAM PRASAD YADAV, 56, VILL NERPUR PS.NO. 64,PO DOMCHANCH DIST KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand,825418 | 136899 |
| 58 | JH12A9925 | HGV | SMT. KUSUM DEVI AT LOKAI PO INDARWA,DIST KODERMA,JHARKHAND | 120477 |
| 59 | JH12A9998 | HGV | PRAVEEN KUAMR AT- LOKAI,DIST- KODERMA,JHARKHAND | 54400 |

उपरोक्त स्तम्भ 05 में अंकित राशि के साथ अद्यतन विलंब शुल्क भी देय होगा।

जिला परिवहन पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 308487 (Transport) 23-24 (D)

## गागर में सागर

### हटिया रेलवे स्टेशन पर तस्करी का आरोपी गिरफ्तार, एक लाख का गांजा बरामद

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के पास एक तस्कर को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। इसके पास से आठ किलो गांजा बरामद किया गया है। बरामद गांजा का बाजार मूल्य एक लाख रुपये है। आरपीएफ के उपनिरीक्षक महेश चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ यात्री सुरक्षा की फ्लाइंग टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के पास एक व्यक्ति को संदेहास्पद अवस्था में देखा। इसके बाद उसे रोककर पूछताछ किया। उसने नाम विजय सिंह बताया। उसके बैग को चेक करने पर उसके अंदर आठ किलो गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्कर को राजकीय रेल पुलिस हटिया को कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है।

### रांची की डॉ. अर्चना पेरिस में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेने जाएंगी




**रांची।** रांची के बूटी मोड़ स्थित माना देवी लक्ष्मण मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एमडीएलएम) की चिकित्सा निदेशक डॉ. अर्चना अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने पेरिस जायेंगी। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना पाठक पेरिस में आयोजित इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ गायनोकोलॉजी एंड ऑब्स्टेट्रिक्स (फिगो) के 25वें वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए जा रही है। पेरिस के इंटरनेशनल कन्वेंशनल सेंटर में नौ से 13 अक्टूबर तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में सेफ मदर हुड कमेटी, फॉग्सी के सदस्य के रूप में डॉ. अर्चना पाठक वहां अपना प्रेजेंटेशन देंगी।

### मानवाधिकार ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए गए शहजाद



**रांची।** मानवाधिकार ऑर्गेनाइजेशन एंड एंटी करप्शन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद कुरैशी को बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अहमद ने समाजसेवी शहजाद कुरैशी को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शहजाद कुरैशी के सामाजिक कार्यों को देखते हुए इन्हें ये पद दिया गया है। उम्मीद है कि वह अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करेंगे। शहजाद कुरैशी ने मानवाधिकार ऑर्गेनाइजेशन एंड एंटी करप्शन ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाये जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अहमद, प्रदेश अध्यक्ष सोहैल अनवर एवं संगठन की राष्ट्रीय टीम का आभार व्यक्त किया। शहजाद ने कहा कि नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाऊंगा, जहां भी मानवाधिकार का हनन होगा वहां हर तरीके से मदद के लिए खड़ा रहूंगा। शहजाद कुरैशी को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाये जाने पर लोगों ने भी बधाई दी है।

### एनएचएम ने दे दिया पैसा, फिर भी हॉस्पिटल में नहीं मिल रही हीमोफीलिया मरीजों को दवाएं

**रांची।** रक्त संबंधित विकार हीमोफीलिया एक तरह की ब्लीडिंग डिसऑर्डर है। यह जेनेटिक रोग है और बहुत ही कम लोगों में पाया जाता है। इस बीमारी से पीड़ित मरीजों के रक्त का थक्का जमने की प्रक्रिया धीमी पड़ जाती है। चोट लगने-कटने पर रक्त स्राव नहीं रुकता है। वैसे मरीजों को फैक्टर दिया जाता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के द्वारा राज्य के 9 जिला अस्पताल समेत 3 मेडिकल कॉलेज, जिनमें रिम्स रांची, एमजीएमएमसीएच जमशेदपुर और एसएनएमएमसीएच धनबाद अस्पताल को राशि का आवंटन कर दिया गया है। बावजूद इसके फैक्टर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हीमोफीलिया मरीजों को दवाएं नहीं मिल पा रही है। इस विषय को लेकर एनएचएम रक्त कोषांग के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ एसपी शर्मा ने रांची, दुमका, गिरिडीह, पलामू, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, कोडरमा, सरायकेला के सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी और निदेशक रिम्स, अधीक्षक एमजीएमएमसीएच जमशेदपुर और एसएनएमएमसीएच धनबाद को पत्राचार कर फैक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। फैक्टर नहीं मिलने के संबंध में हीमोफीलिया सोसायटी रांची के सचिव संतोष कुमार जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को पत्र भेजा है। जीवन रक्षक दवा फैक्टर श्क्क्क् क, बोन विलब्रांड डिजीज (वीओएन), फैक्टर एमआईएमआईसी (एमिसिजुमा) की उपलब्धता आवश्यकता के अनुसार करने का मांग की है।

## पेसा कानून लागू करने के लिए कांग्रेस ने निकाली अधिकार यात्रा

# बापू के अनुयायी टाना भगत भी हुए शामिल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में पेसा एक्ट को उसके मूल रूप में शामिल करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने पेसा अधिकार यात्रा निकाली। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सरकार से पेसा कानून को मूल रूप में लागू करने की मांग की। इस दौरान यात्रा रांची के मोरहाबादी मैदान से कोकर स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा के समाधि स्थल तक निकाली गई। यात्रा में ये कांग्रेस नेता थे शामिलः इस अधिकार यात्रा में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सह राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता शामिल हुए। पेसा अधिकार यात्रा कि खासियत यह रही कि इसमें पांच जिलों से कांग्रेस के जनजातीय समुदाय के लोग भी पहुंचें थे। वहीं बड़ी संख्या में बापू के अनुयायी टाना भगत भी शामिल हुए।राष्ट्रीय महासचिव अविनाश ने क्या कहाः राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे ने कहा कि 1996 में पेसा कानून उनके नेता राहुल गांधी के प्रयास से लागू हुआ था। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व्यवस्था में सत्ता के अधिकार वहां के स्थानीय लोगों के पास हो। अविनाश पांडे ने कहा कि इससे पहले उनके नेता राजीव गांधी ने ही देश में पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण राजीव गांधी की इच्छा से हुई है। सोनिया गांधी ने इसके लिए हर तरह का सहयोग किया। कांग्रेस शुरू से ही अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी के हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ती रही है। कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष ने क्या कहाः कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य की सरकार नियमावली बनाकर राज्य में पेसा कानून लागू करने की ओर आगे बढ़ रही है। कांग्रेस की मांग है कि पेसा कानून उसी रूप में धरातल पर उतरे जैसी कल्पना की गई थी। गौरतलब है कि कांग्रेस के पेसा अधिकार यात्रा में गांव में पेसा कानून लागू होने के बाद की व्यवस्था को प्रदर्शित करती एक झांकी भी निकाली गई थी जो आकर्षण के केंद्र में था।

### सांसद निशिकांत दुबे होम अफेयर्स की पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी के लिए नामित

**रांची।** गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को होम अफेयर्स की पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी के लिए नामित किया गया है। दुबे इस पैनल में पार्टी की नेता किरण खेर की जगह नियुक्त होंगे। डॉ. निशिकांत दुबे भाजपा के बेहद तेजतर्रार नेता माने जाते हैं। वह पहले भी कई मुद्दों पर विपक्षी सांसदों से अकेले भिड़ चुके हैं। भाजपा ने हाल ही में सम्पन्न हुए संसद के विशेष सत्र में लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर बोलने के लिए डॉ. निशिकांत दुबे को ओपनिंग स्पीकर के तौर पर चुना था। निशिकांत दुबे का नाम तब सामने आया जब कमेटी के पास बहस के लिए इस समय तीन अहम क्रिमिनल बिल भारतीय न्याय संहिता बिल-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बिल-2023 और भारतीय साक्ष्य बिल-2023 हैं।

## बस संचालकों पर सवारियों से मनमाना किराया वसूलने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरकार द्वारा बस का किराया ना बढ़ाने के निर्देश के बाद भी संचालकों ने बस का किराया बढ़ा दिया है। बस संचालकों पर रांची से बुंडू जाने वाली सवारियों से मनमाना किराया वसूलने का आरोप है। इतना ही नहीं बस किराया नहीं देने पर संचालक यात्रियों के साथ मारपीट भी करते हैं। रांची बुंडू मार्ग पर शुक्रवार को बस वालों की ऐसी ही मनमानी देखने को मिली। एक बस के संचालक ने सवारी से 20 रुपये ज्यादा किराया मांगा। जब उसने मना किया तो उसे लात-घूसे मारकर बस से बाहर निकाल दिया गया। बता दें कि बुंडू से रांची की दूरी महज 40 किमी है और 80 रुपये भाड़ा लगता है। लेकिन बस संचालक सवारियों से मनमाना किराया वसूलते हैं। बस स्टेशन पर कहीं बस किराये का कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। बसों में भी किराये का कहीं कोई बोर्ड नहीं लगा है। इसी वजह से बस संचालक मनमाना किराया वसूली रहे हैं।

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले पशु चिकित्सक 17 अक्टूबर को होंगे सम्मानित



**रांची।** राज्य में कार्यरत ऐसे पशु चिकित्सकों को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग आगामी 17 अक्टूबर को सम्मानित करेगा जो औसतन आधारभूत संरचना के बावजूद बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। यह जानकारी पशुपालन निदेशक आदित्य रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और विभागीय सचिव अबूबकर सिद्दिकी के निर्देश पर पशुपालन विभाग द्वारा राज्य के करीब 450 पशु अस्पतालों का अससमेंट किया जा रहा है। विभाग द्वारा एक फॉर्मेट तैयार किया गया है जिसमें क्लीननेस, विजीबिलिटी एंड सेटअप ग्रीन कैंपस, दैनिक सेवा और डॉक्टर्स और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति के आधार पर सभी पशु अस्पतालों का असेसमेंट किया जा रहा है। निदेशक ने बताया कि मार्किंग शीट में जिन अस्पतालों को बेहतर प्रदर्शन होगा, उन्हें सम्मानित किया जायेगा। विभाग ने जो फॉर्मेट तैयार किया है वह नो कॉस्ट और लो-कॉस्ट पर आधारित है और सभी अस्पतालों को निरीक्षण एक टीम द्वारा किया जा रहा है।

# माइक्रोप्लान के साथ काम करने पर भारत होगा मलेरिया मुक्त : अरुण सिंह




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरूण कुमार सिंह ने कहा कि माइक्रोप्लान के साथ काम करने पर मलेरिया मुक्त भारत होगा। उन्होंने कहा कि माइक्रोप्लान के साथ काम करने पर हम वर्ष 2027 तक जीरो केस और 2030 तक मलेरिया मुक्त भारत बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने क्षेत्रों से मलेरिया को खत्म करने के सामान्य उद्देश्य की दिशा में नौ राज्यों की ओर से की गई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा और निगरानी करने के लिए एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए अब तक की गई प्रगति पर सामूहिक रूप से विचार करने, एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने और मलेरिया मुक्त भविष्य के लिए आगे बढ़ने का रास्ता तैयार करने का अवसर है। सिंह शुक्रवार को कैपिटल हिल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे सामने एक महत्वपूर्ण कार्य है,अपने प्रयासों का आलोचनात्मक मूल्यांकन करना और आगे बढ़ने की योजना बनाना। इस अवधि के दौरान हमारी चचाएं, बहसें और विचारों का आदान-प्रदान एक प्रभावी रोडमैप का आधार बनेगा जो हमारे राज्यों को मलेरिया मुक्त वातावरण की दिशा में मार्गदर्शन कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमें विभिन्न राज्यों के विशेषज्ञों, हितधारकों और प्रतिनिधियों की उपस्थिति का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, हमें इस मंच का उपयोग नए सहयोग बनाने और अपनी कार्यान्वयन रणनीतियों को मजबूत करने के लिए करना चाहिए। मौके पर केंद्रीय संयुक्त सचिव स्वास्थ्य विभाग डॉ राजीव मांझी ने कहा कि मिरजोरम, हिमाचर प्रदेश, अरुणाचर प्रदेश को मलेरिया उन्मूलन की दिशा में ज्यादा काम करने की जरूरत है। उन्होंने झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी में भी मलेरिया प्रसार की दिशा में सही रणनीति के साथ काम करने की दिशा में बल दिया। एनवीबीडीसीपी की केंद्रीय निदेशक तनु जैन ने कहा कि यह मीटिंग ऐसे समय में हो रही है जब देश में कई राज्य मलेरिया की विभिषिका से जूझ रहे हैं, यह समय बेहतर काम करने वाले राज्यों में किए जा रहे नवाचार को साझा करने का अवसर है। मौके पर राष्ट्रीय वैक्टर बोन डीजीज कार्यक्रम के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ बीरेंद्र कुमार सिंह, एनवीबीडीसीपी की केंद्रीय संयुक्त निदेशक डॉ रिंकू शर्मा, राष्ट्रीय सलाहकार डॉ सीएस अग्रवाल, डेवलपमेंट पार्टनर्स सहित विभिन्न राज्यों के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, परामर्शी और उनकी टीम शामिल थे।

## रांची के श्री जगन्नाथ मैदान में विहिप का आठ को होगा धर्मसभा का होगा आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष ने कहा कि रांची के धुर्वा स्थित श्री जगन्नाथ मैदान में आठ अक्टूबर को धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल के की ओर से चलाए जा रहे देशव्यापी शौर्य जागरण यात्रा में झारखंड के चार दिशाओं खूंटी, चतरा, पलामू और दुमका से निकलकर शौर्य जागरण यात्रा रथ सफलता पूर्वक 156 सभा करते हुए रांची के श्री जगन्नाथ मैदान धुर्वा पहुंच रहा हैं। आठ अक्टूबर को धर्मसभा सभा का आयोजन किया जाएगा। इस सभा में समस्त हिंदू समाज को अमंत्रित किया गया हैं ,जिसमे संतझ्रमहंत के अलावा, अलगझ्रअलग हिन्दू संगठन और झारखंड प्रांत के सभी जिला से लोग आ रहें हैं। इस सभा में संतझ्रमहंत एवं अखिल भारतीय अधिकारियों की ओर से सभा को संबोधित किया जाएगा। रायपत शुक्रवार को एयरपोर्ट रोड स्थित होटल ग्रीन एकर्स में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीरामलला का मंदिर का आमंत्रण सभी जिलों में होता हुआ रांची आ रहा है और सभी स्थानों में इस यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इतनी खराब मौसम होने के बावजूद भी श्रीराम भगत की ओर से रथ का स्वागत जोर-शोर से सभी स्थानों में किया गया। आठ अक्टूबर के धर्म सभा से पूरे प्रांत और राष्ट्र को एक संदेश भी जायेगा। उन्होंने कहा कि आज धर्म विरोधी शक्तियां हर क्षेत्र में संगठित होकर बहुत तेजी से कार्य कर रहीं हैं और देश को बाटने का कार्य कर रहीं हैं। भारत में धर्म विरोधी गतिविधि बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका निशाना हिंदू धर्म समाज के लोगो को बनाया जा रहा है। आज आतंकवाद, अलगाववाद, जिहाद, घुसपैठ, धर्मांतरण, गौहत्या, जैसी घटनाएं आम होते जा रही है। धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा हैं।

## जाम की समस्या से निपटने के लिए तैयार की गई क्विक एक्शन ट्रैफिक टीम

# 10 दिनों के अभियान में 5 लाख का कटा चालान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए अब स्पेशल टीम का गठन किया गया है। रांची एसएसपी के निर्देश में क्विक एक्शन ट्रैफिक टीम का गठन कर शहर को जाम मुक्त करवाने की शुरूवात की गई है। क्विक एक्शन ट्रैफिक टीम में पुलिस के साथ साथ रांची नगर निगम की टीम को भी शामिल किया गया है। राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था बेहद लचर हो चुकी है। पिछले 10 दिनों के अभियान के दौरान लगभग 5 लाख का चालान कट चुका है। एसएसपी से लेकर तमाम थानेदार सड़क पर उतर कर अभियान चला चुके हैं। अतिक्रमण की वजह से हो रहे सड़क जाम से पब्लिक को राहत नहीं दिलवा पाए। अभियान खत्म होते ही एक बार फिर स्थिति पुरानी जैसे ही हो जाती है। थक हारकर रांची एसएसपी ने एक स्पेशल टीम का ही गठन कर दिया जो दिन भर सिर्फ ट्रैफिक को लेकर अभियान ही चलाएगी। शहर में कहीं भी अगर अतिक्रमण की सूचना मिलेगी टीम तुरन्त वहां कूच करेगी। राजधानी को जाम मुक्त बनाने के लिए पुलिस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। अवैध पार्किंग, सड़कों के ऊपर अवैध रूप से चल रही दुकानों के साथ साथ अनडिसीप्लिन्ड पार्किंग राजधानी में जाम की मुख्य वजहें है। इन सब पर कार्रवाई के लिए 20 सितंबर से ही अभियान शुरू किया गया है। अब तक इसे अभियान में 200 से ज्यादा वाहनों के चालान काटे गए, दुकानदारों को भी चेताया गया, 100 से ज्यादा ठेलों को जब्त किया गया। इन सब के बावजूद रांची के लोगों को जाम से मुक्ति नहीं मिल सकी है। इधर जैसे ही अभियान खत्म होता है वैसे ही दुकानदार और दूसरे लोग तुरंत सड़कों का अतिक्रमण कर दुकान लगा देते हैं। अब पुलिस दिनभर सिर्फ अतिक्रमण अभियान तो चला नहीं सकती है। इसी का फायदा सड़क के किनारे वाले दुकानदार उठा रहे हैं। यही वजह है कि पुलिस के द्वारा अब ट्रैफिक के लिए भी क्विक रिस्पांस टीम का गठन कर दिया गया है ताकि यह टीम दिन भर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए काम करते रहे।



## गागर में सागर

### गिरिडीह : पूर्व विधायक के समक्ष कई लोगों ने ली झामुमो की सदस्यता

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा अनुसूचित मोर्चा की बैठक परसन ओपी के सामने हीरा दास के आवास पर 6 अक्टूबर को आयोजित हुई. बैठक की अध्यक्षता हीरा दास ने की. बैठक में बलदेव दास, अनंत सिन्हा, मोवीद अंसारी, गोलू दास, सुमित्रा देवी, कुंती देवी, आलम अंसारी आदि ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. बैठक में अनुसूचित मोर्चा के बैनर तले जन सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया. बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन सिंह, मिथिलेश रजक, जितेंदर रविदास, विनोद राय, राम रतन रवानी, अशोक पासवान, राजकुमार, लाल यादव आदि उपस्थित थे.

### बोकारो : जरीडीह में युवती ने हाथ की नस काटकर की आत्महत्या

**बोकारो।** जरीडीह थाना इलाके के गायछंदा पंचायत के तीरो गांव के लंगटाटांड़ टोले में एक युवती ने प्रेम प्रसंग में हाथ का नस काटकर आत्महत्या कर ली. जानकारी के अनुसार लंगटाटांड़ निवासी रूपलाल सिंह की 23 वर्षीय पुत्री पिंकी कुमारी 5 अक्टूबर की रात खाना खाने के बाद छत पर गयी और उसने धारदार हथियार से अपनी बांयी हाथ की नस काट ली. नस काटने के बाद वह चुपचाप अपने बिस्तर में आकर सो गयी. सुबह जब बेटी के कमरे में उसकी मां गयी तो पूरा बिस्तर खून से भींग गया था. उसे जगाने की कोशिश की गयी, लेकिन तब तक वह मर चुकी थी. आनन-फानन में घरवाले मृतका के दाह संस्कार की तैयारी कर रहे थे, इस बीच स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने घटना की सूचना जरीडीह पुलिस को दे दी. घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई. सूचना मिलने के बाद शुक्रवार सुबह जरीडीह पुलिस बल लंगटाटांड़ पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को चास अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया.

### बोकारो : तालाब में डूबकर बीएसएल कर्मी की मौत, छाया मातम

**बोकारो।** पेटरवार थाना इलाके के कोजरम गांव में तालाब में डूबकर टांड बालीडीह के बड़कीटांड निवासी बीएसएल कर्मी गोविंद मांझी (58) की मौत हो गई. घटना 5 अक्टूबर के रात की है. रात में ही पेटरवार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाना चली गई, वही घटना को लेकर परिजनों को जानकारी दी. गोविंद मांझी शाम को अपनी बाइक से एक अंतिम संस्कार में भाग लेने पहुचा था. जहां से वह अपनी बाइक लेकर रात में टांड बालीडीह के लिए निकला था. उसी दौरान बाइक को खड़ी कर शौच को तालाब के पास गया उसी दौरान वह तालाब में डूब गया. जब रात में लोग उस रास्ते से गुजर रहे थे वो उस पर लोगों की नजर पड़ी. लोगों ने शव को तालाब से निकाल कर पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की सुबह परिजनों के आने पर शव पोस्टमार्टम के बाद सौप दिया. वही घटना को लेकर यूडी केश दर्ज किया गया है.

### जुए के अड्डे पर पुलिस की छापेमारी आठ बाइक जब्त, एक धराया

**जमशेदपुर।** परसुडीह पुलिस इन दिनों जुआ के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है. इसी क्रम में पुलिस ने गुरुवार देर रात ग्वाला पट्टी में छापेमारी कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है. मौके से आठ बाइक भी जब्त की गई है. मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने बीते दिनों परसुडीह बाजार में छापेमारी की थी. पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली थी कि ग्वाला पट्टी निवासी विनोद यादव अपने घर के पास जुआ अड्डा का संचालन करता है. सूचना पर परसुडीह पुलिस ने देर रात धावा बोला. इस दौरान मौके पर मौजूद लोग पुलिस को देखकर भागने लगे. हालांकि एक व्यक्ति पुलिस के हत्थे चढ़ गया. पुलिस पकड़े गए शख्स से थाना में पूछताछ कर रही है.

### गिरिडीह : सिद्धू-कान्हू युवा क्लब का चुनाव 10 को, नामांकन शुरू

**गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के सिद्धू-कान्हु युवा क्लब का चुनाव आगामी 10 अक्टूबर को संपन्न कराया जाएगा. इसको लेकर 06 अक्तूबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 8 अक्टूबर तक चलेगा. नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए 12, सचिव के लिए 9, उपाध्यक्ष के लिए 7 व कार्यकारिणी सदस्य के लिए 13 लोगों ने नामांकन किया है. गांडेय के प्लस टू हाई स्कूल में मतदान की प्रक्रिया संपन्न करवाई जाएगी. दस अक्टूबर को ही मतगणना कर परिणाम घोषित किया जायेगा. प्रखंड स्तरीय क्लब के गठन के बाद गांडेय के सभी 260 गावों में सिद्धू-कान्हू क्लब का गठन किया जायेगा.

### लगातार बारिश से चपुआडीह पंचायत में कई मकान क्षतिग्रस्त

**गिरिडीह।** विगत छह दिनों से लगातार हुई झमाझम बारिश से चपुआडीह पंचायत अंतर्गत कई लोगों के कच्चे घर क्षतिग्रस्त हो गए. पंचायत के विभिन्न गांवों में कच्चे घर बारिश के कारण गिर गए. इससे पीड़ित परिवारों के सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है. पंचायत के बच्चा नावाडीह में मो अजीम, मो पुटला, मो मंजूर व शमा परवीन का घर बारिश के कारण गिर गया है. पीड़ित परिवार ने प्रशासनिक अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है. 6 अक्टूबर को बारिश थमने के बाद पंचायत के मुखिया मो शमीम पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया.

# झूठे आरोप से आहत युवक ने जहर खाकर दे दी जान



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** निरसा थाना क्षेत्र के भलजोरिया निवासी 55 वर्षीय तपन दास ने भगनी के साथ अवैध सम्बन्ध होने का झूठे आरोप लगाए जाने से आहत हो कर जहर खाकर जीवनलीला समाप्त कर ली. घटना 26 सितंबर की है. स्थानीय पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गयी. कोई कार्रवाई होते न देख युवक ने स्वयं का वीडियो वरीय आरक्षी अधीक्षक को 29 सितंबर को दिया और इसी बीच उसने जहर खा लिया. हालत गम्भीर होते देख शुभचिंतक धनबाद एसएनएमएमसीएच ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. जहर खाने के पहले तपन दास ने एसएसपी को दी गई लिखित शिकायत में कहा है कि भगिनी रिया दासी व भगिना कृष्णा गोस्वामी ने अवैध सम्बंध होने के आरोप में मेरे साथ मारपीट की, कपड़ा फाड़ कर गांव में घुमाया,थूक चटवाया और सादे कागज पर हस्ताक्षर कराया है. आवेदन में कहा है कि पूर्व में भगिना और भगिनी ने गाय छीन ली. बाद में एक लाख रुपया और जमीन देने का दबाव बनाया जिसे इनकार करने पर उसने अवैध सम्बन्ध का आरोप लगा कर मुझे प्रताड़ित किया. स्वयं का एक वीडियो बनाकर घटना की जानकारी वायरल कर दी. वह झूठे आरोप से इतना हत था था कि अपना जीवन ही समाप्त करने के उद्देश्य से जहर खा लिया. अंत्यपरीक्षण कराकर शव आज 6 अक्टूबर शुक्रवार की शाम निरसा लाया गया. निरसा पुलिस शव परिजनों को सौपकर जांच में जुट गई है. .निरसा थाने में गांववालों ने कहा कि तपन दास निहायत ही शरीफ इंसान था. गलत आरोप लगाकर उसे बदनाम किया गया. गांववालों ने निरसा पुलिस से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है.

### युवती के प्रसव के बाद मौत मामले में तीन आरोपी से होगी पूछताछ

**चाईबासा।** बिन ब्याही युवती की प्रसव के 24 घंटे बाद मौत मामले को लेकर गठित जांच टीम ने मनोहरपुर सीएचसी में गहन पूछताछ की थी. इसके बाद टीम ने दो सहिया एवं बच्चा एडॉप्ट करने वाली महिला को शुक्रवार को चाईबासा भेजा है. सूत्रों के अनुसार तीनों आरोपी को पूछताछ के लिए पश्चिम सिंहभूम जिला उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा. वहीं एएनएम व मकान मालकिन पर मामले को लेकर जांच जारी है. विदित हो कि मनोहपुर सीएचसी में इस मामले से जुड़े सभी पांच लोगों से पूछताछ के लिए तीन दिन से पुलिस कि निगरानी में रखा गया था. तथा इस मामले से जुड़े तीनों आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए शुक्रवार की सुबह चाईबासा ले जाया गया है. चूंकि मामले की गंभीरता को देखते हुए इस संबध में मनोहरपुर पुलिस द्वारा खुलासा नहीं किया गया है.

## धनबादः डीवीसी पेंशनरों, दुकानदारों और विस्थापितों की जीत पर निकला जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में 26 सितंबर से जारी डीवीसी प्रबंधन के खिलाफ मैथन बचाओ मोर्चा का आंदोलन शुक्रवार 6 अक्टूबर को विधिवत समाप्त हो गया. पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने आंदोलन समाप्ति की घोषणा की. उन्होंने कहा कि यह जीत पेंशनरों, दुकानदारों, विस्थापितों के साथ पूरे डीवीसी कर्मियों की है. कहा कि यह लड़ाई हम सभी ने जीते हैं. उन्होंने सभी को धन्यवाद दिया. शुक्रवार को धरना स्थल पर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी का लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया. फूल- माला पहनाकर उनका आभार जताया. फिर जीत की खुशी में जुलूस निकाला गया, जो धरनास्थल से मैथन पोस्ट ऑफिस चौक तक गया, जहां सभा तब्दील हो गया. ज्ञात हो कि डीवीसी पेंशनरों के आवास किराया में 25 गुणा व, दुकानदारों का लाइसेंस फी 3 गुणा बढ़ाने के विरोध सहित अन्य मांगों को लेकर मैथन बचाओ मोर्चा के बैनर तले आंदोलन किया जा रहा था. 5 अक्टूबर गुरुवार को डीवीसी मुख्यालय कोलकाता में प्रबंधन, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह व पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के साथ वार्ता में मैथन बचाओ मोर्चा की अधिकांश मांगें मान ली गई. मौके पर बादल बाउरी, आगम राम, टूटन मुखर्जी, चिनू घोष, तोतोंन मजुमदार, संतु चटर्जी, कल्याण राय, अमरेश चक्रवर्ती, संतोष मिश्रा, रामजी यादव, रोशन मिश्रा, चिंटू विश्वकर्मा, सोनू मिश्रा, संदीप सिंह, श्रवण प्रसाद, प्रदीप सिंह, राम सुधीर राम, सुभाष दे, असीम चक्रवर्ती, अर्जुन रवानी, सुख घटक, बादल विश्वकर्मा, सुधीर दास, सपन कुमार दत्ता, रवीन्द्र बर्णवाल, मानव दे, मनजीत सिंह, बबलू दास, योगेश अग्रवाल आदि मौजूद थे.

## तांतनगर : हाथियों ने मचाया उत्पाात फसल व घरों को किया क्षतिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**चाईबासा।** मंझारी प्रखंड क्षेत्र के इपिलसिंगी पंचायत अतंर्गत जोजोबेड़ा में जंगली हाथियों का झुंड न सिर्फ फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं बल्कि घरों को भी क्षतिग्रस्त कर रहे हैं. हाथियों के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं. मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जंगली हाथियों ने जोजोबेड़ा के बादुला सिंह कुंकल के खेल में लगे फसल व घर को नुकसान पहुंचाया. वहीं जेमा कुंकल का घर का क्षतिग्रस्त किया है. हाथियों का झुंड बादुला के खेत में लगे धान के फसलों को पैरों तले रौंद दिया और उनके घर को क्षतिग्रस्त कर दिया. जिससे दोनों किसान को लाखों का नुकसान हुआ है. मंझारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य मामध चंद्र कुंकल ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पीड़ितों से मिले और हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का वन विभाग से उचित मुआवजा देने की मांग की. इपिलसिंगी पंचायत जंगली हाथी प्रभावित क्षेत्र है. प्रतिवर्ष धान फसल तैयार होने के समय में जंगली हाथियों का झुंड आ जाते हैं. जिससे पंचायत के किसानों को काफी नुकसान होता है. इसलिए सरकार इस पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों को हाथियों से निजात पाने का प्रावधान करे या फिर किसानों को जान माल की नुकसान होने पर तत्काल पीड़ितों को मुआवजा उपलब्ध कराए.

### चाईबासा : अतिवृष्टि से खूंटपानी में कई मकान जमींदोज

**चाईबासा।** पिछले दिनों लगातार हुई अतिवृष्टि से खूंटपानी प्रखंड के कई गांवों से कच्चे मकानों के ढह जाने की खबरें आ रही हैं. जानकारी के अनुसार दोपाई पंचायत के चुरगुयां में 2 तथा बड़ा लगिया में 2 कच्चे मकान ढह गए हैं. ये मकान खपरैल के थे. घर में रखे घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हो गए. इससे हजारों की संपत्ति की क्षति हुई है. खपरे भी बरबाद हो गये हैं. छप्पर के ढांचे में प्रयुक्त रोला, बाता व जांगी आदि भी क्षतिग्रस्त हो गये. खूंटपानी प्रखंड के प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा ने बताया कि चुरगुयां में तुरी चांपिया तथा बाबू सिंह जामुदा के कच्चे मकान जमींदोज हुए हैं. बड़ा लगिया में सुमित्रा कुई तथा सिंगराय तांती के कच्चे मकान ढह गए हैं. बेघर होने के बाद अब ये लोग पड़ोसियों तथा सगे-संबंधियों के यहां शरण लिये हुए हैं. इधर, इसकी सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा ने गांव का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया.

### डीलरों के साथ आपूर्ति पदाधिकारी ने की बैठक

## 'सभी डीलर हर माह अनाज का वितरण ससमय करें'



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** कसमार प्रखंड सभागार कक्ष में अंचल अधिकारी-सह-प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा ने प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ 6 सितंबर को समीक्षात्मक बैठक की. बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सभी डीलर हर माह शतप्रतिशत खाद्यान्न वितरण ससमय करें, ताकि किसी लाभुक को परेशानी न हो. डीलर अपने संबंधित क्षेत्र के लाभुकों को खाद्यान्न वितरण की सूचना अवश्य दें. जिनका अंगूठा प्रिंट नहीं ले रहा है, उसका डिटेल कार्यालय को दें. बताया कि कसमार प्रखंड में कुल 15744 पीएचएच कार्डधारी, 1550 अंत्योदय कार्डधारी व 2243 ग्रीन कार्डधारी राशनकार्ड हैं. इनमें अलावा सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना के लाभुक भी हैं. एमओ ने कहा कि लंबे समय से राशन नहीं उठाने वाले लाभुकों की सूची समर्पित करें. बैठक में दीपक कुमार झा संतोष प्रजापति,आकाश एसएचजी, सरिता देवी, बीना देवी, जगदम्ब रविदास, नंदलाल नायक, जाकिर हुसैन, इब्राहिम अंसारी, रजनी एसएचजी, सोमर महतो, मिथिलेश कुमार जायसवाल, सूरज जायसवाल, सुरेंद्रनाथ मुंडा, दिनेश मुंडा, निरंजन मुंडा, भारत किशोर साव व अन्य डीलर मौजूद थे.

### चक्रधरपुर : बच्चों के दीघार्यु व सुख समृद्धि के लिए माताओं ने की निर्जला उपवास

**चाईबासा।** अपने बच्चों की दीघार्यु व सुख समृद्धि को लेकर माताओं ने जिउतिया व्रत रखकर पूजा अर्चना की.इस अवसर पर महिलाएं शुक्रवार शाम जिउतिया की पूजा के लिए चक्रधरपुर के राजबाड़ी रोड स्थित सीढ़ी नदी घाट पहुंची. जहां मौजूद पुजारी से जिउतिया व्रत की कथा सुनकर पूजा अर्चना की. शहर के विभिन्न मोहल्ले से सीढ़ी घाट नदी में पूजा अर्चना के लिए महिलाएं पहुंची थी. जिउतिया व्रत को लेकर कई पौराणिक कथाएं व मान्यता है.ऐसी मान्यता है की इस व्रत को माताएं अपने संतान की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन के लिए रखती हैं. जिउतिया व्रत की शुरूआत नहाय खाय के साथ हो जाती है.

### पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को भेजा जेल

**गिरिडीह।** सरिया थाना क्षेत्र के नगर केशवारी में बीते देर रात दो साइबर अपराधी संदिग्ध स्थिति में घूमते मिले. पुलिस के पूछताछ करने के बाद दोनों व्यक्तियों ने अपने-अपने मोबाइल को दूर फेक दिया, जिससे पुलिस को शक हुआ. इसी आधार पर सरिया पुलिस ने सुबह दोनों साइबर अपराधियों से गहन पूछताछ की और उनके बरामद किए गए मोबाइल को खंगाला. इसके बाद दोनों आरोपित नंदकिशोर मंडल व उमेश मंडल के खिलाफ कांड संख्या 175/23 रजिस्टर्ड कर दोनों को गिरीडीह जेल भेज दिया. एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि उक्त दोनों के मोबाइल को खंगालने के बाद साइबर अपराध से जुड़ी कई साक्ष्य मिले हैं. ज्ञात हो कुछ दिन पूर्व सरिया थाना निरीक्षण करने आये पुलिस कप्तान दीपक शर्मा ने पत्रकारों को बताया था कि इस क्षेत्र में साइबर अपराधियों को जिला पुलिस सक्रिय हैं, बक्शे नही जाएंगे.

### सीएम ओबीसी के सच्चे हितैषी हैं तो जातीय गणना सर्वेक्षण कराएंः राजेन्द्र प्रसाद



रांची। एसटी, एससी और ओबीसी को आबादी के अनुपात में आरक्षण देने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किए जाने का मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने स्वागत किया है। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि एसटी और एससी का जातीय आंकड़ा तो उपलब्ध है। लेकिन पिछड़ी जाति का जातीय आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ओबीसी के अधिकारों के प्रति सिर्फ भावनात्मक बातें न करें, बल्कि बड़े हृदय दिखाएं और सच्चे मन से ओबीसी को उनका आरक्षण आबादी के अनुपात दिलाने का पहल झारखंड से भी करें। प्रसाद ने कहा कि इसके लिए बिना देर किए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ओबीसी का जातीय गणना और सर्वेक्षण तुरंत करवाएं। जिससे झारखंड में 55% आबादी वाले ओबीसी जातियों को आबादी के अनुपात आरक्षण मिल सके।

### बोकारो थर्मल के प्रवासी मजदूर की कोल्हापुर में मौत, मचा कोहराम

बोकारो। नावाडीह प्रखंड के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पेंक मानपुर के मजदूर युवक की कोल्हापुर में ईलाज के दौरान 6 अक्टूबर को मौत हो गयी. पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानपुर निवासी सांझला मुर्मू का 22 वर्षीय पुत्र सुनिल मुर्मू कोल्हापुर में पिछले सोमवार शाम को काम के दौरान बिल्डिंग से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था. उसका ईलाज कोल्हापुर के एक अस्पताल में चल रहा था. शुक्रवार को ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी. मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है. वहीं इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने घटना को दुःखद बताते हुए गहरी संवेदना प्रकट की है. उन्होंने कंपनी से मृतक के घरवालों को उचित मुआवजा मुहैया कराने की मांग की है.

**सतर्क रहें** शहर में बढ़ा डेंगू का प्रकोप, मरीजों का फीडबैक ले रहा स्वास्थ्य विभाग

# हेमरेजिक फीवर-शॉक सिंड्रोम सबसे खतरनाक

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, शहर के अस्पतालों में डेंगू से मौतें हो रही है. इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा निजी एवं सरकारी स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि बच्चों को फुल शर्ट एवं पैंट पहन कर आने को कहे. वहीं स्कूल में क्लास रूम की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें. इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी ने कहा कि अब तक 45 स्कूल विजिट किया गया है. बच्चों एवं शिक्षकों को डेंगू के लक्षण एवं बचाव के उपाय के संबंध में जानकारी दी गई है. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वयस्क की अपेक्षा बच्चों की इम्युनिटी पावर थोड़ी कम होती है, इसलिए डेंगू पीडित बच्चों की स्थिति थोड़ी गंभीर हो रही है. डेंगू से होने वाली



बच्चों की मौत के पीछे यही कारण है. उन्होंने कहा कि सैम्पल जांच के लिए भेजा गया है. रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा की यह डेंगू कौन सा वेरियंट है. हालांकि बिहार एवं अन्य स्थानों पर जांच के बाद जो रिपोर्ट सामने आई है उससे लगता है की यह डेंगू का सेकंड वेरियंट या थर्ड वेरियंट हो, लेकिन अभी कहना कुछ भी कहना सही नहीं है. उन्होंने कहा कि डेंगू मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर स्वास्थ्य विभाग चिंतित है. इसे कैसे कम किया जा सकता है, इसके लिए कई स्तर पर उपाय किए जा रहे हैं. इसके तहत अब डेंगू से स्वस्थ हो चुके मरीजों से फीडबैक लिया जा रहा है. अस्पताल से डिस्चार्ज मरीजों को सर्विलांस विभाग के कर्मी फोन कर यह जानकारी ले रहे हैं कि उन्हें दोबारा बुखार तो नहीं आया. साथ ही घर के अन्य सदस्यों को बुखार या डेंगू का कोई लक्षण तो नहीं है. सिविल सर्जन ने कहा कि डेंगू से बचाव का एक मात्र उपाय घर एवं आसपास सफाई रखना और पानी जमने ना देना है. उन्होंने घर में फुल बांह के कपड़े पहनने व मच्छरदानी का प्रयोग करने की अपील की. फिजिशियन डॉ विजय कुमार ने बताया कि डेंगू में तीन तरह के बुखार होते हैं, जिसमें दो बुखार जानलेवा माना जाता है. क्लासिकल डेंगू फीवर, डेंगू हैमरेजिक फीवर और डेंगू शॉक सिंड्रोम. इन तीनों में से सबसे ज्यादा खतरनाक हेमोरेजिक फीवर और शॉक सिंड्रोम को माना जाता है. अगर समय पर मरीज को भर्ती नहीं कराया गया तो उनकी मौत तक हो सकती है. डेंगू का भी कोई स्पष्ट इलाज नहीं है. मरीज में डेंगू की पुष्टि होने के बाद उसके लक्षणों के आधार पर इलाज किया जाता है. डेंगू के साथ-साथ अन्य बीमारियां होने से मरीज का मल्टी आर्गेन भी फेल हो जाता है.

### जिला में पाए गए 20 लोग डेंगू पॉजिटिव

जिले में 05 अक्टूबर को किए गए सैम्पल जांच में 20 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए है. अबतक कुल 9020 सैम्पल की जांच में 1188 लोग डेंगू पॉजिटिव मिले हैं. वर्तमान में 213 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा, 10 आईसीयू में, 203 नॉर्मल वार्ड में भर्ती हैं.

# गिरिडीह जिला प्रशासन के निर्देश पर स्कूली बसों की हुई जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी ने अपने कर्मियों के साथ 6 अक्टूबर को शहर के प्रमुख स्कूलों का निरीक्षण किया. यह निरीक्षण डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर किया गया. इस दौरान डीटीओ ने स्कूली बसों की गहनता से जांच कर स्कूल प्रबंधन को बस में तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. कई स्कूलों की बसों में खामियां पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन को फटकार लगाई गई और बसों को जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया. इस बाबत डीटीओ शैलेश प्रियदर्शी ने बताया कि डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर शहर के प्रमुख स्कूलों के बसों की जांच की गई. इस दौरान कई बसों के कागजात नहीं पाए गए, वहीं बस में जिस प्रकार



से सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिए वह नहीं पाई गई. बताया कि कई स्कूल के बसों के टायर खराब मिले, फास्ट एड बॉक्स में दवाइयां उपलब्ध नहीं थी. कुछ मामलों में स्कूल बस के कागजात चालक के पास नहीं थे, इसके अलावा कई त्रुटियां पाई गई है, जिसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है. डीटीओ ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा. बता दें कि बीते दिनों गिरिडीह में बस दुर्घटना हुई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी. इसी के बाद डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर सभी बसों की जांच की जा रही है. इसी कड़ी में आज स्कूली बच्चों को ढोने वाले बसों की जांच की गई है, ताकि आने वाले समय में स्कूली बच्चों के साथ कोई अप्रिय घटना घटित न हो.

## गागर में सागर

### लगातार बारिश से पतरातू डैम में भरा पानी, खोले गये तीन फाटक



**पतरातू /रामगढ़।** लगातार हो रही बारिश से पतरातू डैम के जलस्तर में भारी वृद्धि हुई. एहतियातन पतरातू डैम के तीन फाटकों को खोल दिया गया है. वर्तमान में पतरातू डैम का जलस्तर 1328 रेडियस लेवल से पार हो चुका है. जलस्तर में भारी वृद्धि होने के बाद डैम की सुरक्षा को लेकर पतरातू डैम के आठ फाटकों में से 3, 6, और 4 नंबर फाटक को खोलकर तीन-तीन इंच जल की निकासी की जा रही है. मालूम हो कि पतरातू डैम का जल जमाव क्षमता 1332 रेडियस लेवल है. इसलिए लेवल मेंटेन रखने को लेकर अब तक तीन फाटक खोल दिए गए हैं.

### राशन दुकान में नकद सहित हजारों रुपए के सामान की चोरी

**रामगढ़।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सौंदा डी पंचायत के हुसैनीनगर मेन रोड पर चोरों ने एक राशन दुकान का पिछला शटर तोड़कर चोरी कर ली है। भुक्तभोगी दुकान संचालक भीम प्रसाद ने भुरकुंडा पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। भीम प्रसाद ने बताया कि गुरूवार को दुकान बंद कर अपने घर सौंदा बस्ती चला गया। शुक्रवार की सुबह छह बजे दुकान पहुंचने पर पाया कि दुकान का पिछला शटर तोड़कर तकरीबन 4500 नकद और लगभग 9 हजार का सामान चोरी कर लिया गया है। वहीं, घटनास्थल पर चोरों का शॉल, तौलिया और 20/22 का रेंच पड़ा हुआ पाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### हजारीबाग : पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता रैली

**हजारीबाग।** टाटीझरिया के दुधमटिया में लगने वाले 7 अक्टूबर को वन और पर्यावरण मेला को लेकर जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई. रैली हजारीबाग से टाटीझरिया तक निकली, जिसमें सैकड़ो की संख्या में छात्र और पर्यावरणविदों ने हिस्सा लिया. 25 किलोमीटर की साइकिल यात्रा के जरिए आमलोगों को पर्यावरण को लेकर जागरूक किया गया. साथ ही साथ रास्ते में पडॉने वाले गांवों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान पर्यावरण मेला में आने के लिए आमंत्रित भी भी किया गया. .इस वर्ष वन पर्यावरण मेला का 29 वर्ष पूरा हो जाएगा. इसे लेकर भी पर्यावरण संरक्षकों में काफी उत्साह है.

### बरकट्ठाः जिप सदस्य के प्रयास से लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत शिलाडीह के लेम्बुवा में 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, सुनील कुमार पाण्डेय, युवा समाजसेवी सी के पाण्डेय, उपमुखिया सहदेव पासवान, पंसस प्रतिनिधि शमीम अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काटकर किया गया। मौके पर जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा कि कोई भी समस्या होने पर हमसे संपर्क करें। चौबीस घंटे मैं सेवा के तत्पर हुं। क्षेत्र की विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के द्वारा दुगार्पूजा तक सभी 11 हजार वोल्ट के जर्जर तार और जले ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह में चंदन ठाकुर,अहमद,गोलू ठाकुर लाला ठाकुर, मो नेयाज, कारू ठाकुर, बंटी रवानी, बनवारी ठाकुर, डोमन ठाकुर, बबलू ठाकुर, कमल ठाकुर , चम्पा देवी, सुनील ठाकुर समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### ट्रैफिक व्यवस्था व साफ-सफाई को लेकर एसडीओ को दिया ज्ञापन सौंपा

**बरही ।** आगामी त्योहारों को देखते हुए शुक्रवार को विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और व्याप्त गंदगी के स्थाई निराकरण हेतु एसडीओ को लिखित ज्ञापन दिया. दिए ज्ञापन में मांग की गई कि बरही बाजार स्थित पेट्रोल पम्प से चौक तक पूर्वाह्न 11 से संध्या 6 बजे तक सड़क के दोनो ओर दो पहिया वाहन सहित सभी छोटे बड़े वाहन पड़ाव हटाने, सब्जी वालो को सड़क के नीचे दुकान लगाने, पीएचईडी, अब्दुल कलाम पार्क, हजारीबाग रोड से बरही नदी आदि क्षेत्रों की सफाई कराने, प्रखंड कार्यालय में पेयजल सहित शौचालय की व्यवस्था करवाने, सरकारी बस स्टैंड चालू सहित हजारीबाग रोड में बने सरकारी बाजार शेड का यथाशीघ उपयोग में लाने की मांग की है.

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की डीसी ने की समीक्षा बैठक

# ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना से लाभान्वित करें : चंदन कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक की गई. बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी ने डीसी को बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत कुल 15 आवेदन मिले हैं. डीसी ने प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की, जिसके बाद सर्वसम्मति से उसे स्वीकृति प्रदान की गई. बैठक में डीसी ने कहा कि प्रखंडों में शिविर लगाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना से लाभान्वित करें. बैठक में डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजिता टोप्पो, एसएमपीओ विक्रम सोनी, विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे.

### एसटी-एससी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत बैठक

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार 'ङ्क उनके कार्यालय कक्ष में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी के द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कल्याण विभाग के समक्ष तीन मामले सामने आए हैं। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अन्य अधिकारियों के साथ तीनों मामलों के तहत अब तक किए गए कार्यो के संबंध में विचार विमर्श करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए। यह अधिनियम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के विरुद्ध किए गए अपराधों के निवारण के लिए है, अधिनियम ऐसे अपराधों के संबंध में मुकदमा चलाने तथा ऐसे अपराधों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए राहत एवं पुनर्वास का प्रावधान करता है।

## सुधीर मंगलेश ने नये सीओ का किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में दुलमी नए अंचल अधिकारी का शुक्रवार को पौंधा भेंट कर स्वागत किया गया। दुलमी प्रखंड के नए अंचल अधिकारी मदन मोहन ने बीते दिनों पदभार ग्रहण किया । दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में बीस सूत्री सदस्यों ने पौंधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि अंचल अधिकारी को अंचल कार्यालय में चल रही गड़बडियों से अवगत कराया। मंगलेश ने कहा की अंचल कार्यालय के कर्मियों की मनमानी रवैये के कारण आम जनता को मोटेसन, रसीद कटवाने, जाति, आवासीय, आय, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने मे काफी परेशानी हो रही है। साथ ही आम जनों का काम पारदर्शिता के साथ हो व कोई भी काम को लेकर आम लोगों को अंचल कार्यालय का चक्कर नही काटना पड़े इसकी व्यवस्था हो। सुधीर मंगलेश ने कहा हम सभी आशा करते हैं कि आप के कार्यकाल में जनता की समस्या का समाधान तेजी से होगा। इस पर अंचल अधिकारी ने भी भरोसा दिलवाया है कि जनता की समस्या का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। जनता को किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या हो तो वे हमसे संपर्क करें। मैं हर संभव समस्या का समाधान करने का प्रयास करूँगा। मौके पर बीस सूत्री सदस्य दिलीप शर्मा, परमानंद सिंह, मदन नायक, संतबिलास करमाली, युगल किशोर महतो, ठाकुरदास महतो, करमू महतो, नौशाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय कायस्थ्य महासभा के पदाधिकारियों का डोर टू डोर कैंपेन

### 3 दिसंबर को हजारीबाग नगर भवन में होगा वृहत कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से आगामी 3 दिसंबर को हजारीबाग नगर भवन में देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर वृहत कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है. इसकी सफलता को लेकर हजारीबाग अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को बरही में डोर टू डोर कैंपेन कार्यक्रम चलाया. इस दौरान सभी कायस्थ बंधुओ से कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने और आयोजको के मनोबल को बढ़ाने की अपील किया गया. कैंपेन के दौरान बरही के दर्जनों परिवार से मुलाकात कर संगठन मजबूती पर भी चर्चा किया गया. बताया गया कि हम सभी बुद्धिजीवी समाज के लोग हैं परंतु मत भिन्नता के कारण संगठन में दूरियां बनी हुई है. इसे दूर करने की आवश्यकता है. कैंपेन बरही निवासी और जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिन्हा की अगुवाई में चलाई गई. इस दौरान हजारीबाग जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद, कोषाध्यक्ष संजय सिन्हा, संयोजक अनूप सिन्हा इत्यादि मौजूद थे.

### प्रमुख संघ ने जिला परिषद की बैठक का किया बहिष्कार

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला परिषद के सभागार कक्ष में आगामी सात अक्टूबर को जिला परिषद की बैठक होने वाली है. प्रमुख संघ ने इस बैठक का बहिष्कार करने का फैसला लिया है. शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जिला परिषद की बैठक में प्रमुख को बुलाया गया है. इससे पूर्व भी बुलाया जाता रहा है. लेकिन बैठक में प्रमुख से सिर्फ हस्ताक्षर ले लिया जाता है. बैठक में संघ को अपनी समस्याओं को रखने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया जाता है और ना ही दिये गये प्रस्ताव पर विचार किया जाता है. विज्ञप्ति में कहा गया है कि बैठक में प्रखंड प्रमुखों द्वारा की गयी मौखिक व लिखित शिकायत का ना तो समाधान किया जाता और ना ही विकास कार्यों के लिए दिये आवेदन पर जिला अधिकारी किसी तरह की पहल करते हैं.

## पतरातू में अपराधियों ने पेट्रोल पंप पर की गोलीबारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पतरातू पालू मार्ग स्थित सावित्री फ्यूल्स पेट्रोल पंप परिसर में गुरुवार की रात हथियारबंद अपराधियों ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और फायरिंग करने वाले अपराधियों की धर पकड़ के लिए क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। घटना को लेकर पेट्रोल पंप में काम करने वाले एक कर्मी ने बताया कि सफेद रंग की अपाची मोटरसाइकिल पर दो अपराधी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे और इतना देर तक पेट्रोल पंप खोल कर रखेगा बोलते हुए हवाई फायरिंग कर फरार हो गए। बताया जाता है कि बीती रात्रि एक मोटरसाइकिल पर तीन अज्ञात व्यक्तियों ने आकर सावित्री फ्यूल्स पेट्रोल पंप में कार्यरत कर्मचारियों को धमकी भरे अंदाज में बोला कि जब हम लोगों ने पेट्रोल पंप बंद करने के लिए कहा तो फिर तुम लोगों ने क्यों खोल रखा है। इतने में एक व्यक्ति ने फायरिंग करने की बात कही, जिसके बाद पीछे बैठे व्यक्ति ने एक राउंड गोली फायर किया। इस संबंध में में पेट्रोल पंप के मालिक ने बताया की यह किसी संगठन द्वारा नहीं किया गया है बल्कि विगत कुछ दिनों से मुझे टीपीसी द्वारा धमकी देने का कार्य किया जा रहा था ।

### चौपारण में बदलाव संकल्प सभा कल

**हजारीबाग।** चौपारण में रविवार 8 अक्टूबर को जेबीकेएसएस के बैनर तले बदलाव संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है. इस सभा में पचास हजार लोगों के पहुंचने का दवा किया जा रहा है. इसी हिसाब से सभा की तैयारियां भी की जा रही है. सभा का उद्देश्य स्थानियता, नियोजन नीति, पुनर्वास नीति, विस्थापन नीति, नौकरियों में झारखंडियों को प्राथमिकता एवं स्थानीय स्तर पर नेतृत्व को कैसे निखारा जाये सहित अन्य झारखंडी मुद्दों पर केंद्रित होगी. इसके अलावा झारखंडी जन समस्याओं पर वक्ता अपनी राय रखेंगे. बदलाव संकल्प सभा की सफलता के लिए बरही, हजारीबाग, चतरा, बरकट्ठा, चौपारण, पदमा, चंदवारा, इटखोरी सहित अन्य जगहों पर लगातार नुक्कड़ सभाएं एवं बैठक कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है. सभा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता काफी सक्रिय हैं. भुनेश्वर यादव ने कहा कि चौपारण की सभा में बरही विधानसभा के 64 पंचायत सहित पूरे झारखंड से भारी संख्या में लोग आ रहे हैं.

## बारिश से कच्चा घर गिरा, बचे परिजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच कच्चा मकान गिरकर धाराशायी हो गया। वहीं परिजन तो बाल-बाल बच गए, लेकिन गृहस्थी का सामान दबने से नुकसान हो गया। पीड़ित परिवार ने पड़ोसी के घर पर रात बिताई तथा शेष बचे सामान को उनके घर रखा। मामला बरकट्ठा थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत चेचकप्पी के ग्राम डुमरडीहा निवासी मुनिया देवी पति हरिलाल मुर्मू की है। मकान ध्वस्त होने से घर में रखे अनाज दबकर नष्ट हो गए। बताते चलें कि हरिलाल मुर्मू मजदूरी कर भरण पोषण करते हैं। मामले की जानकारी भारत जगत मांझी परगना महल के सचिव मनोज मुर्मू को मिलते ही स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। साथ ही प्रशासन से अति शीघ्र आवास की मांग की है।

### बरही : खंभे पर टीका कच्चा मकान दुर्घटना को दे रहा है दावत, गुहार



**बरही ।** पिछले दिनों से लगातार हो रहे बारिश के कारण करियातपुर पंचायत की नीचे बाजार कॉलोनी निवासी डोली कुमारी पति सुरेंद्र रविदास का कच्चा घर लगभग ढह चुका है. वर्तमान में रहने के लिए अपने आशियाने को खंभे की मदद से टिकाया गया है. जो कभी भी पूरी तरह ध्वस्त होकर अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है. जानकारी के अनुसार इसकी सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधि को दी गई है. परंतु अब तक कोई मददगार नही आया है. पीड़िता के पति दिहाड़ी मजदूरी करने वाले है. उक्त जानकारी एआईएमआईएम के बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास ने देते हुए बताया कि भुक्त भोगी अनुसूचित जाति का निर्धन परिवार है. उन्होंने सीओ से तत्काल आपदा राहत के माध्यम से आवास उपलब्ध करवाने की मांग किया है.

### प्रमाण पत्र निर्गतन के लिए सीओ ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ की बैठक, दिए कई निर्देश



**बरही ।** शुक्रवार को प्रखंड सभागार में सीओ रामनारायण खलखो ने प्रखंड के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक किया. बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ सी आर इंदीवर, सीआई सतीश कुमार सिन्हा, राजस्व कर्मचारी सहित सभी कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद थे. उपस्थित प्रज्ञा केंद्र संचालकों को सीओ ने जाति/आय/आवासीय प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया. बताया कि जाति प्रमाण पत्र के लिए मूल या रिकॉर्ड रूम से सत्यापित खतियान ही अपलोड करे जिसमे जाति स्पष्ट लिखा हो अन्यथा आवेदन निरस्त किए जा सकते है. जाति प्रमाण पत्र आरक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज है. यह कदम प्रमाण पत्र निर्गतन में फजीर्वाड़ा पर लगाम कसने के लिए लिया गया है. इसके साथ ही अपलोड किए गए दस्तावेजों बिल्कुल पठनीय होना अनिवार्य है. सीआई ने मूल खतियान नही रहने पर खतियान की तीरित कॉपी वैकल्पिक के तौर पर लगाने की बात कही. संचालकों ने बताया कि क्षेत्र में अधिकतम लोगो के पास मूल खतियान नही है. अब तक अस्पष्ट खतियान को राजस्व कर्मचारी के सत्यापन के बाद अपलोड किया जा रहा था. नई व्यवस्था से परेशानियां बढ़ेगी. बैठक में राजस्व कर्मचारी संजीव राजीव, रीतलाल रजक, त्रिलोकी राम आदि सहित कई प्रज्ञा केंद्र संचालक मौजूद थे.

## दी जानकारी

### बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# 38 शिक्षकों-शिक्षिकाओं को मिला प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** शिक्षा विभाग और रूम टू रीड इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंडस्तरीय बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम का दूसरा बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को बीआरसी में संपन्न हुआ हुआ. यह प्रशिक्षण तीन दिवसीय गैर आवासीय था. जिसमे प्रखंड के कक्षा एक एवं दो में हिंदी पढ़ाने वाले कुल 38 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में बुनियादी साक्षरता के आठ घटकों मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्णज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन के साथ-साथ पुस्तकालय की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी गई. इस दौरान निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शिक्षकों को कक्षा में एफएलएन किट के उपयोग और शिक्षक संदर्शिका के अनुसार नियमित रूप से बच्चों के साथ कक्षा पठन कार्य करने की विस्तार से जानकारी दी गई. प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में किशोरी महतो, तुलसी यादव, मुनिलाल राम, रामचंद्र यादव व रूम टू रीड संस्था से प्रखंड समन्वयक अशोक सकलानी उपस्थित थे.

## रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति ने किया धरना-प्रदर्शन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति द्वारा शुक्रवार को रामगढ़ कॉलेज परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना का मुख्य विषय रामगढ़ कॉलेज की जमीन की मापी करवाने, रामगढ़ कॉलेज की चहारदिवारी को सुरक्षित करने और कॉलेज कैंपस बनाना आदि था। धरना की अध्यक्षता आभाविप के पूर्व प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर एवं संचालन आदिवासी छात्र संघ के पूर्व विश्वविद्यालय संयोजक शशि करमाली ने किया। धरना के क्रम में वक्ताओं ने कहा कि रामगढ़ कॉलेज की जमीन का दिन प्रतिदिन अतिक्रमण किया जा रहा है ।कहा कि शिक्षा के इस मंदिर को भूमि माफिया के चंगुल से बचना होगा ।ताकि वहां शिक्षा का वातावरण कायम रहे और विद्यार्थी बेहतर तरीके से शिक्षा ग्रहण कर सकें। कहा कि हम लोग कॉलेज प्रशासन और जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि रामगढ़ कॉलेज की चहारदीवारी कर शिक्षा का वातावरण बनाया जाए ।कहा की मांग नही माने जाने पर आंदोलन किया जाएगा। धरना के पश्चात एक प्रतिनिधिमंडल रामगढ़ कॉलेज के प्राचार्य से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। मौके पर गौतम महतो ,रमेश करमाली , देव महतो , कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष रोहित सोनी, सुमंत , नीतीश निराला ,नितेश मोदी ,महेश महतो, प्रेम महतो, रोहित महतो, संतोष महतो ,लक्ष्मी महतो ,नेहा कुमारी ,मनीषा कुमारी ,नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### कोम्बाकेरा कोदोपानी गांव में हाथी की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**सिमडेगा/बांसजोर।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत कोम्बाकेरा कादोपानी गांव में बीती रात जंगली हाथी की चपेट में आने से गांव के जुबेल तोपनो नमक किसान की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर वन विभाग की टीम एवं पुलिस पहुंची एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया। वहीं मौके पर वन विभाग द्वारा तत्काल पीड़ित परिवार को ?10000 की मुआवजा राशि दी एवं बाकी की राशि सरकारी प्रक्रिया के पश्चात देने की बात कही। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात गांव में 20 की संख्या में जंगली हाथी पहुंचे और गांव में किसानों द्वारा लगाए गए फसलों को नुकसान कर रहे थे, तब जाकर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से हाथियों को भगाने का प्रयास किया ।इसी दौरान हाथियों का झुंड द्वारा ग्रामीणों के ऊपर हमला बोल दिया और इसी दौरान ग्रामीण भागने लगे इसी क्रम में जुवेल तोपनो भाग नहीं सका और हाथी की चपेट में आ गया। जिसे पटक कर हाथी के द्वारा खेत के पास मौत के घाट उतार दिया ।ग्रामीणों ने कहा है कि लगातार इस क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। लेकिन वन विभाग अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। जिससे कि ग्रामीण भयभीत है ।इधर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

### नदी में डूबने से व्यक्ति की हुई मौत

**बानो।** झारखंड में लगातार सत्ता बदली कई उठाव-चढ़ाव हुए लेकिन आज भी ग्रामीण क्षेत्र की दशा और दिशा नहीं बदली है ग्रामीण आज भी बारिश के मौसम में टापू की हाल में जिंदगी बिताने पर मजबूर है ।ग्रामीण अपने बदहाली का आंसू रो रहे हैं लेकिन इस पर सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। इस कारण ग्रामीणों को अपनी जान देकर इसकी कीमत चुकानी पड़ी। बानो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गिरदा ओपी के गेनमेर टोंगरी गांव निवासी 55 वर्षीय कुशल बुढ़ की मौत नाले में फंसने से मौत हो गयी। बताया गया वह घर लौट रहा था इसी दौरान गांव के झरियानाला में पुलिया नहीं होने की वजह से नदी पार करने के क्रम में भारी तेज बहाव में बह गया एवं डूबने से उसकी मौत हो गई । जब घर वह नहीं लौटा तब परिजन उसे खोजबीन करने लगे तब नाला से 1 किलोमीटर दूर झाड़ियां में उसका शव फंसा हुआ पाया गया ।तब जाकर ग्रामीणों ने उसे निकाल कर इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया एवं पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया गया।

### डोभा में डूबने से महिला की मौत

**बानो।** बानो प्रखंड के महबुवांग ओपी क्षेत्र अंतर्गत गट्टीबान्दू गांव में गांव के पास के डोभा में डूबने से गांव की शुक्रमणि सुरीन नामक 67 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर ओपी प्रभारी हेमकिशोर गुप्ता दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और महिला के शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि महिला शराब का सेवन करने अपने पड़ोस के घर गई थी और नशे में धुत होकर वह अपना घर लौट रही थी।इसी दौरान रास्ते मे डोभा में डूबने से उसकी मौत हो गई।

### कोडरमाः बिल जमा नहीं करने वाले 11 लोगों का कटा कनेक्शन

**कोडरमा।** नवलशाही थाना क्षेत्र के बच्छेडीह पंचायत के ग्राम कुसमाय में सहायक विद्युत अभियंता के दिशा-निर्देश पर बिजली विभाग के द्वारा सघन बिजली जांच अभियान चलाया गया. जिसमें लगभग 11 उपभोक्ताओं कों बिजली बिल नहीं जमा करने पर बिजली कनेक्शन काट दिया गया. जिसमें सुरेंद्र राणा, मो. इस्लाम, मो. मुस्ताफा, बासुदेव राणा, मो. जब्बीर, कुदुस मियां, मो. अजीज, टुकलाल मेहता, चंद्रिका सिंह, रीना देवी, सहदेव राम का नाम शामिल है. इसके अलावा दो लाख 35 हजार 100 रुपए जुमार्ना भी लगाया गया है.

### कोडरमा : संकल्प सप्ताह के तहत कृषि महोत्सव का आयोजन

**कोडरमा।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत 3 से लेकर 9 अक्टूबर तक प्रखंड स्तर पर संकल्प सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है. जिसके तहत आकांक्षी प्रखंड जयनगर और मरकच्चो में संकल्प सप्ताह के लिए कई गतिविधियां करायी जा रही है. इसी कड़ी में आकांक्षी प्रखंड जयनगर और मरकच्चो के सभी पंचायतों में कृषि महोत्सव मनाया गया. इस दौरान कृषि संगोष्ठी के माध्यम से प्रखंड कृषि पदाधिकारी, वीएलडब्लू द्वारा किसानों को कृषि विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई. उन्होंने किसानों को कृषि ऋण माफी योजना, केसीसी, सुखाड़ राहत योजना, बकरी पालन, मत्स्य पालन समेत कई योजनाओं की जानकारी दी और उन योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को प्रेरित किया. साथ ही किसानों को अच्छी फसल उत्पादन के लिए मिट्टी जांच कराने के लिए कहा गया ताकि फसल का उत्पादन बेहतर तरीके से किया जा सके. जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि रबी फसल हेतु पैक्स के माध्यम से किसानों को बीज उपलब्ध करायें. इसके अतिरिक्त जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा कई लाभुकों को बकरी पालन हेतु बकरी प्रदान किया गया.

## आदिम जनजाति गांव के विकास को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, बोले

# 'सरकारी दिशा निर्देशों का पालन करें लोग'



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में केरसई प्रखंड के पीवीटीजी. ग्राम करीलकूचा एवं कुरडेग प्रखण्ड के पीभीटीजी ग्राम गड़ियाजोर पंचायत के डोंगरी टोली क्षेत्र भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देश के अनुपालन संबंधी समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा केरसई प्रखंड अंतर्गत ग्राम करीलकूचा में निवास करने वाले पीभीटीजी परिवारों के लिए सड़क, पेयजल, राशन, पेंशन, बिरसा आवास एवं प्रधानमंत्री आवास, शिक्षा हेतु स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र, चालकों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत करने सहित मृत्यु के बाद शव को दफन करने हेतु मसना स्थल चयन करने से संबंधित कार्य हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने पीवीटीजी. ग्राम करीलकूचा में स्कूल, आंगनबाड़ी एवं मसना स्थल निर्माण हेतु सरकारी भूमि का चयन करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला में जितने भी पीभीटीजी. परिवार निवास करती हैं उन सभी को डोर स्टेप राशन मुहैया कराने का निर्देश दिया। साथ ही बिरहोर आदिम जनजाति के कई ऐसे सदस्य जो गाड़ी चलाना जानते हैं उनका प्राथमिकता के तहत ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का निर्देश दिया।वही कुरडेग प्रखण्ड अंतर्गत गड़ियाजोर पंचायत के डोंगरी टोली पीभीटीजी. ग्राम का भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देश का अनुपालन से संबंधी प्रखंड विकास पदाधिकार ज्ञानमणी एक्का से जानकारी लिया।गड़ियाजोर पंचायत के डोंगरी टोली पीभीटीजी ग्राम तक पहुंच पथ निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। साथ सभी घरों का समीक्षा कर नये आवास की स्वीकृत हेतु प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिले में जितने भी पीवीटीजी परिवार निवास करते हैं उनके विकास हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मुहैया कराने का निर्देश दिया।

## विशेष जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विशेष जिला परामर्शदात्री समिति का समीक्षात्मक बैठक किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना, सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाएं तथा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं आर. सेटी सिमडेगा के कार्यकलापों की समीक्षा की गई। उपायुक्त महोदय ने आकांक्षी प्रखंड बांसजोर तथा केरसई प्रखंड में राष्ट्रीयकृत बैंक की एक शाखा खोलने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने पीएम किसान के लाभार्थियों को घर-घर के.सी.सी. क्रेडिट कार्ड अभियान के तहत सभी किसान को केसीसी योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया तथा उन्होंने गव्य पालन, मुर्गी पालन, बकरीपालन, मत्स्य पालन और मधुमक्खी पालन से जुड़े किसानों का भी के.सी.सी. ऋण योजना की स्वीकृत करने का निर्देश दिया। सरकार प्रायोजित योजना पी.एम.एफ.एम.ई., पी.एम.ई.जी.पी. योजना से संबंधित लोन की स्वीकृति एवं लंबित आवेदनों को ससमय स्वीकृति देने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह, डीडीएम नाबार्ड नीलेश कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक सिमडेग संजीव चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सभी बैंकों के जिला समन्वयक एवं अन्य उपस्थित थे।

## अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में मोटिया मजदूर एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम मैदान में मोटिया मजदूर संघ एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के बीच बैठक का आयोजन हुआ।बैठक में अध्यक्षता चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य से झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह उपस्थित थे। मोटिया मजदूर की समस्या को लेकर कई बिन्दुओ पर विचार विमर्श किया गया जिसमे जैसे छड़ का रेट बढ़ा एवं किराना ,सीमेंट, महुआ खाद मार्बल ,बिस्कुट ,पानी पेटी एवं सभी चीजों पर नया आधार बढ़ाने की बात कही गई ।बैठक में बैठक में चेंबर ऑफ ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल ने कहा कि 2024 में मई महीना में नया रेट दर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी मोटिया मजदूरों को नशापन से दूर रहने की बात कही। मजदूर नेता राजेश सिंह ने कहा कि मोटिया मजदूरों को अपने हक अधिकार के लिए एकजुट हो श्री सिंह ने कहा कि अब मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मोटिया मजदूरों का संघ के द्वारा आई कार्ड मिलेगा। संगठन के नए प्रभारी के रूप में दीपक लकड़ा ने अपना पद ग्रहण किया ।एवं कहा कि कम दर पर काम करने नहीं जाएंगे। मजदूर नशा पान करके आएंगे उसे मीटिंग में शमिल नहीं किया जाएगा और उसको संगठन से निकाल दिया जाएगा मौके पर अमित डुंगडुंग, उपाध्यक्ष मोनू बड़ाईक नागेश्वर प्रसाद ,सरपंच मुखिया ,उमेश प्रसाद, अजय अग्रवाल, कुंदन सिंह ,चंदन सिंह ,मुरारी ट्रांसपोर्ट ,जतरु लोहार, कलिंदर लोहार, संतोष केरकेट्टा ,बिमल खेस, रघु माझी, सोनू प्रधान, बिकसल लोहार एवं काफी संख्या में मोटिया मजदूर के उपस्थित थे ।

### मॉडल डिग्री कॉलेज में नए सत्र 2023-2027 का शुभारंभ

**बानो।** मॉडल डिग्री कॉलेज बानो सिमडेगा में नए सत्र 2023-2027 के विद्यार्थियों का कॉलेज प्रशासन ने जोरदार स्वागत किया नए विद्यार्थियो में भी बहुत ज्यादा उत्साह देखा गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम कुमार प्रसाद ने नए विद्यार्थियो का स्वागत करते हुए छात्र छात्राओं को उनके लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने तथा शिक्षक और विद्यार्थियो के मध्य मधुर संबंध स्थापित करने पर जोर दिया ।साथ ही साथ कॉलेज में पढ़ाई का माहौल तैयार कर उज्वल भविष्य निर्माण पर जोर दिया। असिस्टेंट प्रोफेसर उत्तम रॉबर्ट गुड़िया ने महाविद्यालय को परिवार की संज्ञा देते हुए छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की ।साथ ही साथ असिस्टेंट प्रोफेसर कुमारी शिप्रा ने भी विद्यार्थियो को जीवन में आगे बढ़ने एवम सफल होने का मंत्र दिया। डॉ नीलम कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

### सिमडेगा : मानसिक रोगी को पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय लोगों ने कराया बेड़ियों से मुक्त



**सिमडेगा।** सदर थाना की पुलिस और शहर के कुछ सामाजिक युवाओं के द्वारा एक मानसिक रोगी को बेड़ियों से मुक्त कराया गया है। बताया गया कि बंबलकेरा निवासी धनेश्वर प्रधान मानसिक रोग से ग्रसित था। मानसिक रूप से विक्षिप्त होने के कारण इसके परिजन इस बेड़ियों से बांधकर रखते थे। ताकि वह इधर-उधर ना भागे। शहर के कुछ युवाओं को घटना की जानकारी मिली। इसके बाद युवा सदर थाना की पुलिस के साथ गांव पहुंचे और मानसिक रूप से विछिप्त युवक को बेड़ियों से मुक्त कराया और उसे पहनने के लिए कपड़े देते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर सदर थाना के एसआई गौरव गोयल, रिकी वर्मा ऋषि बोंदिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बाल विवाह के खिलाफ 16 दिन की महा अभियान शुरू

**सिमडेगा।** छोटानागपुर कल्याण निकेतन ने बच्चों के बचपन को समर्पित करने वाले बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए सिमडेगा जिले में 16 दिनों की महा-अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बचपन की सुरक्षा और बच्चों के भविष्य का रक्षा करना है।बताया गया बाल विवाह समाज के लिए एक बुराई होता है जो नजरअंदाज नहीं की जा सकती है। इसके चलते छोटानागपुर कल्याण निकेतन ने कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के साथ मिलकर सिमडेगा जिले के गांवों में जागरूकता फैलाने के लिए एक उद्देश्यपूर्ण महा-अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत हर व्यक्ति, परिवार और समूह से एक प्रतिज्ञा ली जा रही है, जिससे सिमडेगा को बाल विवाह से मुक्त किया जा सके।

## दुर्गा पूजा को लेकर केरसई थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**केरसई।** प्रखण्ड अंतर्गत आगामी दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अंचलाधिकारी बलिराम मांझी ने कहा की केरसई का इतिहास सदैव शांतिप्रिय व सौहार्दपूर्ण रहा है ।उसी गरिमा को बरकरार रखते हुए इस बार भी दशहरा का त्यौहार आपसी सौहार्द,शांति व सद्भावना के साथ मनाया जाना है ।वहीं अंचलाधिकारी ने दुर्गा पूजा कमिटी से कमिटी अंतर्गत सदस्यों की सूची मांगी। एस आई राजीव रंजन ने कहा कि कोई भी असामाजिक तत्व सोशल मीडिया या अन्य किसी प्रकारों से सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करते हैं तो उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, साथ ही अफवाहों पर ध्यान ना दें, किसी प्रकार की अप्रिय गतिविधि होती है तो अविलंब थाना को सूचित करें ।मौके पर सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता, बीस सूत्री सदस्य मनोहर प्रसाद, दुर्गा पूजा अध्यक्ष गौतम कुमार, विधायक प्रतिनिधि शशि प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष मानकीलाल, मंडल अध्यक्ष कांग्रेस मनोज कुमार,प्रखण्ड अध्यक्ष कांग्रेस जेफरेंन केरकेट्टा, मुखिया कोनजोबा मुंस खेस्स, केरसई मुखिया फबियोला खेस्स, बसारत अंसारी, राधेश्याम प्रसाद, प्रणव कुमार, राजेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद सहित थाना परिवार मौजूद थे।

## केरसईः संतान की दीघार्यु के लिए माताओं ने किया जिवित्पुत्रिका व्रत



नवीन मेल संवाददाता

**केरसई।** अपने पुत्र की लंबी आयु की कामना को लेकर महिलाओं ने विधि विधान के साथ शुक्रवार को केरसई में जीवित्पुत्रिका व्रत किया माताओ ने 36 घण्टे का निर्जला जितिया व्रत किया।मान्यता है कि माताएं इस दिन अपनी संतानों की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन के लिए निर्जला उपवास करती हैं ,हर वर्ष आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन जीवित्पुत्रिका का व्रत किया जाता है ।धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक जितिया व्रत को करने से संतान दीघार्यु होते हैं और उन पर आने वाला हर संकट टल जाता है।पंडित गोपाल ने जीवित्पुत्रिका की पूजा कराते हुए कथा में कहा कि महाभारत युद्ध के दौरान जब द्रोणाचार्य की मृत्यु हुई तो इसका बदला लेने के लिए उनके पुत्र अश्वत्थामा ने क्रोध में आकर ब्रह्म शास्त्र चला दिया जिसकी वजह से अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई तब भगवान श्रीकृष्णा उत्तरा की संतान को फिर से जीवित कर दिया। बाद में उसे बच्चे का नाम जीवित्पुत्रिका रखा गया कहते हैं कि तभी से अपनी संतान की लंबी आयु के लिए माताएं जितिया का व्रत करने लगी।इधर केरसई के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्राँगण में ढेरों महिलाओं ने सामूहिक रूप से जितिया का पूजन किया। इस दौरान पूरे विधि विधान के साथ पुरोहित नवीन मिश्रा ने पूजा अर्चना करवाई और कथा का वाचन किया।माताओं ने व्रत रखकर संतान के दीघार्यु होने की भगवान से प्रार्थना की।

## उद्घाटन | मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राजीय फुटबॉल प्रतियोगिता

# गांगुटोली ने नवागांव लोहंडा को 6-0 से हराया



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जलडेगा प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतराज्जीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उदघाटन हुआ। नवयुवक संघ एवं मोटिया संघ जलडेगा द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का उदघाटन झापा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष ओपी अग्रवाल, झापा जिलाध्यक्ष मतियस बागे, ओलिवर लकड़ा, समिति के संरक्षक सुभाष साहु आदि ने फिता काटकर प्रतियोगिता का उदघाटन किया। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच एससीएस गांगुटोली बनाम नवागांव लोहंडा के बीच खेला गया। जिसमें गांगुटोली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नवागांव की टीम को 6-0 से पराजित किया। मौके पर अपने संबोधन में अतिथियो ने बेहतर आयोजन के लिए समिति को धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियो को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। हॉकी की तरह ही फुटबॉल में भी जिले का नाम रोशन करने की बात कहते हुए अतिथियों ने सभी खिलाड़ियो को शुभकामना दी। प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोग देने वाले पूर्व मंत्री एनोस एक्का, संदेश एक्का के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया। मौके पर उम्बलन कंडुलना, अनिमा टोपनो, बालमुनि लुगुन, विनोद बड़ाईक, रोयन टोपनो, नितेन्द्र प्रसाद, जोगेश्वर प्रधान, नरेश नायक, जंयती बड़ाईक, आकाश साहु, आशीष साहु, चिराग बाड़ा, रवि बड़ाईक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गौ माता की सेवा से कष्टों का होगा नाश जीवन बनेगा आनंदमय : आचार्य अनिरुद्ध



नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** श्री कोडरमा गौशाला प्रांगण में 2 से 8 अक्टूबर तक आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत मूल पाठ के पांचवें दिन शुक्रवार को वृंदावन के आचार्य पंडित अनिरुद्ध शर्मा जी एवं आचार्य पंडित भरत शर्मा जी ने श्रीमद् भागवत के दशम स्कन्ध के 51वें अध्याय का पाठ किया. इस दौरान उन्होंने बताया कि इस स्कन्ध में भगवान श्री कृष्णा के जन्म एवं बाल लीलाओं का वर्णन है. उन्होंने कहा कि भगवान का न जन्म होता है और न मृत्यु होती है, भगवान तो केवल प्राकट्य होते हैं. भगवान श्री कृष्ण की सारी लीलाएं केवल अपने भक्तों के लिए थी. भगवान श्री कृष्ण का बाल्य जीवन गौ सेवा में बीता, इसलिए उनका नाम गोपाल पड़ा. श्री कृष्णा गौ माता को खुद स्नान कराते थे और गायों के शरीर पोंछते थे. गाय के बछड़ों को गोद में लेकर पुचकारते थे और उनका शृंगार करते थे. इसी प्रकार आज के समय में गौ माता की सेवा करने से जीवन के दुखों का नाश होगा और जीवन आनंदमय बनेगा. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिस-जिस भक्त ने श्री कृष्णा से उद्धार चाहा वह राक्षस बनकर उनके सामने आता गया और जिसने उनके साथ क्रीड़ा करनी चाही, वह भक्त, सखा, गोपी के माध्यम से सामने आते गए. सभी का उद्देश्य केवल प्रभु श्री कृष्णा के दर्शन करना था. इन दिव्य लीलाओं का श्रवण ही जीवन का सार है. आचार्य अनिरुद्ध जी ने बताया कि कथा के छठे दिन शनिवार को कोलकाता से प्रवचनकर्ता आचार्य पंडित पतंजलि शर्मा श्री कोडरमा गौशाला प्रांगण पहुंचेंगे. गौशाला में दोपहर 3 बजे से शाम के 6 बजे तक उनके द्वारा गौ माता की महिमा पर प्रवचन दिया जाएगा.

## गागर में सागर

### केतार के मुखिया साह ने विद्यालय का किया निरीक्षण, बच्चों ने की शिकायत



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार का निरीक्षण किया। इस क्रम में मुखिया ने सभी कक्षा में जाकर शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति पंजी का भी निरीक्षण किया। मुखिया को बच्चों ने मध्याह्न भोजन के बारे में बताया कि इसमें चावल, दाल और आलू की सब्जी मिला है, लेकिन शुक्रवार होने के बावजूद फल या अंडा नहीं मिला है। बच्चों ने मुखिया से शिकायत की कि जिस दिन फल मिलता भी है तो सेब छोटा साइज का मिलता है। मुखिया ने शिक्षकों और संयोजिका को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मध्याह्न भोजन प्रतिदिन मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण देने को कहा। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश्वर रजक गायब मिले। शिक्षकों ने बताया कि ऑनलाइन हाजिरी बनाने मध्य विद्यालय मुकुंदपुर गये हैं। मुखिया ने कहा कि इसकी लिखित शिकायत बीईओ से कि जायेगी। उल्लेखनीय है कि सरकारी विद्यालयों में शुक्रवार को चावल, दाल, हरी सब्जी, एक उबाला हुआ अंडा या शाकाहारी बच्चों के लिए मौसमी फल देना है, लेकिन इस विद्यालय में सरकार के निर्देशों की अवहेलना कर राशि उगाही की जा रही है। मौके पर सहायक शिक्षक मुजफ्फर हुसैन, असीम अंसारी, संयोजिका जुबैदा बीबी मौजूद थे।

### 'जागरूकता से बढ़ सकता है मतदान'

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को चुनाव पाठशाला व निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिये अपने विद्यालय व मतदान केंद्रों पर विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गये ईएलसी कीट का उपयोग करते हुये विभिन्न गतिविधियों को संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है और नैतिक मतदान पर बल दिया जा सकता है। प्रशिक्षक कौशल कुमार व जितेन्द्र कुमार ने सभी ईएलसी के नोडल अधिकारियों को इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी उत्तम रंजन, उच्च विद्यालय गरबांध के कृष्ण कुमार गुप्ता, उच्च विद्यालय जमुआ के धनंजय कुमार यादव, अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के कुमारी जया, प्लस टू उच्च विद्यालय के अमरेंद्र दास, बीएलओ चिंता कुमारी देवी, आशा देवी, नागवंती देवी, रेणु देवी, आसमा खातून, राबिया बानो, शबनम बीबी, सीमा देवी मौजूद थे।

### श्री बंशीधर नगर : समिति का पुनर्गठन

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के नरही पंचायत अंतर्गत सलसलादी दामर ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के निकट ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत वन अधिकार समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से रामवृक्ष राम को अध्यक्ष, दुखहरन पासवान को सचिव, भिखारी राम, भोलाराम, महबूब आलम, आजाद हुसैन अंसारी, अमरेंद्र पासवान, राम जन्म राम, अशोक राम, मुकेश कुमार, रूबी देवी, राजपति देवी, सीमा देवी, विंदा देवी, चंपा देवी को सदस्य बनाया गया। मौके पर पंचायत के उप मुखिया शारदा पासवान, वार्ड सदस्य शर्मा राम, रामवृक्ष राम, बुधन चौधरी, छोटेलाल चौधरी, शंभू चौधरी, सुनील राम, विदेशी चौधरी, सद्दाम हुसैन, अख्तर, विश्वनाथ राम, अलीम अंसारी आदि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने की।

### वन अधिकार समिति का किया पुनर्गठन



**रमना।** वन अधिकार अधिनियम - 2006 के अंतर्गत ग्राम वन अधिकार समिति का पुनर्गठन ग्राम छपरदागा एवं मंगरा के लिए मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम-छपरदागा में सर्वसहमति से गोखुल परहिया को अध्यक्ष एवं शंभू सिंह को सचिव चयन किया गया। साथ ही 12 सदस्यों का भी चयन किया गया। ग्राम मंगरा में सरदार उरांव को अध्यक्ष, डोमन उरांव को सचिव चुना गया। समिति में 12 सदस्य भी नामित किए गए। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार वार्ता कर दी जानकारी, तीन अपराधियों को पहले गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है जेल

# भंडरिया के जंगल में लूटपाट का मास्टरमाइंड छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पुलिस ने भंडरिया थाना के ग्राम बिंदा से पूरब स्थित जंगल में छत्तीसगढ़ के जिला सूरजपुर के चंदौरा थाना क्षेत्र के घाटपेंडारी थाना क्षेत्र के सत्यनारायण मरावी के साथ 27 जनवरी को लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी मिकाइल खान छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के डूमरडीह पंचायत के सोनीपरा गांव का रहने वाला है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने पुलिस कार्यालय के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।




पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सत्यनारायण मरावी से पांच अज्ञात अपराधियों की ओर से की गई लूटपाट की घटना को लेकर भंडरिया थाना में मामला दर्ज किया गया था। इसमें सत्यनारायण मरावी से 34 हजार रुपये नकद व कई सामानों की लूट की गई थी। इसके उद्भेदन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी रंका के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। एसआइटी ने मामले का उद्भेदन करते हुए घटना के कुछ दिन बाद ही तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अपराधियों के पास से लूटे गए काले रंग का बैग, बायोमेट्रिक स्कैनर, एसबीआइ बैंक का डेबिट कार्ड एवं भारत फाइनेंस का कलेक्शन रजिस्टर बरामद किया गया था। घटना के बाद से ही इस कांड के साजिशकर्ता मिकाइल खान फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से पांच अक्टूबर को गिरफ्तार किया है। एसपी ने कहा कि मिकाइल खान पूर्व में भारत फाइनेंस नामक कंपनी में कार्यरत था, जहां उसे कंपनी ने गबन का दोषी पाए जाने पर निकाल दिया था। उसकी जगह पर सत्यनारायण मरावी को नियुक्त किया गया था। विद्वेष की भावना से दुष्प्रेरित होकर मिकाइल खान ने अपने दोस्तों के साथ योजना बना कर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस कांड के एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अपना कार्य कर रही है। उसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि छापेमारी दल में शामिल पुलिस निरीक्षक सह भंडरिया के थाना प्रभारी संजय खाखा को एवार्ड दिलाने के लिए अनुशंसा भेजी जाएगी। छापेमारी दल में शामिल पुअनि संजय कुमार को नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया है। मौके पर मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, इंस्पेक्टर सह भंडरिया थाना प्रभारी संजय खाखा, पुअनि संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## सभी थाना क्षेत्रों में चलाई जा रही है एंटी क्राइम चेंकिग : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले में इन दिनों एंटी क्राइम चेकिंग चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि चेकिंग के दौरान लोगों को परेशानी नहीं हो। इसका उद्देश्य क्रिमिनल्स को पकड़ना है। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में समय समय पर एंटी क्राइम चेकिंग चलेगा। अभी एक सप्ताह तक एंटी क्राइम चेकिंग लगातार चलेगा, जबकि आने वाले त्योहारों में भी समय समय पर चेकिंग चलाया जाएगा।




एसपी ने कहा कि नवगठित शक्ति पेट्रोलिंग टीम द्वारा गढ़वा महिला थाना प्रभारी के नेतृत्व में विभिन्न महिला विद्यालय, कालेज, कोचिंग आदि संस्थानों में जाकर शिक्षकों की उपस्थिति में छात्राओं के साथ संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान छात्राओं से मिलकर उनके विद्यालय आने-जाने के क्रम में किसी भी तरह की शिकायत या परेशानी, अभद्र व्यवहार, छेडखानी आदि के संबंध में पूछताछ किया जा रहा है तथा उन्हें रोकथाम एवं सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसके लिए त्वरित सहायता एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए छात्राओं को शक्ति पेट्रालिंग में शामिल पुलिसकर्मियों का मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पाइलट प्रोजेक्ट के तहत फिलवक्त गढ़वा शहर में ही शक्ति पेट्रालिंग चलाई जा रही है। भविष्य में श्रीबंशीधर नगर व रंका में भी पुलिस बल एवं संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर शक्ति पेट्रोलिंग की व्यवस्था हो सकती है, लेकिन गढ़वा शहर में शक्ति पेट्रालिंग का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। छात्राओं के साथ ही संस्थानों के शिक्षक भी शक्ति पेट्रालिंग से जुड़े कर्मियों के पास मोबाइल फोन से जानकारी दे रहे हैं, जिससे मनचले युवकों पर लगाम लगाना आसान हुआ है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शक्ति पेट्रोलिंग द्वारा एक-दो मामलों में मनचले लड़कों को पकड़ कर महिला थाना में लाकर उनके अभिभावक को बुलाकर हिदायत भी देकर छोड़ा गया है। गढ़वा शहर में जिप सदस्य अमृतांजलि दूबे के साथ नकाबपोशों द्वारा दिनदहाड़े झोला समेत 1.5 लाख रुपये की लूट किए जाने के मामले को लेकर एसपी ने कहा कि पुलिस को कुछ वीडियो फुटेज मिले हैं, जबकि बैंक से भी पुलिस ने वीडियो फुटेज लेकर अपराधियों के पहचान में जुटी हुई है। शीघ्र ही उसमें शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी होगी।

# खरौंधी में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

## बाजार क्षेत्र में अंचलाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस के जवानों की उपस्थिति में की गई कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

खरौंधी बाजार क्षेत्र में शुक्रवार को अंचलाधिकारी गणेश महतो के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इसमें खरौंधी थाना पुलिस के जवान भी शामिल थे। पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने खरौंधी बाजार में मुख्य सड़क के दोनों ओर अभियान चलाकर सड़क को अतिक्रमणमुक्त करवाया। इस दौरान पुराने प्रखंड भवन से लेकर बाजार समिति तक डेढ़ दर्जन से अधिक घरों व दुकानों के सामने से अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए, जबकि शनिवार को बाजार समिति से चंदनी मोड़ तक का अतिक्रमण हटाया जाएगा।





अतिक्रमण हटाओ टीम में शामिल अंचल निरीक्षक मोजीब खान ने बताया कि पुराने प्रखंड भवन से मेन रोड मुख्य बाजार होते हुए करीवाडीह-चंदनी मोड़ स्थित तोरणद्वार तक सड़क के दोनों ओर के सारे अस्थाई अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। पहले अतिक्रमणकर्ता को नोटिस दिया गया था। आज भी अभियान के दौरान अतिक्रमणकर्ता को मौके पर ही खुद से अतिक्रमण हटाने का मौका दिया जा रहा है। इस दौरान अतिक्रमणकर्ता खुद से अतिक्रमण हटा भी रहे हैं। वहीं जो अतिक्रमणकर्ता नोटिस मिलने के बाद भी खुद से अतिक्रमण नहीं हटा रहे हैं उनका टीम के साथ चल रहे दो-दो जेसीबी मशीन से अस्थायी अतिक्रमण को हटाया जा रहा है।

**बाजार क्षेत्र में 68 लोगों ने घर और दुकान बनाकर कर लिया है अतिक्रमण :** सीआई ने बताया कि अभी बाजार क्षेत्र का अस्थायी अतिक्रमण हटाया जा रहा है। इसके लिए सार्वजनिक एनाउंस करने के साथ ही नोटिस दिया गया था, लेकिन खरौंधी बाजार क्षेत्र में 68 लोगों ने पक्के घर और दुकान/ गुमटी बनाकर स्थायी अतिक्रमण कर लिया है। उन्हें अपना स्थायी अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया जा रहा है। नोटिस देकर पक्के घर और दुकान के रूप में स्थायी अतिक्रमण करने वाले लोगों और दुकानदारों को खुद से अतिक्रमण हटाने के लिए बोला गया है। तीन नोटिस के बाद भी अगर स्थायी अतिक्रमण उनके द्वारा नहीं हटाया गया तो प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा और हटाने का खर्च अतिक्रमणकारी से वसूला जाएगा।

**स्थायी अतिक्रमण करने वाले इन लोगों को नोटिस :** स्थायी अतिक्रमण करने वाले शंकर साव, बनारसी पटवा, लालमुनी पटवा, प्रताप साव, सुमेर साव, नन्हक बैठा, टीबर बैठा, तपेश्वर पासवान, सखी पासवान, हीरा पासवान, शिवचरण राम, सीता ठाकुर, दशरथ, स्व भोला साव, राजेंद्र साव, सुमित साव, हरिवंश साव, कुर्बान अंसारी, धर्मदेव यादव, गिरिवर गुप्ता, उमाशंकर जायसवाल, विजय शंकर जायसवाल, शिवप्रसाद जायसवाल, अवध साव, रमन साव, सोबरन मेहता, इसराज अंसारी, कमल महतो, सुरेंद्र प्रजापति, बिहारी राम, ललन पासवान, खेलावन पासवान, सुरेश राम, उमेश राम, बबलू रवानी, मुरली चंद्रवंशी, कृष्ण चंद्रवंशी, खुर्शीद आलम, सुजीत उरांव, कैलाश साव, गुलाबचंद प्रजापति, जफ्फर अंसारी आदि को नोटिस दिया गया है।

### राशन का उठाव कराना पारा शिक्षक को पड़ा महंगा


**डंडई।** पत्नी व बच्चों के नाम से राशन कार्ड बनवाकर डीलर की दुकान से खाद्यान्न का उठाव करना डंडई के पश्चिम आदिवासी टोला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत पारा शिक्षक दीनानाथ प्रसाद को भारी पड़ गया। मामले में अंचल कार्यालय ने नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। ऐसा नहीं करने पर विधि सम्मत कार्रवाई को लेकर जिला आपूर्ति कार्यालय गढ़वा को पत्र लिखने की बात कही गई है। नोटिस में बताया गया है कि आपके द्वारा प्रत्येक माह डीलर की दुकान से खाद्यान्न का उठाव कराया गया है, जबकि आप उक्त विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर वर्ष 2008 से कार्यरत हैं। बावजूद उक्त शिक्षक के द्वारा बीते अगस्त माह तक बेरोकटेक डीलर की दुकान से खाद्यान्न उठाने का काम किया गया है। मामले को राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से उठाया था। उसके बाद तात्कालिक प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा मामले पर कार्रवाई शुरू की गई थी।

# विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है गढ़वा : मंत्री

### कहा-चार करोड़ की लागत से होगा दो पुल का निर्माण मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से दो पुल का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इस के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिले के सदर प्रखंड गढ़वा एवं रंका प्रखंड में इन पुलों का निर्माण किया जाएगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा सदर प्रखंड के ग्राम चिरौंजिया में सरस्वती नदी पर क्षतिग्रस्त पुल का नवनिर्माण किया जाएगा। इसका निर्माण दो करोड़, 15 लाख, 88 हजार, 900 रुपये की लागत से किया जाएगा, जबकि रंका प्रखंड के चुटिया पंचायत में स्थित पुराना पानी टोला में कोरवा धियार नाला पर एक करोड़, 83 लाख, 72 हजार, एक सौ रुपये की लागत से नया पुल का निर्माण कराया जाएगा।



मंत्री ने बताया कि चिरौंजिया में पुल काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। जबकि रंका के चुटिया में उक्त नाला पर पुल की अति आवश्यक थी। इन दोनों पुलों का निर्माण जनहित में प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रतिदिन गढ़वा के लिए कोई न कोई नई विकास योजना की स्वीकृति मिल रही है। साथ ही काफी तेजी से काम भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब से गढ़वा की जनता ने उन्हें अपना सेवक चुना है, तब से वे लगातार एक ही मिशन में लगे हुए हैं कि कैसे अधिक से अधिक गढ़वा का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने से पूर्व ही क्षेत्र भ्रमण के दौरान पूरे गढ़वा की स्थिति की तस्वीर उनके जेहन में बैठ गई है। वे गढ़वा को दुर्दशा भरी स्थिति से बाहर निकालने के लिए दिन-रात ईमानदारी पूर्वक प्रयासरत हैं। यही कारण है कि मात्र चार वर्षों के अंदर पूरी तरह से गढ़वा की तस्वीर बदल गई है। आने वाले समय में गढ़वा दुर्दशा की दंश झेलता हुआ नजर नहीं आएगा। बल्कि बिल्कुल नया एवं विकसित गढ़वा सबके सामने होगा। पहले बाहर के लोग यहां की स्थिति के कारण गढवा आना नहीं चाहते थे, परंतु अब लोग यहां की बेहतरी देखने के लिए गढ़वा आएंगे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में सड़कों की काफी बेहतर कनेक्टिविटी हो गई है। जिससे अब यहां की सुदूर क्षेत्रों में स्थित पर्यटन स्थलों का भी विकास होगा और बाहरी पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी। बहुत जल्दी गढ़वा विकास के शिखर पर खड़ा होगा।

# 'गढ़वा में टेंडर पेपर की हो रही है लूट'

### पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ न कहा-इस खेल में मंत्री के पोषक आपराधिक चरित्र के लोग शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा में खुलेआम टेंडर पेपर लूटा जा रहा है। इस खेल में मत्री के द्वारा पोषक आपराधिक चरित्र के लोग शामिल हैं। गढ़वा नगर परिषद के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में 15वें वित्त आयोग की राशि से 12 ग्रुप में टेंडर आमंत्रित किया गया था। सभी ग्रुप में टेंडर डालने वाले संवदेकों को टेंडर पेपर जमा करने की अंतिम तिथि शुक्रवार को थी। पूर्व विधायक ने कहा कि शुक्रवार को जब कई संवेदकों ने टेंडर पेपर जमा करने के लिए नगर परिषद कार्यालय पहुंचे तो, वहां पर पहले से मौजूद कुछ असमाजिक तत्व उन्हें टेंडर पेपर जमा करने से रोकने लगे। उसके बाद संवदेकों ने उसकी सूचना पूर्व विधायक को दी। पूर्व विधायक ने बताया कि टेंडर में हो रहे धांधली की सूचना पर उन्होंने तत्काल डीसी को टेलिफोनिक



सूचना देकर नगर परिषद में पुलिस बलों को प्रतिनियुक्त करने का आग्रह किया ताकि संवदेक बगैर किसी भय में अपना टेंडर पेपर जमा करे। ताकि निष्पक्ष टेंडर हो सके। उनकी सूचना के बाद डीसी ने वहां पर चार-पांच पुलिस कर्मी को भेज दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि डीसी के निर्देश पर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे पुलिस कर्मी फेयर टेंडर कराने के बजाए टेंडर में व्यवधान करने वाले लोगों को ही संरक्षित करने लगे। पूर्व विधायक ने कहा कि डीसी मंत्री के एजेंट के रूप में काम काम कर रहे है। जिला प्रशासन तत्काल सभी टेंडर को रद् कर पुनः टेंडर निकाले, अन्यथा भाजपा के लोग अब उलगुलान का रास्ता अख्तियार करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर टेंडर में इसी तरह धांधली होते रहा और जिला प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा, तो अब भाजपा के लोग सभी विभागों में टेंडर पेपर जमा करने के दिन संवेदकों की सुरक्षा में बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार आते-जाते रहता है। लेकिन सरकारी सेवक किसी व्यक्ति विशेष या दल का पार्टी बनकर अपना कैरियर खराब करने पर क्यों तुले हुए है। इस मामलें की जानकारी वह केंद्रीय नगर विकास विभाग के मंत्री और सचिव को देकर गढ़वा जिला में हो रहे काले कारनामें का पदार्फाश करेंगे।

## पहल | थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक, कहा

# हमारा जीवन अमूल्य, इसे लापरवाही से न गंवाए

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने गुरुवार को भवनाथपुर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत कैलान झुरही टोला के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा यातायात नियम, साइबर क्राइम व कुप्रथाओं, अंधविश्वासों, ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ विषयवार संबंधित जानकारी दी।



इस मौके पर रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की और सामने वाले की भी जान बचा सकते हैं। हमारा जीवन अमूल्य है। इसको लोग क्षण भर की लापरवाही से गंवा दे रहे हैं। कहा कि जब भी आपके पिता, भाई या अपने करीबी लोग बाइक चलाते हैं, तो उन्हें जरूर हेलमेट पहनने को कहें। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलानी चाहिए। कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधना चाहिए, हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा अपने स्वजन से पालन कराएं। इसके साथ ही सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। कहा कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियम का पालन न करने के चलते होती हैं। पुलिस अगर आपकी गाड़ी पकड़ती है तो आपको चालान के रूप में आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक परेशानी भी होती होगी। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि यातायात नियमों का अनुपालन खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। सड़क दुर्घटना में अगर कोई घायल दिखता है तो संवेदना दिखाते हुए 100 नंबर या स्थानीय पुलिस को सूचित करें। जरूरी हो तो उसे 108 एंबुलेंस को कॉल करें व एक अस्पताल तक भेजने में मदद करें। यह सच्ची मानवता है। वहीं कुप्रथा के बारे में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो में लोग अशिक्षा व अंध विश्वास में पड़कर एक दूसरे को नुकसान के साथ-साथ जघन्य हत्या तक करने को आतुर हैं, जिससे बचने की जरूरत है।

### दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर हुई बैठक

**भवनाथपुर।** कैलान पंचायत के झुरही टोला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सभी ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा भव्य तरीके से मनाया जायेगा। इसके लिए गठित कमिटी में अध्यक्ष रुपदेव सिंह, उपाध्यक्ष विशेश्वर सिंह, सचिव रामचंद्र यादव, सह सचिव उमेश यादव, कोषाध्यक्ष शिवपूजन सिंह, संरक्षक रामजन्म सिंह को बनाया गया, जबकि सदस्य के रूप में रामगणेश यादव, योगेंद्र यादव, गिरिजा सिंह, सोबरन अगरिया, शंभु सिंह, सरजू सिंह, लखन कोरवा, मनोज यादव, हलकन सिंह, सत्येंद्र कोरवा आदि के नाम शामिल है।

# खरौंधी के नए थानेदार के रूप में पंकज ने लिया प्रभार



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

खरौंधी के नए थानेदार के रूप में पंकज कुमार सिंदुरिया ने प्रभार ग्रहण किया। स्थानांतरित थाना प्रभारी अभय कुमार ने नवपदस्थापित थाना प्रभारी सिंदुरिया को प्रभार सौंपा। इस मौके पर थाना के प्रांगण में स्थानांतरित थाना प्रभारी अभय कुमार विदाई दी गई। साथ ही नए थाना प्रभारी स्वागत किया गया। सिंदुरिया ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी गांव टोलों में शांति कायम रखना प्राथमिकता होगी। लॉ एंड ऑर्डर साथ ही पब्लिक पुलिस समन्वय स्थापित कर सोशल पुलिसिंग के माध्यम सामाजिक सौहार्द बनाने का हरसंभव प्रयास होगा। मौके पर आजसु के जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी, समाजसेवी डॉ रामनाथ मेहता, जिप सदस्य धर्मराज पासवान, उप प्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, उमेश जायसवाल, सोनू कुमार, उपेंद्र कुमार मेहता, अजय मेहता आदि मौजूद थे।

ज्ञान की बात

कुछ लोग दिखावे के लिए अच्छे बनते है मगर वे लोग ये भूल जाते है की ईश्वर से कुछ भी नहीं छिपा है वो आपको बाहर से नही भीतर से जनता है !


– अज्ञात

# बारिश से उम्मीदों का आकाश

**झारखंड** में खरीफ की खेती के लिए महत्वपूर्ण सावन व भादो की मॉनसूनी बेवफाई के बाद हथिया की बरसात ने किसानों में आगामी फसल के लिए एक आस जगाई है। लम्बे समय के बाद बीते दिनों से बारिश की झड़ी लगी है। इससे मौसम भी खुशगवार हो गया है। उमस व गर्मी के बाद झमाझम बारिश से जहां आम जनमानस को राहत मिली है वहीं खेत में लगी फसलों को फायदा होने का अनुमान है। हालांकि जून से सितंबर माह तक वास्तविक औसत वर्षापात 50 प्रतिशत या उससे भी कम रहने के कारण जिले में खरीफ की खेती लक्ष्य का महज 33 प्रतिशत ही हो सकी है। यानि 67 प्रतिशत खेत बारिश की आस में खाली रह गये हैं। राज्य के पलामू की बात की जाये तो धान की फसल तो महज 10प्रतिशत ही लगाई जा सकी है। सरकारी आकड़ों पर गौर करें तो धान के करीब 44 हजार हेक्टेयर रकबा के खेत खाली रह गये हैं। कृषि विभाग के आकड़ों के अनुसार पलामू में खरीफ मकई की खेती लक्ष्य के 62 प्रतिशत, दलहनी फसलें 41 प्रतिशत, तेलहनी फसल यथा तिल, मुगफली व सोयाबीन आदि 40 प्रतिशत एवं मोटे अनाज की खेती लक्ष्य का करीब 13 प्रतिशत ही हुई है। इसका मुख्य कारण मॉनसूनी बरसात का पर्याप्त नहीं होना रहा है। सरकारी आकड़ों के अनुसार चालू वर्ष के जून माह में जिले का वास्तविक औसत वर्षपात 37 प्रतिशत, जुलाई का 41 प्रतिशत अगस्त माह का 48 प्रतिशत रहा है। सितंबर माह में मौनसून के थोड़ा मेहरबान होने पर जिले में औसत वर्षा 206.6 मिमी के विरुद्ध वास्तविक औसत वर्षा 150.3 मिमी यानि 72.7 प्रतिशत हुई है। लगातार दूसरे वर्ष भी मॉनसूनी सीजन में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण जिले के बड़े व छोटे सभी जलस्त्रोत सूखे पड़े हैं। नतीजा ग्राउंड वाटर लेवल भी लगातार घटा है। जिसका प्रतिकूल असर खरीफ की खेती पर लगातार दूसरे वर्ष भी पड़ा है। जिसने किसानों की बची खुची पूंजी को भी स्वाहा कर पूरी तरह कमर तोड़ दी है। इधर 28 सितंबर से शुरू हुये हथिया नक्षत्र ने किसानों में रबी की फसल को लेकर एक आश जगाई है। जानकार बताते हैं कि हथिया नक्षत्र में घनघोर बारिश होती है। आसमान में काले बादल छाये रहते हैं। इसका असर भी पलामू में दीख रहा है। कहा जाता है कि हथिया की बरसात से खरीफ के साथ साथ आगामी रबी की फसल की खेती का भविष्य भी सुखद होता है। क्योंकि हथिया की बरसात से नदी नालों की बहार लौट आती है तो आहर व तालाब जैसे जलस्त्रोत लबालब भर जाते हैं। किसान के खेतों में लगी फसलों के लिए सिचाई की सुविधा आसान हो जाती है। लोक कवि घाघ ने भी कहा है कि 'आवत आदर ना दिनी, जात ना दिनी हस्त, ये दोनों पछताएंगे पाहून और गृहस्थ। बहरहाल हथिया की शरूआती रंग ने संकट से जूझ रहे किसानों में एक आस जगाई है। अगर हथिया ने इस बार धोखा दिया तो अकाल से कोई नहीं बचा सकता है। बहरहाल अन्नदाता के चेहरे पर आई मुस्कराहट बनी रहे,यही उम्मीद हम कर सकते हैं। इस बारिश से गेहूं खेती की पैदावार अच्छी होती है,तो कुछ हद तक धान की खेती पर मलहम लग सकता है।

**उमस व गर्मी के बाद झमाझम बारिश से जहां आम जनमानस को राहत मिली है वहीं खेत में लगी फसलों को फायदा होने का अनुमान है। हालांकि जून से सितंबर माह तक वास्तविक औसत वर्षापात 50 प्रतिशत या उससे भी कम रहने के कारण जिले में खरीफ की खेती लक्ष्य का महज 33 प्रतिशत ही हो सकी है।**

# एम. एस. स्वामीनाथन ने कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किये



**प्रोफेसर** एम.एस. स्वामीनाथन अब हमारे बीच नहीं हैं। हमारे देश ने एक ऐसे दूरदर्शी व्यक्ति को खोया है, जिन्होंने भारत के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किये। हमने एक ऐसे महान व्यक्ति को खोया है, जिनका भारत के लिए योगदान हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा। प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन भारत से प्रेम करते थे और चाहते थे कि हमारा देश और विशेषकर हमारे किसान समृद्धि के साथ जीवन यापन करें। वे अकादमिक रूप से प्रतिभाशाली थे और किसी भी करियर का विकल्प चुन सकते थे, लेकिन 1943 के बंगाल के अकाल से वे इतने द्रवित हुए कि उन्होंने तय कर लिया कि अगर कोई एक चीज, जिसे वे करना चाहेंगे, तो वो है - कृषि क्षेत्र का कायाकल्प। बहुत छोटी उम्र में, वे डॉ. नॉर्मन बोरलॉग के संपर्क में आये और उनके काम को गहराई से समझा। 1950 के दशक में, अमेरिका ने उन्हें एक फैकल्टी के तौर पर जुड़ने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया, क्योंकि वे भारत में रहकर देश के लिए काम करना चाहते थे। आज हम सभी को दशकों पहले की उन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बारे में विचार करना चाहिए, जिनका प्रो. स्वामीनाथन ने डटकर सामना किया और हमारे देश को आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के मार्ग पर आगे ले गये। आजादी के बाद पहले दो दशकों में, हम कई चुनौतियों का सामना कर रहे थे और उनमें से एक थी- खाद्यान्न की कमी। 1960 के दशक की शुरूआत में, भारत अकाल से जूझ रहा था। इसी दौरान, प्रोफेसर स्वामीनाथन की दृढ़ प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता ने कृषि सेक्टर के एक नये युग की शुरूआत की। कृषि और गेहूं प्रजनन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में उनके अग्रणी कार्यों से गेहूं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ऐसे प्रयासों का ही परिणाम था कि भारत खाद्यान्न की कमी वाले देश से खाद्यान्न में आत्मनिर्भर वाले राष्ट्र के रूप में परिवर्तित हो गया। इस शानदार उपलब्धि की वजह से से उन्हें भारतीय हरित क्रांति के जनक की उपाधि मिली, जो बिल्कुल सही भी है। हरित क्रांति में भारत की कैन डू की भावना झलकती है, यानी कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। अगर हमारे सामने करोड़ों चुनौतियां हैं, तो उन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिए इनोवेशन की लौ जलाने वाले करोड़ों प्रतिभाशाली लोग भी हैं। हरित क्रांति शुरू होने के पांच दशक बाद, भारतीय कृषि पहले से अधिक आधुनिक और प्रगतिशील हो गई है। लेकिन, प्रोफेसर स्वामीनाथन द्वारा रखी गई नींव को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रोफेसर स्वामीनाथन ने आलू की फसलों को प्रभावित करने वाले कीटों से निपटने की दिशा में भी प्रभावी अनुसंधान किया था। उनके शोध ने आलू की फसलों को ठंड के मौसम का सामना करने में भी सक्षम बनाया। आज, दुनिया सुपर फूड के रूप में मिलेट्स या श्रीअन्न के बारे में बात कर रही है, लेकिन प्रोफेसर स्वामीनाथन ने 1990 के दशक से ही मिलेट्स के बारे में चर्चा को प्रोत्साहित किया था। प्रो. स्वामीनाथन के साथ मेरी व्यक्तिगत बातचीत का दायरा बहुत व्यापक था। इसकी शुरूआत 2001 में मेरे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद हुई। उन दिनों, गुजरात आज की तरह अपने कृषि सामर्थ्य के लिए नहीं जाना जाता था। हर कुछ साल पर पड़ने वाले सूखे, तबाही लाने वाले चक्रवात और भूकंप ने राज्य की विकास यात्रा को बुरी तरह प्रभावित किया था। उसी दौर में हमने सॉइल हेल्थ कार्ड की पहल की थी। हमारी कोशिश थी कि हमारे किसानों को मिट्टी को बेहतर ढंग से समझने और समस्या आने पर उसका समाधान करने में मदद मिले। इसी योजना के सिलसिले में मेरी मुलाकात प्रोफेसर स्वामीनाथन से हुई। उन्होंने इस योजना की सराहना की और इसके लिए अपने बहुमूल्य सुझाव भी साझा किये। उनका समर्थन उन लोगों को समझाने के लिए पर्याप्त था, जो इस योजना को लेकर संशय में थे। आखिरकार इस योजना ने गुजरात में कृषि क्षेत्र की सफलता का सूत्रपात कर दिया। मेरे मुख्यमंत्री रहने के दौरान और उसके बाद जब मैंने प्रधानमंत्री का पद संभाला, तब भी हमारी बातचीत चलती रही। मैं उनसे 2016 में इंटरनेशनल एग्रो-बायोडाइवर्सिटी कांग्रेस में मिला और अगले वर्ष 2017 में, मैंने उनके द्वारा लिखित दो-भाग वाली पुस्तक श्रृंखला लॉन्च की। कुरल ग्रंथ के मुताबिक किसान वो धुरी हैं, जिसके चारों तरफ पूरी दुनिया घूमती है। ये किसान ही हैं, जो सब का भरण-पोषण करते हैं। प्रो. स्वामीनाथन इस सिद्धांत को अच्छी तरह समझते थे। बहुत से लोग उन्हें कृषि वैज्ञानिक कहते हैं, यानी कृषि के एक वैज्ञानिक, लेकिन, मेरा हमेशा से ये मानना रहा है कि उनके व्यक्तित्व का विस्तार इससे कहीं ज्यादा था। वे एक सच्चे किसान वैज्ञानिक थे, यानी किसानों के वैज्ञानिक। उनके दिल में एक किसान बसता था। उनके कार्यों की सफलता उनकी अकादमिक उत्कृष्टता तक ही सीमित नहीं है; ये लैब के बाहर, खेतों और मैदानों में स्पष्ट रूप से दिखती है। उनके कार्य ने साइंटिफिक नॉलेज और उसके प्रैक्टिकल उपयोग के बीच के अंतर को कम कर दिया। उन्होंने 'मन एडवांसमेंट और इकोलॉजिकल सस्टेनेबिलिटी के बीच संतुलन पर जोर देते हुए हमेशा सस्टेनेबल एग्रीकल्चर की वकालत की। यहां मैं विशेष तौर पर ये भी कहूंगा कि प्रो. स्वामीनाथन ने छोटे किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उन तक इनोवेशन का लाभ पहुंचाने पर बहुत जोर दिया। वे विशेष रूप से महिला किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रति समर्पित थे। प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन के व्यक्तित्व का एक और पहलू भी है, जो बेहद उल्लेखनीय है। वो इनोवेशन और मेंटोरशिप को बहुत बढ़ावा देते थे। जब उन्हें 1987 में पहला वर्ल्ड फूड प्राइज मिला, तो उन्होंने इसकी पुरस्कार राशि का उपयोग एक गैर-लाभकारी रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना में किया। आज भी, यह फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्य कर रहा है। उन्होंने अनगिनत प्रतिभाओं को निखारा है और उनमें सीखने और इनोवेशन के प्रति जुनून पैदा किया है। तेजी से बदलती दुनिया में, उनका जीवन हमें ज्ञान, मार्गदर्शन और इनोवेशन की स्थायी शक्ति की याद दिलाता है। प्रोफेसर स्वामीनाथन एक संस्थान निर्माता भी थे। उन्हें कई ऐसे केन्द्रों की स्थापना का श्रेय जाता है, जहां आज वाइब्रेंट रिसर्च हो रही है। उन्होंने कुछ समय तक मनीला स्थित इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट में भी अहम जिम्मेदारी निभाई थी। दक्षिण एशिया में इस संस्थान का रीजनल सेंटर 2018 में वाराणसी में खोला गया था। मैं प्रो. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने के लिए फिर से कुरल ग्रंथ को उद्धृत करूंगा। उसमें लिखा है, यदि योजना बनाने वालों में दृढ़ता हो, तो वे वही परिणाम हासिल करेंगे, जो वे चाहते हैं। प्रो. स्वामीनाथन एक ऐसे दिग्गज व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवन की शुरूआत में ही ये तय कर लिया था कि वो कृषि को मजबूत करेंगे और किसानों की सेवा करेंगे। उन्होंने इस संकल्प को बेहद ही रचनात्मक तरीके से और जुनून के साथ निभाया। जैसे-जैसे हम एग्रीकल्चरल इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी के रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे, डॉ. स्वामीनाथन का योगदान हमें निरंतर प्रेरित व मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा। हमें उन सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते रहना होगा, जो उन्हें बेहद प्रिय थे। इन सिद्धातों में किसानों के हितों की वकालत करना, साइंटिफिक इनोवेशन के लाभ को कृषि विस्तार की जड़ों तक पहुंचना और आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास, स्थिरता एवं समृद्धि को बढ़ावा देना शामिल है। मैं एक बार फिर प्रोफेसर स्वामीनाथन को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं।

■ नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री

**हरित क्रांति में भारत की कैन डू की भावना झलकती है, यानी कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। अगर हमारे सामने करोड़ों चुनौतियां हैं, तो उन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिए इनोवेशन की लौ जलाने वाले करोड़ों प्रतिभाशाली लोग भी हैं।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

***अभिमानी*** भगवान ब्रह्मा स्वयं को 'प्रजापिता' अर्थात सभी का निर्माता और वेदों के ज्ञाता मानते थे इसलिए वे गरुड़ जी से सहमत नहीं थे। कबीर परमेश्वर ने धर्मदास जी को आगे बताया कि 'तब भगवान ब्रह्मा ने एक सभा बुलाई जिसमें भगवान विष्णु, भगवान शिव, इंद्रदेव, सभी देवता और ऋषि मौजूद थे। उनमें से कोई भी गरुड़ जी द्वारा बताये गये तथ्यों से सहमत नहीं था कि काल की दुनिया में हर कोई नश्वर है। अंत में, देवी दुर्गा को सत्य प्रकट करने के लिए बुलाया गया। उन्होंने गरुड़ जी का साथ देते हुए कहा कि तुम सब नाशवान हो। वास्तव में, एक पूर्ण ईश्वर कोई और है जो अजर अमर और सभी का पालन-पोषण करता है। यह सुनकर सभा की कार्यवाही स्थगित हुई और सभी चले गये। ब्रह्मा, विष्णु और शिव सहमत नहीं थे और उन्होंने गरुड़ जी से कहा कि वे जिस तरह से चाहते हैं उनकी जांच कर सकतें और उन्हें यह साबित करना होगा कि उन सभी के पास सीमित शक्ति है और केवल कर्मों का फल ही प्रदान कर सकते हैं। कबीर परमेश्वर ने धर्मदास से कहा कि इसके बाद गरुड़ जी मदद मांगने उनके पास आये। मैंने उनसे कहा कि 'बांग' देश (वर्तमान बांग्लादेश) में एक ब्राह्मण का 12 साल का बेटा है। उसके मरने में केवल तीन दिन शेष हैं। मैं उन्हें अपनी शरण में लेना चाहता था और उन्हें ब्रह्मा, विष्णु और शिव की सीमित शक्तियों के बारे में बताया जो आपकी उम्र नहीं बढ़ा सकते लेकिन वह मुझसे सहमत नहीं थे। लड़के के माता पिता बहुत चिंतित हैं। तुम उन्हे देवताओं के पास ले जाओ जो उसकी आयु नहीं बढ़ा पायेंगे। फिर तुम मेरे पास आना। मैं आपको बताऊंगा कि आपको आगे क्या करना चाहिए।

*(क्रमशः)*

# भारत में डॉल्फिन व संरक्षण के प्रयास

***डॉल्फिन*** एक अद्भुत प्रजाति है, जो अपनी बुद्धिमत्ता और करिश्माई आकर्षण के लिए जानी जाती है। भारत में यह विलक्षण जीव सांस्कृतिक और पारिस्थितिकीय दोनों रूपों में महत्वपूर्ण है। ये जीव अपनी चपलता और चंचल व्यवहार दोनों के लिए जाने जाते हैं, जिससे वे वन्य जीवन पर नजर रखने वालों के बीच लोकप्रिय हैं। भारत अपने तटीय और मीठे पानी वाले क्षेत्रों में रहने वाली डॉल्फिन प्रजातियों की समृद्ध विविधता से परिपूर्ण है। इंडो-पैसिफिक हंपबैक डॉल्फिन और गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजातियां सबसे मुख्य हैं। ये डॉल्फिन प्रजातियां अपने पर्यावास के आसपास पारिस्थितिक संतुलन को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजाति अपने गुलाबी रंग और मीठे पानी के वातावरण के लिए अद्वितीय अनुकूलन के साथ, गंगा, ब्रह्मपुत्र और उनकी सहायक नदियों में पाई जाने वाली एक विशिष्ट प्रजाति है। हालांकि, डॉल्फिन संरक्षण को पर्यावास विखंडन, जल प्रदूषण, मत्स्य पालन सहित मानवीय हस्तक्षेप, बांध और बैराज तथा जलवायु परिवर्तन जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भारत में डॉल्फिन संरक्षण के लिए प्राथमिक चुनौती उसके पर्यावास का क्षरण है। तेजी से शहरीकरण, औद्योगीकरण और अस्थिर कृषि पद्धतियों के कारण जल प्रदूषण, पर्यावास का विनाश होने के साथ-साथ नदियों और उनके मुहानों में जल का प्रवाह कम हो गया है। ये परिवर्तन उस नाजुक इको सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं, जिस पर डॉल्फिन अपने अस्तित्व के लिए निर्भर हैं। कृषि के साथ-साथ औद्योगिक और घरेलू कचरे से होने वाला प्रदूषण डॉल्फिन के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। प्रदूषण के घटक जल स्त्रोतों को दूषित करते हैं, इनके लिए खाद्य की उपलब्धता को प्रभावित करते हैं, और खाद्य में विषाक्त पदार्थों या जैवसंचय के माध्यम से डॉल्फिन को सीधे नुकसान पहुंचा सकते हैं। डॉल्फिन भी अक्सर मछली पकड़ने के दौरान और समुद्र के औद्योगीकरण का अनजाने शिकार बन जाती हैं। वे मछली पकड़ने के जाल में फंस जाती हैं, जिससे वे घायल होती हैं या उनकी मृत्यु हो जाती है। नदियों पर बांधों और बैराजों के निर्माण से पानी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है और डॉल्फिन की आबादी अलग-थलग हो जाती है। यह विखंडन उनकी आनुवंशिक विविधता को कम करता है और उन्हें अंतः प्रजनन और स्थानीय तौर पर विलुप्त होने के लिए बाध्य करता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, जैसे समुद्र के बढ़ते तापमान और समुद्र के जल स्तर में वृद्धि का डॉल्फिन की आबादी पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। मछलियों की अनियमित संख्या और महत्वपूर्ण पर्यावासों का नुकसान इनके संभावित परिणाम हैं। इनके महत्व, पर्यावरणीय लाभ और मानव कल्याण में योगदान को ध्यान में रखते हुए, भारत समुद्री और नदियों में पाई जाने वाली दोनों डॉल्फिन के संरक्षण में अग्रणी है। भारत सरकार द्वारा 2020 में प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च किया गया। प्रोजेक्ट डॉल्फिन में विशेष रूप से गणना और अवैध शिकार विरोधी गतिविधियों में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से जलीय और समुद्री डॉल्फिन और जलीय पर्यावास दोनों का संरक्षण शामिल है। यह परियोजना मछुआरों और अन्य नदी/समुद्र पर निर्भर आबादी को शामिल करेगी और स्थानीय समुदायों की आजीविका में सुधार करने का प्रयास करेगी। डॉल्फिन के संरक्षण के लिए ऐसी गतिविधियों की भी परिकल्पना की जायेगी, जो नदियों और महासागरों में प्रदूषण को कम करने में भी मदद करेगी। इसके अतिरिक्त, गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा भारत के राष्ट्रीय जलीय जीव के रूप में नामित किया गया है और केंद्र प्रायोजित 'वन्यजीव पर्यावासों का विकास' योजना के तहत राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 22 गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों में से एक के रूप में शामिल किया गया है। गंगा नदी के किनारे डॉल्फिन के महत्वपूर्ण पर्यावासों को विक्रमशिला डॉल्फिन अभयारण्य, बिहार जैसे संरक्षित क्षेत्रों के रूप में अधिसूचित किया गया है। नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन और जलीय पर्यावासों का हित सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना (2022-2047) विकसित की गई है और विभिन्न हितधारकों और संबंधित मंत्रालयों की भूमिका की पहचान की गई है।

■ लीना नंदन

**भारत अपने तटीय और मीठे पानी वाले क्षेत्रों में रहने वाली डॉल्फिन प्रजातियों की समृद्ध विविधता से परिपूर्ण है। इंडो-पैसिफिक हंपबैक डॉल्फिन और गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजातियां सबसे मुख्य हैं।**

**डॉल्फिन संरक्षण**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

**भविष्य तो उन्ही का है जो अपने सपनों की सुंदरता में यकीन करते है।**

# महिला आरक्षण: किस करवट बैठेगा ऊंट



निर्मल रानी

**केंद्र** सरकार ने गत 18 से 22 सितंबर के बीच पांच दिनों के लिए 17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र विशेष बुलाया था। इन्हें विशेष सत्र के रूप में बुलाया गया था। किसी भी दल अथवा नेता को संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे की आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं थी। हाँ तरह तरह के कयास जरूर लगाये जा रहे थे। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग,जी-20 के आयोजन और भारत के लक्ष्यों पर इस सत्र के दौरान व्यापक चर्चाओं की संभावना थी। यह भी उम्मीद थी कि शायद सरकार देश का नाम INDIA के बजाय केवल भारत रखने सम्बन्धी फैसला ले सकती है। यह भी कयास थे कि शायद यूनिफॉर्म सिविल कोड पर कोई फैसला हो, 'एक देश एक चुनाव' पर कोई निर्णय हो या फिर पुराने संसद भवन को अलविदा कहने और नवनिर्मित संसद भवन में प्रवेश करने की औपचारिकता पूरी की जाये। इन सभी कयासों में एक यह भी था कि विभिन्न राज्यों की चुनाव पूर्व की बेला में महिला आरक्षण विधेयक भी पारित करा दिया जाये। हालांकि इस सत्र के लिये 18 से 22 सितंबर के बीच की तिथि चुने जाने पर शिव सेना सहित कई दलों ने हैरानी जताई थी। क्योंकि इन्हीं दिनों में देश के बड़े हिस्से में गणेश चतुर्थी जैसा महत्वपूर्ण त्यौहार आयोजित किया जा रहा था। और अनेक राजनेता इस त्यौहार में व्यस्त रहा करते हैं। शिव सेना (उद्धव ) ने तो इसके लिए चुनी गई तारीखों पर आश्चर्य जताते हुये यहां तक कह दिया था कि - 'गणेश चतुर्थी के त्योहार के समय ये विशेष सत्र बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और हिंदू भावनाओं के विरुद्ध है। परन्तु संसद का यह विशेष सत्र सत्र बुलाया तो जरूर गया परन्तु 22 सितंबर तक चलने वाला विशेष सत्र 21 सितंबर को ही समाप्त कर दिया गया। यानी अपनी निर्धारित समय सीमा से एक दिन पहले ही सत्रावसान कर दिया गया। इस बीच सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' की संभावना तलाशने के लिए एक समिति गठित की। देश की संसद के कर्णधार नेताओं को याद करते हुये पुराने संसद भवन को अलविदा कहा गया और नये संसद भवन में सत्र चलाने की शुरूआत भी की गयी। और इसके साथ ही लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण पर भी विधेयक ला कर इसे पारित कराया गया। इसे लोकसभा व राज्यसभा में अभूतपूर्व समर्थन मिला। गोया पक्ष विपक्ष के सर्वसम्मति से इस विधेयक ने अधिनियम का रूप ले लिया। और सरकार ने इस विधेयक का लोकलुभावन नाम 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रखा। अब इस अधिनियम को राज्य विधानसभाओं की मंजूरी की आवश्यकता होगी। तथा इसे नई जनगणना के आधार पर तथा लोकसभा व विधानसभा की सीटों के परिसीमन के बाद लागू किया जाने का प्रावधान है। सरकार के मुताबिक महिला आरक्षण विधेयक साल आगामी लोकसभा चुनाव तक लागू होने की संभावना नहीं है। इस अधिनियम के लागू होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में पार्टी महिलाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसी समय यह तस्वीर साफ हो गयी थी कि आगामी चुनावों में महिला आरक्षण का यह मुद्दा मुख्य मुद्दा बनने जा रहा है। संसद में भी इस मुद्दे पर बोलते हुये विपक्ष खासकर कांग्रेस ने इसे तत्काल लागू करने की मांग की थी। उससे भी यह जाहिर हो गया था कि कांग्रेस भी महिला आरक्षण के मुद्दे का श्रेय लेने में पीछे रहने वाली नहीं है। गौरतलब है कि इसी वर्ष नवंबर-दिसंबर के मध्य मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसके बाद अगले वर्ष मई-जून में लोकसभा चुनावों के साथ ही आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी होने हैं।

**शिव सेना (उद्धव ) ने तो इसके लिए चुनी गई तारीखों पर आश्चर्य जताते हुये यहां तक कह दिया था कि - 'गणेश चतुर्थी के त्योहार के समय ये विशेष सत्र बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और हिंदू भावनाओं के विरुद्ध है।**

**महिला आरक्षण**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### नहाते समय तालाब में डूबी तीन बालिकाएं, दो की मौत

**रायसेन।** जिले के बेगमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिनोतिया बमनई में शुक्रवार को सुबह नहाने के दौरान तीन बालिकाएं पानी में डूब गईं। इसमें से दो की मौत हो गई, जबकि एक को बचा लिया गया। तीनों अपने परिजनों के साथ महालक्ष्मी पर्व पर हाथी पूजन के लिए तालाब पर गईं थीं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृत बालिकाओं के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजे और मामले की जांच शुरू कर दी है। एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम हिनोतिया बमनई में शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे गांव की परिजनों के साथ पांच लड़कियां तालाब पर हाथी पूजन के लिए गई थीं। इस दौरान पांचों तालाब में नहाने के लिए उतरीं। इनमें से तीन लड़कियां नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने लगीं। घाट पर मौजूद दो अन्य सहेलियों और महिलाओं ने शोर मचाया तो पास में नहा रहे लोगों ने तालाब में कूदकर एक बालिका को सुरक्षित बचा लिया, जबकि 13 साल की मनीषा दांगी पुत्री महेंद्र सिंह को बेसुध अवस्था निकाल लिया। जिसे आनन-फानन में परिजन सिविल अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं एक अन्य बालिका 14 वर्षीय रश्मि पुत्री भगवान दास प्रजापति की तलाश में गोताखोर टीम और ग्रामीण जुटे रहे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसका शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अमला भी घटनास्थल पर पहुंच गया। बेगमगंज थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मृतक बालिकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और प्रत्यक्षदर्शियों एवं परिजनों के बयान लेकर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बाइक सवार युवक के कब्जे से एक लाख 40 हजार का गांजा जब्त

**राजगढ़।** पचोर थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार अल्सुबह तलेन रोड़ स्थित ग्राम करोंदी जोड़ के समीप से घेराबंदी कर बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से प्लास्टिक के थैले में रखा सात किलो 10 ग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी कीमत एक लाख 40 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू की। थानाप्रभारी आकांक्षा शर्मा ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया मुखबिर की सूचना पर पचोर-तलेन रोड़ स्थित ग्राम करोंदी जोड़ के नजदीक से घेराबंदी कर बाइक क्रमांक एमपी 37 जेड़बी 5004 पर सवार रफीक (43) पुत्र सलामत खान निवासी सिंगार चोली सिद्दिकगंज सीहोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक लाख 40 हजार रुपए कीमती सात किलो 10 ग्राम गांजा और साठ हजार रुपए कीमत की बाइक जब्त की है। बताया गया है युवक पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के मामले सजा काट चुका है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू की। कार्रवाई के दौरान थानाप्रभारी आकांक्षा शर्मा, एसआई दिलीपसिंह राजपूत, एएसआई रामदास सोलंकी, आर.देवेन्द्र जाट, अरविंद गोयल सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### गंगा में नहाते समय पांच नव युवक डूबे,मौत

**प्रयागराज।** नगर के शिवकुटी इलाके में मेंहदौरी घाट के पास शुक्रवार की दोपहर गंगा में स्नान करते समय पांच नव युवक डूब गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को गंगा में उतारा और शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गंगा में पांच बच्चों के डूबने की जानकारी मिलते ही मेंहदौरी कालोनी में हड़कम्प मच गया और उनके परिवार के लोग भागकर मौके पर पहुंचे। सूचना पाकर पुलिस भी आई और गोताखोरों को बुलाया गया। एक-एक करके सभी पांचों बच्चों आकाश, मुलायम, गिरधारी, नंदू एवं प्रियांशु के शव निकाल लिए गए। उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। नदी में डूबकर मरने वाले सभी नव युवक बेली और शिवकुटी के रहने वाले और 16 से 18 वर्ष के थे।

### 13 वर्ष से हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** मध्यप्रदेश में हत्या कर पिछले 13 साल से नाम और हुलिया बदलकर रायपुर में फरारी काट रहे आरोपी को पुलिस ने गुरुवार रात पकड़ने में कामयाबी पाई है। रायपुर क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपित मनोज सिंह को पकड़ने के बाद मध्यप्रदेश पुलिस को जानकारी दी है। आरोपित के खिलाफ हत्या, बलवा, हत्या का प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में मामले दर्ज है। रायपुर पुलिस के क्राइम ब्रांच के सघन चेकिंग अभियान को उस समय बड़ी सफलता मिली, जब मध्यप्रदेश के सिंगरौली में हत्या कर बीते 13 सालों से रायपुर के अलग-अलग स्थानों में रह रहे आरोपित मनोज सिंह को टिकरापारा इलाके से धर दबोचा है।

# कांग्रेस सत्ता में आई तो प्रदेश में होगी जातीय गणना : प्रियंका

**एजेंसी। कांकेर**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक चुनावी सभा में वादा किया कि अगर अगले चुनाव में छत्तीसगढ़ में सरकार बनी तो बिहार की तरह यहां पर भी जातीय जनगणना कराई जाएगी। भूपेश सरकार में बस्तर प्रमुख पर्यटन स्थल, अंतरराष्ट्रीय नाम व मॉडल बन गया है। सरकार छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ाने का काम कर रही है। कांकेर में शुक्रवार को जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब इंदिरा गांधी 1972 में बस्तर आई थी, तब उन्होंने स्वामी आत्मानंद से कहा था कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा का विकास करना है, आज भूपेश सरकार यह कार्य कर रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने गरीब, पिछड़ों, आदिवासियों के लिए काम



किया है। भूपेश सरकार ने पेसा कानून लागू कर लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है। प्रियंका ने घोषणा की कि कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई तो बिहार की तरह यहां पर जातीय जनगणना कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंदजी के नाम से आज प्रदेश में विद्यालय और महाविद्यालय खोले गए। बस्तर एक अंतरराष्ट्रीय नाम व मॉडल बन गया है। सरकार छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ाने का काम कर रही है। बस्तर आज प्रमुख पर्यटन स्थल बन गया है, बहुत लोगों को रोजगार मिल रहा है, 60 से अधिक वनोपज समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने पंचायती राज की व्यवस्था लागू की। तब यह मंशा थी कि लोकतंत्र को गांवों तक पहुंचाया जाए। प्रियंका ने कहा कि लोकतंत्र की नींव पंचायत में, गांव में, नगर पालिकाओं में बसती है। आप सबकी जिम्मेदारियां बहुत बड़ी है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी की गारंटी को चाइना माल की तरह बताया। उन्होंने कहा कि 15 लाख नहीं आए, देश में 45 सालों में बेरोजगारी सबसे ज्यादा है। सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी और उनके उद्योगपति दोस्त मौज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले छत्तीसगढ़ में भाजपा के शासन में हिंसा का राज था, बस्तर आने से लोग डरते थे, निर्दोष आदिवासियों को जेल में डाला दिया जाता था। कांग्रेस सरकार ने इन सबसे यहां के लोगों को निकालने का काम किया है, वहीं यहां किसान मजबूत हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पंचायती राज को मजबूत किया, 15 साल तक डॉ. रमन को मौका मिला लेकिन उन्होंने आदिवासियों की जमीन छीनने के अलावा कोई काम नहीं किया।

## बिहार में उग्रवाद की घटनाएं न्यूनतम : विजय चौधरी



**एजेंसी। नई दिल्ली/पटना**

गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित वामपंथ/उग्रवाद संबंधी शुक्रवार को हुई समीक्षा बैठक में स्पष्ट हुआ कि इस मामले में बिहार सरकार की उपलब्धि अग्रणी है। इस बैठक में भाग लेते हुए वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार के प्रभावकारी नीतियों का नतीजा है कि बिहार में उग्रवाद की घटनाएं न्यूनतम है। कहा कि सितम्बर, 2021 में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने जिन मुद्दों को उठाया था, उसमें किसी पर भी अमल नहीं किया गया। चौधरी ने केन्द्र सरकार से मांग की कि एसआरई एवं एसआईएस योजनाओं को केन्द्र प्रायोजित योजना की जगह केन्द्रीय योजना बनायी जाय। जिन इलाकों में उग्रवादी गतिविधियां रुक भी गई हैं, वहां सुरक्षा बलों की तैनाती रखी जाय, अन्यथा ऐसी गतिविधियों के फिर से पनपने की आशंका है। कहा कि केवल नक्सलवाद मुक्त भारत घोषित करने की हड़बड़ी में सुरक्षा बलों को बिना राज्य सरकार की सहमति के वापस नहीं बुला लिया जाय।

## नीतीश-तेजस्वी अति पिछड़े, दलित को सीएम बनाएं : प्रशांत

**एजेंसी। सीतामढ़ी**

चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा कि लालू प्रसाद और नीतीश कुमार पिछले 32 वर्षों से बिहार में शासन कर रहे हैं। ये जातिगत जनगणना के बाद जितनी आबादी उतना हक की बात कर रहे हैं। इन्हें बताना चाहिए कि इन्होंने इतने वर्षों में उनके लिए क्या किया। ये लोग अति पिछड़े और दलित वर्ग से आने वालों को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री बनाएं।

अपनी जन सुराज यात्रा के क्रम में सीतामढ़ी पहुंचे प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को कहा कि जातिगत जो सर्वे आया है, उसका कोई महत्व नहीं है। बिहार में किसको नहीं मालूम है कि 35 प्रतिशत अति पिछड़ा समाज के लोग रहते हैं। सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में सवालिया लहजे में उन्होंने कहा कि महागठबंधन में अति पिछड़ा समाज के कितने एमएलए हैं और कितने लोगों को मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि जनभागीदारी की जो बात कर रहे हैं, शुरूआत खुद से करनी चाहिए। उन्होंने



कहा चाचा-भतीजा (नीतीश, तेजस्वी) कुंडली मारकर खुद कुर्सी पर बैठे हुए हैं और दूसरे से कह रहे हैं कि इनको हक मिलना चाहिए। आप उनको मुख्यमंत्री बना दीजिए। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि राजद पिछली बार 150 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, कितने अति पिछड़ी जातियों को आपने टिकट दिया? उन्होंने साफ लहजे में कहा कि आज बिहार में लालू प्रसाद, नीतीश कुमार से ज्यादा अगड़ा कोई नहीं है। बिहार में 30 वर्ष से आप ही लोग राज कर रहे हैं तो हिस्सा आप को ही देना पड़ेगा। किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार अपना मुख्यमंत्री का पद छोड़ दें।

## सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश में हो रहे हैं कई काम : शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज एक महासंकल्प पूरा हुआ है। वर्ष 2016 में सिहंस्थ के वैचारिक महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आये थे। वैचारिक महाकुंभ में श्री महाकाल महालोक के बारे में विचार किया गया था। बाबा महाकाल के आशीर्वाद और प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से श्री महाकाल महालोक निर्माण के पुनीत कार्य की शुरूआत हुई। मुझे हर्ष है कि हमने महाकाल लोक निर्माण के दोनों चरणों को पूरा कर लिया है। मुख्यमंत्री चौहान गुरुवार की रात उज्जैन में महाकाल महालोक के द्वितीय चरण के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान अपनी धर्मपत्नी साधना सिंह के साथ गुरुवार रात करीब 8 बजे उज्जैन पहुंचे और महाकाल



महालोक के दूसरे चरण के 242 करोड़ 35 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि द्वितीय चरण के लोकार्पण से अब महाकाल मंदिर का परिसर 2.87 हेक्टेयर से बढ़कर 47 हेक्टयर हो गया है। महाकाल महाराज मंदिर परिसर विस्तार योजना 856 करोड़ रुपये की है। परियोजना के प्रथम चरण में 351 करोड़ रुपये के कार्यों को रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है। 242 करोड़ 35 लाख रुपये लागत से दूसरे चरण के विकास कार्य किए गए। उन्होंने 284 करोड़ रुपये की लागत के यूनिटी मॉल और 250 करोड़ रुपये की लागत के मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन भी किया। उन्होंने बताया कि भगवान महाकाल की कृपा से उज्जैन में विकास कार्यों के लिये तीन हजार करोड़ रुपये अलग से आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व का कल्याण हो यह सनातन संस्कृति की देन है। हमारी सनातन संस्कृति में सब के सुखी, निरोगी और कल्याण की कामना की गई है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि सभी जीवों में एक ही चेतना है। सनातन का न कोई आदि है न अंत है। इसे कभी कोई समाप्त नहीं कर सकता। सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश में कई काम हो रहे हैं। अभी हाल ही में ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य की एकात्मता प्रतिमा का अनावरण किया गया है। प्रदेश के चित्रकूट, ओरछा, सलकनपुर आदि स्थानों पर लोक एवं धाम निर्माण के कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक जीवन है, तब तक सनातन की सेवा करते रहें। जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। उन्होंने कहा कि उज्जैन पूरा बदल गया है, अर्थ-व्यवस्था बदल गई।

## ब्लड डोनेशन के बारे में आम नागरिकों को जागरूक करें विशेषज्ञ : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी। लखनऊ**

पूरे देश में रोजाना डेढ़ करोड़ यूनिट ब्लड की जरूरत पड़ती है। इसमें से 20 से 25 लाख यूनिट ब्लड कम पड़ जाता है। इसकी वजह लोगों में जागरूकता का अभाव है। अक्सर देखने में आता है कि परिवार के लोग ही मरीज को ब्लड देने के लिए तैयार नहीं होते हैं। ये उनमें ब्लड डोनेशन को लेकर जागरूकता का न होना दशार्ता है। इसमें सबसे बड़ी कमी हमारी है। इसका फायदा उठाकर रक्तदाता पैसों की डिमांड करता है और ब्लड के साथ कई बीमारियों को भी देने का काम करता है। वहीं आज एक यूनिट ब्लड से टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर कई लोगों की जान बचायी जा सकती है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि लोगों को ब्लड डोनेशन के लिए जागरूक करें ताकि ब्लड की कमी को दूर किया जा सके। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को क्लार्क अवध होटल में आयोजित यूपी




चैप्टर आईएसबीटीआई तथा ब्लड ट्रान्सफ्यूजन एण्ड इम्यूनोहिमाटोलॉजी विभाग, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कांफ्रेंस 'ट्रांसकॉन-2023' के 48वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में कही। इससे पहले सीएम ने ट्रांसकॉन-2023' की सॉवेनियर का भी विमोचन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 15 वर्षों बाद प्रदेश में सम्मेलन होने जा रहा है। ऐसे में यह सम्मेलन ब्लड ट्रांसफ्यूजन के फील्ड में काम करने वाले सभी विशेषज्ञों और स्टेक होल्डर के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा, जो इस क्षेत्र में प्रदेश को आगे ले जाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। योगी ने कहा कि कोरोना कालखंड में एक-एक व्यक्ति की जान बचाना सरकार की प्राथमिकता थी। इस दौरान चिकित्सकों और हेल्थ वर्कर्स ने प्रतिबद्धता के साथ काम किया और हमने कोरोना को हराया। केंद्र और राज्य की सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्या नया हुआ है, इसे देश में लाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में इस तरह के राष्ट्रीय सम्मेलन हेल्थ के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी के आदान-प्रदान में बड़ी भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में आधे प्रदेश में आईसीयू के एक भी बेड नहीं थे, लेकिन प्रयास से सभी जनपदों में कमी को पूरा किया गया। इसके बाद विशेषज्ञ, पैरामेडिकल, नर्सिंग स्टाफ और टेक्नीशियन की कमी सामने आने लगी। इस पर ट्रेनिंग शुरू की गयी और केजीएमयू, एसजीपीजीआई ने पूरे प्रदेश में वर्चुअल आईसीयू का संचालन किया। इससे करोना को हराने में काफी मदद मिली। इस दौरान फ्रंटलाइन वर्कर भी मजबूती के साथ खड़े रहे। इससे प्रदेश में मृत्यु दर को न्यूनतम रखने के साथ संक्रमण के फैलाव को रोकने में काफी हद तक सफलता मिली थी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरे देश ने टेक्नोलॉजी के प्रयोग से कोरोना को मात दी। उन्होंने कहा कि भारत की 140 करोड़ की आबादी की तुलना में यूएसए की आबादी एक चौथाई है,।

## ईडी ने मंत्री रथिन घोष से की 19 घंटे तक पूछताछ



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार केस में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के खाद्य मंत्री रथिन घोष से मैराथन पूछताछ की। 19 घंटे की लगातार पूछताछ के बाद ईडी की टीम गुरुवार आधी रात खाद्य मंत्री के घर से बाहर निकली।

ईडी के अधिकारियों ने गुरुवार सुबह मध्यमग्राम स्थित रथिन घोष के घर पर छापा मारा था। इसके अलावा केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने चार नगर पालिकाओं और नौ अन्य लोगों के ठिकानों पर दबिश दी थी। घोष का कहना है "जो पूछा गया, मैंने सब बता दिया है। ईडी की कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से की गई है।" बताया गया है कि इस दौरान उनके समर्थकों ने "भाग ईडी भाग" के नारे लगाए।

घोष 2009 से 2020 तक तृणमूल संचालित मध्यमग्राम नगर पालिका के अध्यक्ष थे। कहा जा रहा है कि 2014 से 2018 के बीच नगर पालिकाओं में भर्ती-भ्रष्टाचार हुआ है।

## राजनीति

### महिला और एससी वर्ग को भाजपा बना रही जातीय जनगणना की काट

# विपक्ष की धार को कुंद करने में जुटी है भाजपा

**एजेंसी। लखनऊ**

लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी होने के बाद भाजपा इसका तोड़ ढूंढने में जुटी है। इसके लिए पार्टी ने महिला आरक्षण और अनसूचित मोर्चे पर फोकस करना शुरू कर दिया है। पार्टी फिलहाल इन दोनों मुद्दों को जातीय जनगणना की काट के तौर पर देख रही है।

जानकारों के अनुसार, भाजपा फिलहाल जातीय जनगणना के मुद्दे पर खुल कर नहीं बोल रही है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इसकी काट तलाशनी शुरू कर दी है। प्रदेश में पार्टी के नेताओं को केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय का इंतजार है। हालांकि, पार्टी महिला और एससी को जातीय जनगणना के खिलाफ अपने हथियार के रूप में ही प्रयोग करने का मन बना रही है।

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़े आने के बाद से पार्टी के लोग इसकी काट ढूँढने में जुटे हैं। इसी कारण पार्टी की ओर से ओबीसी के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा यह भी बताने की कोशिश हो रही है कि पिछड़े वर्ग को सबसे ज्यादा भागीदारी देने वाली पार्टी भाजपा है।

प्रदेश में भाजपा गठबंधन के 274 में से 90 विधायक पिछड़ी जाति के हैं। इनमें से भाजपा के 86 विधायक हैं। एनडीए में पिछड़े वर्ग के 23 सांसद हैं, इनमें



से 22 भाजपा से हैं। ऐसे में पिछड़ी जाति को नजरअंदाज करने की हिम्मत किसी भी दल में नहीं है। उनका मानना है कि आगामी चुनावों के मद्देनजर अगर यह मुद्दा तूल पकड़ता है तो पार्टी के पास इसकी काट होगी, जिसकी तलाश जारी है। भाजपा की ओर से महिला मोर्चा और अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में तय किया गया है कि महिला मोर्चा की ओर से 8 से 31 अक्तूबर के बीच प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं के सम्मेलन कराए जाएंगे।

नवंबर में अनुसूचित जातियों का बड़ा सम्मेलन कराने का निर्णय हुआ है। एससी मोर्चा की बैठक में अवध क्षेत्र के 15 संगठनात्मक जिलों नवंबर में सम्मेलन कराने का निर्णय हुआ है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने बताया कि पश्चिम क्षेत्र का सम्मेलन 15 अक्तूबर, काशी का 27 अक्तूबर और अवध क्षेत्र का 2 नवंबर को सम्मेलन होगा।

वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक प्रसून पांडेय कहते हैं कि लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष ने बिहार में जातीय जनगणना सर्वे के आंकड़े जारी करके भाजपा को असहज कर दिया है। भाजपा को इस मुद्दे की काट इसलिए ढूढनी जरूरी है क्योंकि यूपी बड़ा राज्य है, यहीं सबसे अधिक लोकसभा सीटें भी है। ऐसे में सभी दल की निगाहें इसी ओर लगी है। सर्वे में ओबीसी का मुद्दा बना कर विपक्ष बढ़त लेने की जुगत है। बदले में भाजपा एससी वर्ग और महिलाओं के बीच अधिक से अधिक जनाधार बनाकर जातीय जनगणना के मुद्दे की धार को कुंद करने के प्रयास में है।

### मेडिकल स्टूडेंट का अपहरण कर हत्या का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से सटे न्यू टाउन में मेडिकल के एक स्टूडेंट का अपहरण कर हत्या किए जाने का आरोप लगा है। शुक्रवार सुबह न्यू टाउन के एक घर में पलंग के नीचे सूटकेस में भर कर रखा गया शव बरामद किया गया है। उसके चेहरे पर सेलो टेप लगाया गया है जिसकी वजह से स्पष्ट है कि उसकी हत्या की गई है। न्यू टाउन पुलिस सूत्रों ने बताया है कि इस मामले में मारे गए युवक की प्रेमिका सहित चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। मृतक की पहचान साजिद हुसैन के तौर पर हुई है। वह मूल रूप से मालदा जिले के वैष्णो नगर इलाके का रहने वाला था। उसने नीट की तैयारी की थी और न्यू टाउन में एक किराए के मकान में रहता था।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## गागर में सागर

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जानलेवा हमले की धमकी, मुंबई पुलिस सतर्क

**मुंबई।** मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में प्रधानमंत्री पर जानलेवा हमले संबंधी ई-मेल आने के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। इस धमकी भरे ई-मेल करने वाले के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में गुरुवार को एक धमकी भरा ई-मेल आया था। इस ई-मेल के जरिये सरकार से 500 करोड़ रुपये की मांग की गई है। ऐसा नहीं करने पर प्रधानमंत्री मोदी और उनके नाम पर गुजरात में बने स्टेडियम पर हमला करने की धमकी दी गई है। ई-मेल में कहा गया है कि भारत में सब कुछ बिकता है, हमने भी कुछ खरीदा है। आगे मेल में कहा गया कि चाहे आप कितनी भी सुरक्षा बढ़ा लें, आप हमसे बच नहीं सकते। यदि आप चर्चा को आगे जारी रखना चाहते हैं, तो आपको इस मेल का उत्तर देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। धमकी भरा ई-मेल आने के बाद इसकी सूचना संबंधितों को भेज दी गई है। साथ ही मुंबई पुलिस की टीम साइबर पुलिस टीम की मदद से आगे की जांच कर रही है।

### केंद्र ने सिक्किम में आपदा को लेकर जारी की राहत राशि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सिक्किम में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए राज्य आपदा मोचन निधि से केंद्रीय हिस्से की 44.80 करोड़ रुपये की दोनों किस्तें जारी करने की मंजूरी दी है। इसके अलावा ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड, बादल फटने और फ्लैश फ्लड के कारण राज्य को हुई हानि का आकलन करने के लिए मंत्रालय ने एक अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) का गठन किया है। यह टीम प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी। इस टीम के आकलन के आधार पर सिक्किम को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार राष्ट्रीय आपदा मोदन निधि (एसडीआरएफ) से अतिरिक्त केंद्रीय सहायता की मंजूरी दी जाएगी।

### उदयपुर : हवाला के 1.44 करोड़ पकड़े

**उदयपुर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उदयपुर में गुरुवार रात 3 थानों की पुलिस और डीएसटी की टीमों ने हवाला कारोबारियों पर कार्रवाई करते हुए 1.44 करोड़ की हवाला राशि जब्त की। टीमों ने घंटाघर क्षेत्र में करजाली हाउस और कोहिनूर कॉम्पलेक्स पर दबिश देकर 1.44 करोड़ रुपये जब्त किए। कुल 7 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार पहली कार्रवाई मोती चौहट्टा स्थित करजाली हाउस के बाहर की गई। यहां घंटाघर और धानमंडी थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने चार युवकों को डिटेन किया। उनका बैग खोलकर देखा तो उसमें 1 करोड़ 21 लाख 40 हजार रुपये निकले। चारों इस बैग को कहीं ले जाने की तैयारी में थे, तभी पुलिस ने इन्हें पकड़ लिया। दूसरी कार्रवाई घंटाघर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने घंटाघर स्थित कोहिनूर कॉम्पलेक्स की दूसरी मंजिल पर दबिश दी। यहां से तीन युवकों से 22.90 लाख रुपये जब्त किए गए। कार्रवाई में डीएसपी चांदमल सिंगारिया, हाथीपोल सीआई लीलाराम, धानमंडी सीआई सुबोध जांगिड़, डीएसटी प्रभारी देवेन्द्र देवल शामिल रहे। पुलिस फिलहाल इन आरोपितों से पूछताछ में जुटी है।

### मुंबई में पांच मंजिला इमारत में आग लगने से सात लोगों की मौत

**मुंबई।** मुंबई के गोरेगांव इलाके में स्थित समर्थ सृष्टि नाम की पांच मंजिला बिल्डिंग में शुक्रवार तड़के लगी आग में सात लोगों की मौत हो गई । आग लगने की सूचना मिलते ही 10 गाड़ियों के साथ पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने करीब 50 लोगों को सुरक्षित निकाला। इनमें से काफी लोगों को धुआं की वजह से सांस लेने में दिक्कत महसूस होने पर कूपर अस्पताल और एचबीटी ट्रॉमा केयर सेंटर पहुंचाया गया। इनमें से कुछ लोग झुलस भी गए हैं। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव अभियान जारी है।

## राष्ट्रपति 9 को अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का करेंगी उद्घाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 09 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (एनएएससी), पूसा में अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। अनुसंधान से प्रभाव तक : न्यायसंगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर विषय पर आयोजित इस चार दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी सीजीआईएआर जेंडर इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा की जाएगी।



सम्मेलन के मुख्य वक्ताओं में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत और सीजीआईएआर के अंतरिम कार्यकारी प्रबंध निदेशक प्रो. एंड्रयू कैंपबेल शामिल हैं। आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने शुक्रवार को मीडिया कर्मियों को बताया कि यह सम्मेलन और इसका विषय हाल के जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर महत्वपूर्ण है, जिसमें स्पष्ट रूप से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की बात की गई है। डॉ. पाठक ने कहा, इसमें जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और पोषण के संबंध में महिलाओं के लिए नेतृत्व और निर्णय लेने की भूमिकाओं को पहचानना और बढ़ावा देना शामिल है। इस आयोजन के दौरान 140 से अधिक मौखिक प्रस्तुतियां, 85 पोस्टर, 25 उच्चस्तरीय पूर्ण और मुख्य वक्ता के साथ-साथ 60 समानांतर सत्र शामिल होंगे। अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक और भारतीय महिला उद्यमी अपने काम और नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। सम्मेलन के प्रतिनिधि अनुसंधान संस्थानों, राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान और विस्तार प्रणालियों, गैर सरकारी संगठनों, नागरिक समाज संगठनों, वित्त पोषण भागीदारों, नीति-निर्माण निकायों और निजी क्षेत्र की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में : शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि वामपंथी उग्रवाद को अगले दो वर्षों में पूरी तरह समाप्त करने के संकल्प का यह वर्ष है। राज्यों के सहयोग से 2022 और 2023 में इस समस्या के खिलाफ बड़ी सफलताएं प्राप्त हुई हैं। अब यह लड़ाई निर्णायक दौर में आ चुकी है।




अमित शाह ने नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, केंद्रीय गृह सचिव, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक, केंद्र सरकार के सचिव, राज्यों के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। शाह ने आगाह किया कि वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हुए क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने की जरूरत है जिससे वहां यह समस्या फिर से खड़ी न हो सके। हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति के परिणामस्वरूप चार दशक में सबसे कम हिंसा और मृत्यु 2022 में दर्ज की गई है।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले कुछ वर्षों में वामपंथी उग्रवाद पर नकेल कसने में अच्छी सफलता हासिल हुई है, अब यह लड़ाई निर्णायक दौर में आ चुकी है। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद से अब तक निर्वात (वेक्यूम) क्षेत्र सिकुड़ता जा रहा है, हमने सीएपीएफ के 195 नए शिविर स्थापित किए हैं, साथ ही 44 नए शिविर और स्थापित किए जाएंगे। मोदी सरकार की प्राथमिकता वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती, विकास का संतुलन और निर्वात क्षेत्रों में शिविर स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि 2005 से 2014 के कालखंड के मुकाबले 2014 से 2023 के बीच वामपंथी उग्रवाद संबंधी हिंसा में 52 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है, सुरक्षाबलों की मृत्यु में 72 प्रतिशत और नागरिकों की मृत्यु में 68 प्रतिशत की कमी आई है।

गृहमंत्री ने बताया कि वामपंथी उग्रवाद के वित्तीय पोषण पर प्रहार करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सभी राज्यों की एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वामपंथी उग्रवाद के वित्तीय पोषण को रोकने के लिए प्रभावित राज्यों को अपने यहां नागरिक और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 2017 में वामपंथी उग्रवाद के पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया था। अब इसे और बढ़ाकर 40 लाख रुपये किया गया है। मोदी सरकार ने 9 वर्षों में सुरक्षा से जुड़े खर्च को पहले की तुलना में लगभग दोगुना बढ़ाने का काम किया है।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों के निर्माण, राज्य के खुफिया उपकरणों और उग्रवाद से प्रभावित राज्य के विशेष बलों को मजबूत बनाने के लिए 992 करोड़ रुपये की विशेष बुनियादी ढांचा योजना के सुझाव दिए गए हैं। मोदी सरकार ने 9 साल में सुरक्षा संबंधी व्यय में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी की है।

बिहार सरकार जाति सर्वेक्षण के और आंकड़े कर सकता है प्रकाशित

## सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से किया इनकार

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार सरकार को राज्य में उसके जाति सर्वेक्षण के और आंकड़े प्रकाशित करने से रोकने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने कहा, हम इस बिंदु पर नहीं रुक रहे हैं हम राज्य सरकार या किसी भी सरकार को फैसला लेने से नहीं रोक सकते। यह गलत होगा। न्यायालय ने कहा, जाति-आधारित सर्वेक्षण के आंकड़ों के संबंध में किसी भी मुद्दे पर विचार किया जाएगा। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार सरकार द्वारा किए गए जाति-आधारित सर्वेक्षण की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई जनवरी 2024 तक के लिए स्थगित कर दी। जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने ने कहा, हम राज्य सरकार या किसी भी सरकार को निर्णय लेने से नहीं रोक सकते। पटना उच्च न्यायालय ने 2 अगस्त को जाति-आधारित सर्वेक्षण कराने के बिहार सरकार के फैसले को बरकरार रखा।सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने राज्य सरकार द्वारा इस सप्ताह के शुरू में जाति-सर्वेक्षण डेटा प्रकाशित करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने तर्क दिया कि जाति विवरण मांगने का राज्य का निर्णय केएस पुट्टास्वामी मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के विपरीत था, जिसने निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी थी, क्योंकि राज्य ने अभी तक सर्वेक्षण के लिए कोई वैध उद्देश्य नहीं दिखाया है। उन्होंने न्यायालय से यथास्थिति का एक अंतरिम आदेश पारित करने का अनुरोध किया, जिसमें राज्य को सर्वेक्षण डेटा पर



कार्रवाई न करने के लिए कहा जाए। वकील अपराजिता सिंह ने आग्रह किया, इस डेटा पर कार्रवाई नहीं की जा सकती, क्योंकि यह गलत तरीके से जुटाया गया था। इस प्वाइंट पर जस्टिस खन्ना ने राज्य से पूछा- मिस्टर दीवान, आपने इसे क्यों प्रकाशित किया? बिहार सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने संकेत दिया कि अदालत ने तारीख के प्रकाशन के खिलाफ कभी कोई आदेश पारित नहीं किया। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने संकेत दिया है कि सबसे पहले वह यह तय करेगी कि नोटिस जारी किया जाए या नहीं। यह देखते हुए कि मामले को विस्तार से सुनने की आवश्यकता है, पीठ ने सुनवाई स्थगित कर दी और याचिकाओं पर राज्य सरकार को औपचारिक नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट का फैसला काफी विस्तृत है। हालांकि सिंह ने यथास्थिति आदेश की दलील दोहराई, लेकिन पीठ ने स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया। जस्टिस खन्ना ने कहा, हम राज्य सरकार या किसी भी सरकार को निर्णय लेने से नहीं रोक सकते। यह गलत होगा। लेकिन, यदि डेटा के संबंध में कोई मुद्दा है, तो उस पर विचार किया जाएगा। हम राज्य सरकार की शक्ति के संबंध में अन्य मुद्दे की जांच करने जा रहे हैं।

## चुनावों में मुफ्त की रेवड़ियां देने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### जारी किया केन्द्र, राज्यों, चुनाव आयोग व आरबीआई, महालेखा परीक्षक को नोटिस

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने आयकर देने वालों के खर्च पर चुनाव के पहले लोगों को कैश व मुफ्त वस्तुओं के कथित वितरण पर एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार, मध्य प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार भारत के चुनाव आयोग व आर.बी.आई को नोटिस जारी किया। सर्वोच्च न्यायालय ने इस नई जनहित याचिका को चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा दी जाने वाली मुफ्त सुविधाओं के खिलाफ पहले से लंबित याचिकाओं के साथ टैग कर दिया है।सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र, राज्यों और चुनाव पैनल से चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत ने मप्र व राजस्थान में विधानसभा चुनावों से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका पर दोनों राज्य की सरकारों से शुक्रवार को जवाब मांगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने जनहित याचिका पर केंद्र, निर्वाचन आयोग और भारतीय रिजर्व बैंक को भी नोटिस जारी किया। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि दोनों राज्य की सरकारें मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए करदाताओं के पैसों का दुरुपयोग कर रही हैं। याचिकाकर्ता की पैरवी करने वाले वकील ने कहा, चुनाव से पहले सरकार द्वारा नकदी बांटने से ज्यादा खराब और कुछ नहीं हो सकता। हर बार यह होता है और इसका बोझ आखिरकार करदाताओं पर आता है।

याचिकाकर्ता ने सर्वोच्च न्यायालय के सामने यह भी कहा कि चुनावों के ठीक 6 महीने पहले मुफ्त चीजें जैसे स्कूटी, कंप्यूटर और टैब जैसी कई चीजें बांटी जाती है और राज्य सरकारों की ओर से इसे जनहित का नाम दे दिया जाता है। न्यायालय ने भट्टूलाल जैन की जनहित याचिका पर सुनवाई की और इसे मामले पर लंबित एक अन्य याचिका के साथ टैग करने का आदेश दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि चुनाव से पहले हर तरह के कई वादे किए जाते हैं और हम इस पर किसी तरह का नियंत्रण नहीं कर सकते। हम इसे अश्विनी उपाध्याय की याचिका के साथ टैग करेंगे लेकिन आपने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय आदि को पक्षकार बनाया है। आपको सरकार को पक्षकार बनाने की जरूरत है और आरबीआई, महालेखा परीक्षक आदि को पक्षकार बनाने की जरूरत है। जिसके बाद पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करिए और चार सप्ताह के भीतर जवाब दीजिए।

## FILMY हलचल

### अभिनेता सुशांत राजपूत की मौत के बाद के हालात पर बोलीं रिया चक्रवर्ती



**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत ने तीन साल पहले आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या के बाद उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर कई आरोप लगे, आलोचना हुई और उन्हें पूछताछ का सामना करना पड़ा। उन्हें जेल में भी रहना पड़ा। वह तीन साल पहले अपने सामने आई स्थिति और लोगों की बातचीत सुनने के अनुभव को रिया चक्रवर्ती ने शेयर किया है। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बारे में बात करते हुए रिया ने कहा, 'जब मैं लोगों के चेहरे देखती हूं तो कुछ लोग मुझे ऐसे देखते हैं, जैसे मैंने कुछ किया हो। मैं लोगों के चेहरे पढ़ सकती हूं। लोग मुझे चुडैल कहते थे, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ा। क्या पता शायद मैं काला जादू जानता हूं। समाज में लोग कहते हैं कि अगर कोई पुरुष शादी के बाद ज्यादा शराब पीने लगता है तो इसका कारण उसकी पत्नी होती है। अगर उसका करियर खराब होता है तो उसके लिए पत्नी को भी जिम्मेदार ठहराया जाता है।" रिया ने कहा, लोग मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को नहीं समझते हैं।


### अभिनेत्री श्रद्धा की लाइफ में फिर हुई प्यार की एंट्री



**अभिनेत्री** श्रद्धा कपूर का नाम बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल है। श्रद्धा को उनकी सादगी के लिए भी सराहा जाता है। फिल्मों के साथ-साथ श्रद्धा अपनी पर्सनल लाइफ के कारण भी हमेशा चर्चा में रहती हैं। इसी बीच अब श्रद्धा एक नई वजह से खबरों में हैं। हर तरफ ये चर्चा है कि श्रद्धा एक मशहूर राइटर को डेट कर रही हैं। खबरों के मुताबिक कहा जा रहा है कि श्रद्धा मशहूर राइटर राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। राहुल ने श्रद्धा कपूर की फिल्म 'तू झूठी, मैं मक्कार' की कहानी लिखी थी। इस फिल्म के अलावा राहुल ने 'प्यार का पंचनामा', 'सोनू के टीटू की स्वीटी' जैसी कई फिल्मों की कहानियां लिखी हैं।

### कपिल शर्मा और हुमा कुरैशी को ईडी का समन श्रद्धा-टाइगर समेत 15 एक्टर रडार पर

**महादेव** ऑनलाइन गेमिंग ऐप्स मामले में बॉलीवुड के कई चर्चित नाम सामने आए हैं। रणबीर के साथ-साथ लोकप्रिय कॉमेडियन और टीवी अभिनेता कपिल शर्मा और बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी, लोकप्रिय धारावाहिक अभिनेत्री हिना खान को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन भेजा है। तीनों अभिनेताओं से ईडी पूछताछ करने जा रही है। ये पूछताछ कब होगी, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। कपिल शर्मा, हुमा कुरैशी और हिना खान शो करने के लिए दुबई की एक शानदार पार्टी में गए थे। उस वक्त कुछ कलाकारों ने इस ऐप का प्रमोशन किया था। तीनों एक्टर अब ईडी की रडार पर हैं। साथ ही कुछ और बॉलीवुड व टीवी कलाकारों को भी समन जारी किया है। इनमें आतिफ असलम, राहत फतेह अली खान, अली असगर, विशाल ददलानी, टाइगर श्रॉफ, श्रद्धा कपूर, नेहा कक्कड़, भारती सिंह, एली अवराम, सनी लियोनी, भाग्यश्री, पुलकित सम्राट, कीर्ति खरबंदा, नुसरत भरूचा और कृष्णा अभिषेक शामिल हैं। यह ऑनलाइन



जुआ ऐप लोगों को गेमिंग के लिए प्रोत्साहित करता है। इसी बीच इस मामले में एक्टर रणबीर कपूर को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। रणबीर ने पूछताछ के लिए पेश होने के लिए दो हफ्ते का वक्त मांगा है। हालांकि, ईडी ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि रणबीर का समय बढ़ाया जाए या नहीं। महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में मशहूर बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को समन भेजा गया था। उन्हें पूछताछ के लिए 6 अक्टूबर को ईडी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। इस मामले में गवाह के तौर पर उनका बयान दर्ज किया जाएगा।

**रणनीति** जॉइंट रिसर्च, ट्विनिंग प्रोग्राम जैसे क्षेत्रों में साथ आ सकते हैं भारत-ग्रीस

# भविष्य की चुनौतियों पर करेंगे मंथन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्रीस और भारत उच्च शिक्षा के क्षेत्र में साथ काम करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें संयुक्त रिसर्च, प्रशिक्षण, ट्विनिंग प्रोग्राम और विकास सहित सहयोग के विभिन्न पहलू शामिल हैं। इस दिशा में ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) व ग्रीस के प्रतिनिधियों ने बातचीत की है। एआईसीटीई के चेयरमैन प्रो. टीजी. सीताराम ने ग्रीस दूतावास में ग्रीक राजदूत दिमित्रियोस इओन्नौ, ग्रीस दूतावास में मिशन के उप प्रमुख, एलेक्जेंड्रोस बौडोरिस और राजनीतिक-सांस्कृतिक मामलों की प्रथम परामर्शदाता, इसमिनी पानागोपोलू के साथ चर्चा का नेतृत्व किया। इस बैठक को दोनों देशों के बीच शिक्षा के क्षेत्र में अधिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में पहला कदम माना जा रहा है।




बैठक वार्ता के दौरान, प्रोफेसर सीताराम ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग की महत्ता पर जोर दिया और कहा, हमारा आगामी भविष्य केवल इस समझ पर निर्मित किया जा सकता है कि हम अपनी चुनौतियों और अवसरों को स्वीकार करते हुए सीमा पार सहयोग के माध्यम से उनका सामना कैसे कर सकते हैं। ग्लोबलीकरण के इस युग में, हर शिक्षा संस्थान एक राष्ट्र का निर्माण करता है। वह यह समझता है कि अपनी आंखें बंद रख वह सब कुछ सुनने की क्षमता प्रदान नहीं कर सकता।

राजदूत इओन्नौ ने इस पहल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की और ग्रीक शिक्षा मंत्रालय को एआईसीटीई के इरादे की सिफारिश करने का आश्वासन दिया है। राजनीतिक और सांस्कृतिक परामर्शदाता इसमिनी पानागोपोलू ने इस तालमेल और बढ़ावे के लिए एआईसीटीई को संबंधित ग्रीक अधिकारियों के साथ जोड़ने का वादा किया।

ग्रीक मिशन के उप प्रमुख एलेक्जेंड्रोस बौडोरिस ने आपसी सीखने के अवसरों के बारे में बात की और कहा, हम सभी को एक-दूसरे की धारणा और वास्तविकताओं से बहुत कुछ सीखना है। उन्होंने यूरेका-ईयू रिसर्च, एजुकेशन एंड नॉलेज एलायंस नामक एक मंच बनाने के प्रयासों के लिए हेलेनिक इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमी की भी सराहना की। बैठक का आयोजन हेलेनिक इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमी द्वारा किया गया था और कमिश्नर अटैचे, योगी कोचर ने प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान के लिए एक स्कॉलरशिप की घोषणा की जो वाईओएल नामक शीर्षक से जाने जाने वाले हैप्पीनेस कार्यक्रम को अपनाता है।

## गागर में सागर

### सोने-चांदी के भाव में आई गिरावट 57175 रुपए प्रति 10 ग्राम हुआ दाम



**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन की शुरूआत होने वाली है। ऐसे में सोने-चांदी की कीमतों में आई गिरावट से लोगों को काफी राहत मिली है। शुक्रवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखने को मिली है। अगर आप गोल्ड खरीदने की सोच रहे हैं तो ये आपके लिए अच्छा मौका है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार की सुबह 5 दिसंबर 2023 को डिलीवरी वाला सोना 56735 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला है। यह बीते गुरुवार की सुबह 56825 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर खुला था। वहीं 5 फरवरी 2023 को डिलीवरी वाला सोना आज लुढ़कर 57175 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला है। यह गुरुवार की सुबह 57300 रुपए के स्तर पर खुला था। चांदी की कीमतों में शुक्रवार को गिरावट देखी जा रही है। एमसीएक्स पर शुक्रवार की सुबह 5 दिसंबर 2023 को डिलीवरी वाली चांदी का भाव गिरावट के साथ 66825 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव पर खुला है। यह गुरुवार की सुबह 67450 रुपए के भाव पर खुली थी। सोने-चांदी के वैश्विक भाव में शुक्रवार को तेजी देखी जा रही है। चांदी का वैश्विक वायदा भाव शुक्रवार की सुबह चांदी 0.67 फीसदी या 0.14 डॉलर की तेजी के साथ 21.16 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी। सोने और चांदी के भाव में हर दिन गिरावट देखी जा रही है। सोना 56 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है। वहीं चांदी भी सस्ती हुई है। पिछले एक सप्ताह से सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है।

### डीजल निर्यात पर 21 सितंबर को लगाए प्रतिबंध को रूस ने वापस लिया

**नई दिल्ली।** रूस ने शुक्रवार को डीजल निर्यात पर लगाए प्रतिबंध को हटा दिया है। रूस सरकार ने कहा कि उसने पाइपलाइनों के माध्यम से समुद्री बंदरगाहों तक पहुंचाए जाने वाले डीजल निर्यात पर 21 सितंबर को लगाए प्रतिबंध को वापस ले लिया है। हालांकि गैसोलीन निर्यात पर प्रतिबंध अभी भी लागू है। डीजल रूस का सबसे बड़ा तेल उत्पाद निर्यात है, जो पिछले साल लगभग 35 मिलियन टन था, जिसमें से लगभग तीन-चौथाई पाइपलाइनों के माध्यम से भेजा गया था। रूस ने 2022 में 4.8 मिलियन टन गैसोलीन का निर्यात भी किया। सरकार ने एक बयान में कहा, पाइपलाइन द्वारा बंदरगाहों तक पहुंचाए जाने वाले डीजल ईंधन के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया है, बशर्ते कि निमार्ता उत्पादित डीजल ईंधन का कम से कम 50% घरेलू बाजार में आपूर्ति करे। प्रतिबंध लागू होने के बाद से, स्थानीय एक्सचेंज पर थोक डीजल की कीमतों में 21% की गिरावट आई, जबकि गैसोलीन की कीमतों में 10% की गिरावट आई है।

### शहरी सहकारी बैंक अब चार लाख तक दे सकेंगे गोल्ड लोन



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को शहरी सहकारी बैंकों के लिए बुलेट पुनर्भुगतान योजना के तहत दिए जाने वाले स्वर्ण ऋण की मौद्रिक सीमा दो लाख रुपये से बढ़ाकर चार लाख रुपये करने की घोषणा की। यह सिर्फ उन्हीं बैंको के लिए लागू होगा जिन्होंने 31 मार्च 2023 तक समग्र प्राथमिक क्षेत्र ऋण (पीएसएल) का लक्ष्य और उप लक्ष्य पूरा कर लिया है। आरबीआई के एक बयान के अनुसार, इन बैंकों को उसके बाद लक्ष्य और उप-लक्ष्यों को पूरा करना जारी रखना होगा और इस मामले पर विस्तृत दिशानिर्देश अलग से जारी किए जाएंगे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह कदम 31 मार्च 2023 तक निर्धारित पीएसएल लक्ष्यों को पूरा करने वाले यूसीबी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। यूसीबी ने छोटे और सीमांत उधारकताओं की वित्त पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बुलेट भुगतान योजना के तहत सोने और सोने के आभूषणों के खिलाफ ऋण की सीमा को दो लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मांग की थी।

### आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक में रेपो रेट को रखा स्थिर

# रिजर्व बैंक में महंगाई को बताया अर्थव्यवस्था के लिए प्रमुख चुनौती

एजेंसी। नई दिल्ली



रिजर्व बैंक ने महंगाई, अर्थव्यवस्था और वैश्विक हालातों को ध्यान में रखते हुए एक बार फिर से ब्याज दरों को स्थिर रखने का फैसला लिया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने एमपीसी की अहम तीन दिवसीय बैठक के बाद आज शुक्रवार को बताया कि मुख्य नीतिगत दर रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर बरकरार रखने का फैसला लिया गया है। इस तरह पिछले आठ महीने से रेपो रेट को स्थिर रखने का क्रम इस बार भी बना रहा है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि महंगाई अभी भी अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती बनी हुई है। कोरोना महामारी के बाद आर्थिक वृद्धि को सहारा देने के लिए रिजर्व बैंक ने लगातार रेपो रेट को कम किया था। उस समय मुख्य नीतिगत ब्याज दर को घटाकर 4 फीसदी कर दिया गया था। लंबे समय तक रेपो रेट 4 फीसदी बनी रही थी। हालांकि बाद में रिजर्व बैंक को महंगाई के बेकाबू हो जाने और अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व समेत तमाम सेंट्रल बैंकों के द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने के बाद रेपो रेट को बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ा था। रिजर्व बैंक ने इसी शुरूआत पिछले साल मई में की थी। तब मई 2022 में सेंट्रल बैंक को एमपीसी की आपात बैठक बुलाने की जरूरत पड़ गई थी। उस बैठक में रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को एक झटके में 40 बेसिस पॉइंट यानी 0.40 फीसदी बढ़ा दिया था। उसके बाद लगातार 5 बैठकों में रेपो रेट में बढ़ोतरी की गई। रेपो रेट बढ़ाने का यह सिलसिला फरवरी 2023 तक चला। मई 2022 से फरवरी 2023 के दौरान रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 2.50 फीसदी की बढ़ोतरी की।
रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ब्याज दरों पर फैसला लेने के लिए हर दो महीने पर बैठक करती है। यह चालू वित्त वर्ष की चौथी बैठक हुई है। तीन दिनों तक चलने वाली यह बैठक 4 अक्टूबर बुधवार को शुरू हुई थी। इससे पहले रिजर्व बैंक ने अप्रैल, जून और अगस्त महीनों में हुई एमपीसी बैठक में भी ब्याज दरों को स्थिर रखने का फैसला लिया था। दरअसल रेट को फरवरी 2023 के बाद से नहीं बढ़ाया गया है। अभी रिजर्व बैंक की रेपो रेट 6.5 फीसदी है।

### 2000 के नोट पर आरबीआई ने दी अहम जानकारी

# 87 प्रतिशत नोट बैंकों में जमा के रूप में वापस आए

एजेंसी मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 2000 रुपए के नोटों को लेकर अहम जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चलन से वापस लिए गए 2,000 रुपए के 87 प्रतिशत नोट बैंकों में जमा के रूप में वापस आए हैं। शेष को अन्य मूल्य के नोटों से बदला गया है। द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा के बाद दास ने कहा कि 19 मई, 2023 तक प्रचलन में मौजूद 2,000 रुपए के 3.56 लाख करोड़ रुपए के नोट में से 12,000 करोड़ रुपए अब भी वापस नहीं आए हैं। आरबीआई ने पिछले शनिवार को कहा था कि 29 सितंबर तक 3.42 लाख करोड़ रुपए के नोट वापस आ गए हैं, जबकि 14,000 करोड़ रुपए के नोट अब भी वापस आने बाकी हैं। केंद्रीय बैंक ने नोट वापस करने की समयसीमा भी एक सप्ताह के लिए बढ़ाई थी। दास ने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य पर दृढ़ता से ध्यान देना चाहता है। जब तक मूल्यवृद्धि कम नहीं हो जाती, मौद्रिक नीति महंगाई को काबू में लाने पर काम करती रहेगी। दास ने कहा कि सरकार के बैंकर के रूप में आरबीआई को केंद्र सरकार के वित्त को लेकर कोई चिंता नहीं है। डिप्टी गवर्नर जे. स्वामीनाथन ने कहा कि 13-14 प्रतिशत की समग्र ऋण वृद्धि के मुकाबले 33 प्रतिशत की बाहरी ऋण वृद्धि ने आरबीआई को व्यक्तिगत ऋण के मुद्दे की ओर ध्यान देने और बैंकों को किसी भी जोखिम से बचने के लिए कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। दास ने निवेशकों से कहा कि वे संकट की आशंकाओं का पता लगाए" और उचित कदम उठाएं। गवर्नर ने कहा कि यदि बिना ऑडिट वाले नतीजों को देखा जाए, तो जून तिमाही में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में सुधार हुआ है।

### आज होगी जी.एस.टी. काऊंसिल की अहम बैठक

# कई मुद्दों पर हो सकता है फैसला




एजेंसी। नई दिल्ली

7 अक्तूबर को जी. एस. टी. काऊंसिल की 52वीं मीटिंग होने वाली है। शनिवार को होने वाली इस अहम बैठक में कई मुद्दों पर फैसला हो सकता है। इलैक्ट्रिक व्हीकल व मोटे अनाज पर भी जी.एस.टी. की दरें घटाई जा सकती हैं। इसके अलावा बैठक में कई बड़े मुद्दों पर चर्चा होने संभावना है। इसमें इंश्योरेंस से लेकर ऑनलाइन गेमिंग पर जी.एस.टी. को लेकर भी चर्चा सकती है। वहीं, बैठक से कई इंडस्ट्रीज को बड़ा झटका लग सकता है। दरअसल बैठक में कंपनियों द्वारा लोन के बदले ऑफर की जाने वाली कॉर्पोरेट गारंटी पर 18 फीसदी का जी.एस.टी. लगाया जा सकता है। शनिवार को होने वाली जी.एस.टी. काऊंसिल की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ और कैसीनो पर 28 फीसदी टैक्स के कार्यान्वयन की समीक्षा करने के साथ-साथ बाजरा सहित अन्य चीजों में टैक्स पुनर्गठन के पैडिंग प्रपोजल्स और जी.एस.टी. अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना पर भी विचार कर सकती है। वहीं, बाजरा को बढ़ावा देने पर सरकार के फोकस को देखते हुए केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जी.एस.टी. परिषदबाजरा आधारित खाद्य उत्पादों को जी.एस.टी. से छूट देने की मंजूरी दे सकती है।

### इंडिगो फ्लाइट का सफर करना हुआ अब महंगा

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन शुक्रवार से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूट के लिए फ्यूल चार्जेस लागू करेगी जिसके नतीजे में फ्लाइट टिकट के दाम करीब 1000 रुपए तक महंगे हो जाएंगे। कंपनी ने कहा कि यह चार्जेस संबंधित क्षेत्रों में दूरी पर निर्भर करेगा। यह कदम जेट ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बीच उठाया गया है। बता दें कि एयरलाइंस ने आखिरी बार 2018 में फ्यूल सरचार्ज लगाया था, जिसे फ्यूल की कीमतें कम होने के बाद धीरे-धीरे हटा लिया गया था। इंडिगो ने गुरुवार को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर बढ़ती एटीएफ कीमतों की भरपाई के लिए फ्यूल चार्ज पेश किया और कहा कि यह 6 अक्तूबर 2023 से प्रभावी होगा। यह निर्णय एविएशन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में वृद्धि के बाद लिया गया है, जो पिछले तीन महीनों में लगातार बढ़ी हैं। इंडिगो ने कहा कि एटीएफ किसी एयरलाइन के परिचालन खर्च का एक बड़ा हिस्सा होता है।

### एमेजॉन इंडिया ने फेस्टिवल के पहले 100,000 से ज्यादा नौकरियां उत्पन्न कीं

# ग्राहकों को भरोसेमंद डिलीवरी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी। नई दिल्ली

एमेजॉन इंडिया ने भारत में त्योहारों के लिए अपने ऑपरेशंस नेटवर्क में 100,000 से ज्यादा सीजनल नौकरियाँ उत्पन्न की हैं। इनमें भारत में मुंबई, दिल्ली, पुणे, बैंगलोर, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, और चेन्नई आदि शहरों में नौकरी के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष अवसर शामिल हैं। 8 अक्टूबर, 2023 से शुरू होने वाले ह्यग्रेट इंडियन फेस्टिवल से पहले एमेजॉन इंडिया ने अपने मौजूदा नेटवर्क में कई नए लोगों की भर्तियाँ की हैं, जो ग्राहकों के ऑर्डर्स को पिक, पैक, शिप करके उन्हें सुरक्षित व ज्यादा प्रभावशाली तरीके से ग्राहकों तक पहुँचाएंगे। ज्ञात हो कि प्राईम कस्टमर्स को इस फेस्टिवल की एक्सेस 7 अक्टूबर से मिल जाएगी। इन नई भर्तियों में कस्टमर सर्विस एसोसिएट्स भी शामिल हैं, जिनमें से कुछ वर्चुअल कस्टमर सर्विस मॉडल में काम करेंगे। इनका उद्देश्य देश में एमेजॉन की स्थिति मजबूत करते हुए ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करना है। एमेजॉन में उपाध्यक्ष - कायार्चालन, एपेक/ मीना/ लैटम, और वर्ल्डवाइड ग्राहक सेवा प्रमुख, अखिल सक्सेना ने कहा, त्योहारों का मौसम एमेजॉन के लिए एक खास समय होता है। नीलसन मीडिया द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन में सामने आया है कि 75 प्रतिशत उपभोक्ता ऑनलाईन शॉपिंग को सुविधाजनक वन-स्टॉप शॉप मानते हैं, और 81 प्रतिशत ग्राहक ऑनलाईन शॉपिंग करने के इच्छुक हैं। हम अपनी फुलफिलमेंट, डिलीवरी, और कस्टमर सर्विस क्षमताओं को मजबूत करने तथा एमेजॉन पर शॉपिंग करने के इच्छुक लाखों ग्राहकों को शॉपिंग का शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए 1 लाख से ज्यादा लोगों के अतिरिक्त कार्यबल का स्वागत करते हैं। ये सीजनल भर्तियाँ ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने के अलावा लोगों को ज्यादा काम के अवसर और वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करती हैं, जिससे फेस्टिव अर्थव्यवस्था में मजबूती आती है। हम भारत में अपने ग्राहकों, विक्रेताओं, एसोसिएट्स, पार्टनर्स और कर्मचारियों को त्योहारों का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।

## विदेश

### रूस ने परमाणु मिसाइल का सफलतापूर्वक किया परीक्षण

# परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाने वाली संधि के अनुमोदन को रद्द कर सकता है रूस : पुतिन

एजेंसी। मास्को



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उनके देश ने एक प्रायोगिक परमाणु क्रूज मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया और यह चेतावनी भी दी कि देश की संसद परमाणु परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाने वाली संधि के अनुमोदन को रद्द कर सकती है। विदेश नीति विशेषज्ञों के मंच पर अपने संबोधन में पुतिन ने घोषणा की कि रूस ने बुरेवेस्तनिक क्रूज मिसाइल और सरमात भारी अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का निर्माण कार्य प्रभावी तरीके से पूरा किया है तथा इनका उत्पादन करेगा। उन्होंने बिना कोई विस्तृत जानकारी दिए कहा, हमने बुरेवेस्तनिक परमाणु वैश्विक रेंज क्रूज मिसाइल का आखिरी सफल परीक्षण किया।" अपने बयान में पहली बार उन्हें बुरेवेस्तनिक के सफल परीक्षण की घोषणा की। ह्यबुरेवेस्तनिक' का शाब्दिक अर्थ तूफानी लड़ाका" है। पुतिन ने पहली बार 2018 में इसका जिक्र किया था। बुरेवेस्तनिक के बारे में काफी कम जानकारी उपलब्ध है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने इसका कोडनेम स्काईफॉल' रखा है। कई पश्चिमी विशेषज्ञ इस पर संदेह करते रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि परमाणु इंजन अत्यधिक अविश्वसनीय हो सकता है। माना जाता है कि यह परमाणु हथियार या पारंपरिक हथियार ले जाने में सक्षम है और यह संभावित रूप से अन्य मिसाइलों की तुलना में अधिक समय तक ऊपर रह सकता है और परमाणु प्रणोदन के कारण बहुत अधिक दूरी तय कर सकता है।

### अमेरिका भारत के साथ रक्षा को मजबूत करने का प्रयास जारी रखेगा

# 'भारत के साथ 20 अरब अमेरिकी डॉलर की साझेदारी हुई'

एजेंसी। वाशिंगटन




**चीन लगभग पूरे विवादित दक्षिण चीन सागर को अपना क्षेत्र बताता है वहीं ताइवान, फिलिपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी दक्षिण चीन सागर को अपना क्षेत्र बताते हैं।**

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका भारत के साथ रक्षा संबंधों की सराहना करता है और इस क्षेत्र में भारत के साथ साझेदारी को मजबूत बनाने का प्रयास जारी रखेगा। पेंटागन के प्रेस सचिव पैट रेडेर ने यह बात यहां संवाददाताओं से कही। उन्होंने कहा, हम रक्षा स्तर पर भारत के साथ संबंधों की काफी सराहना करते हैं। अमेरिका भारत के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए रखने का प्रयास जारी रखेगा और मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसे आप आगे बढ़ता देखेंगे। भारत और अमेरिका के बीच 1997 में रक्षा व्यापार लगभग नगण्य था लेकिन आज यह 20 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का है। एक प्रश्न के उत्तर में रेडेर ने कहा कि चीन रक्षा मंत्रालय के लिए लगातार चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा, जब किसी देश की संप्रभुता के संरक्षण तथा अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था की बात आती है तो हम भारत तथा हिंद प्रशांत क्षेत्र के अन्य देशों के साथ अमेरिका की साझेदारी की सराहना करते हैं। इन्ही व्यवस्थाओं के कारण ही कई वर्षों से शांति और स्थिरता बनी हुई है।" अमेरिका, भारत तथा कई अन्य शक्तिशाली देश हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के मद्देनजर स्वतंत्र, मुक्त तथा समृद्ध हिंद-प्रशांत सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर देते रहे हैं। चीन लगभग पूरे विवादित दक्षिण चीन सागर को अपना क्षेत्र बताता है वहीं ताइवान, फिलिपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी दक्षिण चीन सागर को अपना क्षेत्र बताते हैं। चीन ने अपना दावा पुख्ता करने के लिए दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। पेंटागन के प्रेस सचिव का बयान तब आया है जब कुछ दिन पूर्व विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका का दौरा किया था और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन सहित शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान जयशंकर और ऑस्टिन के बीच रक्षा साजो सामान के सह-उत्पादन सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को प्रगाढ़ करने पर सार्थक बातचीत हुई।

## पेज एक के शेष

### केंद्र के सहयोग से ...

में आदिवासियों की संख्या 20 हजार से अधिक है, परन्तु वे 50% की शर्त का पालन नहीं करते हैं। कुछ प्रखण्डों में यह जनसंख्या 50 हजार से भी अधिक है। सीएम ने कहा कि एएमआरएस की स्वीकृति हेतु निर्धारित मापदण्ड में 50% की शर्त को समाप्त किया जाय, ताकि आदिवासी बहुल्य ग्रामीण क्षेत्रों को इस योजना का लाभ मिल सके।

**जनवरी 2022 से 762 उग्रवादियों की हो चुकी गिरफ्तारी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से जनवरी 2022 से अगस्त 2023 तक कुल 762 नक्सलियों को गिरफ्तार किया किया गया है। इनमे स्पेशल एरिया कमेटी के 3 सदस्य, रिजनल कमेटी के 1 सदस्य, 10 जोनल कमांडर, 16 सब जोनल कमांडर और 25 एरिया कमांडर शामिल हैं। इसके अलावा 20 नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारे गए हैं, जिनमें स्पेशल एरिया कमेटी का दो, 4 सब जोनल कमांडर और एक एरिया कमांडर शामिल है। इसके अलावा 1160 आईडी और 76 हथियार भी बरामद किए गए हैं। इस अवधि में 37 नक्सलियों में पुलिस के समक्ष समर्पण किया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत दुर्गम क्षेत्रों के ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर उनका विश्वास जीतने का प्रयास किया जा रहा है। नक्सली संगठनों के प्रभाव क्षेत्र में लगातार कमी हो रही है एवं अब उनका दायरा राज्य के कुछेक क्षेत्रों में सिमट कर रह गया है।

**नक्सल विरोधी अभियान में इस्तेमाल होने वाले हेलीकॉप्टर का खर्च एसआरई मद से हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान में समय-समय पर हेलीकॉप्टर का भी प्रयोग किया जाता है, जिसके खर्च का वहन एसआरई मद से किया जाता था। गृह मंत्रालय द्वारा 2018-2022 तक की अवधि के खर्च की प्रतिपूर्ति में आपत्ति दर्ज की गयी है। अनुरोध होगा कि इस राशि का भुगतान इसी मद से किया जाय तथा गृह मंत्रालय, भारत सरकार की अधिकार प्राप्त समिति से पूर्व अनुमोदन की अनिवार्यता को समाप्त किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल प्रभावित जिलों में कनेक्टिविटी का सुधार करना भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रथम चरण में 816 अधिष्ठापित मोबाईल टावर के 4जी अपग्रेडेशन का काम बीएसएनएल द्वारा किया जा रहा है। द्वितीय चरण में 1184 स्थानों के विरूद्ध राज्य सरकार ने 1173 स्थानों पर भूमि उपलब्ध करा दी है। शेष 11 स्थानों पर भी शीघ्र भूमि उपलब्ध करा दी जायेगी।

**नक्सली संगठनों के आय स्रोत पर प्रभावी नियंत्रण की हो रही कार्रवाई :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा केन्द्रीय एजेन्सियों एनआईए व एनसीबी के साथ समन्वय बनाकर नक्सली संगठनों के आय के स्त्रोत पर रोक लगाने के लिए लगातार प्रभावी ढंग से कार्रवाई की जा रही है। राज्य पुलिस के द्वारा कुल 28 नक्सली नेताओं की चल-अचल सम्पत्ति को जप्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध मादक पदार्थ यथा - अफीम की खेती / तस्करी की रोकथाम हेतु एनसीबी के सहयोग से प्रभावकारी कदम उठाये गये हैं। इस वर्ष लगभग 5,500 एकड़ भूमि से अफीम की खेती नष्ट की गयी है। लेवी के स्त्रोत यथा - खनन, केन्दू पत्ता, विकास कार्यों पर पैनी नजर रखी जा रही है। संदिग्ध गतिविधि वाले संवेदकों पर भी नजर रखी जा रही है। उग्रवादी घटनाओं से संबंधित काण्डों के अनुसंधान एवं अभियोजन को बेहतर बनाने के लिए सभी जिलों में स्पेशल मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है। राज्य में 2014 से यूएपीए के तहत दर्ज कुल 599 उग्रवाद कांडों में से 426 में अनुसंधान का कार्य पूर्ण कर आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है। 21 संवेदनशील कांडों का अनुसंधान एनआईए को सौंपा गया है। वर्तमान में 91 फिरार नक्सलियों के विरूद्ध पुरस्कार घोषित है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2022 में 90 एवं वर्ष 2023 में अगस्त तक कुल 97 नक्सली हिंसा की घटनाएँ प्रतिवेदित हुई हैं। नक्सलियों के विरूद्ध प्रभावकारी अभियान के कारण वर्ष 2021 से थाना/पिकेट/पोस्ट पर नक्सलियों द्वारा आक्रमण की कोई घटना प्रतिवेदित नहीं हुई है। लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है तथा विकास के कार्यों में तेजी आयी है।

### सीएम की याचिका ...

जारी समन पर कार्रवाई न की जाए। मुख्यमंत्री की ओर से 23 सितंबर को ईडी के समन के खिलाफ हाई कोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दाखिल की गई थी। इसमें कहा गया है कि ईडी एवं इसके अधिकारी या कर्मी को समन के आधार पर उन पर कार्रवाई से रोका जाय। साथ ही ईडी को आगे भी समन जारी करने से रोक लगाने का अभी आग्रह किया गया है। मुख्यमंत्री ने ईडी पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की साजिश करने सहित पीएमएलए 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता को चुनौती दी है। आईपीसी के तहत किसी मामले की जांच के दौरान जांच एजेंसी के समक्ष दिए गए बयान की मान्यता कोर्ट में नहीं है लेकिन पीएमएलए एक्ट की धारा 50 के तहत जांच के दौरान एजेंसी के दिए गए बयान की कोर्ट में मान्यता है। ईडी को मिले शक्तियों के तहत बयान दर्ज कराने के दौरान किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार ईडी के पास है।

### बाल यौन शोषण ...

कोई बाल यौन शोषण सामग्री मौजूद न हो। सरकार आईटी नियमों के तहत एक सुरक्षित और विश्वसनीय इंटरनेट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।
मंत्री ने चेतावनी दी, आईटी अधिनियम के तहत नियम सोशल मीडिया मध्यस्थों से सख्त अपेक्षाएं रखते हैं कि उन्हें अपने प्लेटफॉर्म पर आपराधिक या हानिकारक पोस्ट की अनुमति नहीं देनी चाहिए। यदि वे तेजी से कार्रवाई नहीं करते हैं, तो आईटी अधिनियम की धारा 79 के तहत उनका सुरक्षित आश्रय वापस ले लिया जाएगा और भारतीय कानून के तहत परिणाम भुगतने होंगे।
मंत्रालय के नोटिस में कहा गया है कि इन आवश्यकताओं का अनुपालन न करने पर आईटी अधिनियम, 2021 के नियम 3(1) (बी) और नियम 4 (4) का उल्लंघन माना जाएगा। मंत्रालय ने तीन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को चेतावनी दी कि नोटिस के अनुपालन में कोई भी देरी आईटी अधिनियम की धारा 79 के तहत सुरक्षित आश्रय वापस लेने का कारण बन सकता है, जो वर्तमान में उन्हें कानूनी दायित्व से बचाती है। चन्द्रशेखर भारतीय इंटरनेट से ऐसी हानिकारक सामग्री को हटाने के मुखर समर्थक रहे हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह दृष्टिकोण मंत्रालय की नीति का विजन बन जाए।
सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम, 2000, सीएसएएम सहित अश्लील सामग्री को संबोधित करने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करता है। आईटी अधिनियम की धारा 66ई, 67, 67ए और 67बी अश्लील या अश्लील सामग्री के ऑनलाइन प्रसारण के लिए कड़े दंड और जुर्माना लगाती हैं।



## विश्व कप 2023 : नीदरलैंड्स-पाकिस्तान के बीच मुकाबला

# शकील-मोहम्मद रिजवान का धमाका




**एजेंसी। हैदराबाद**

नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच में पाकिस्तान के सऊद शकील और मोहम्मद रिजवान ने शानदार परफॉर्मेंस करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली, दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी की। बता दें कि दोनों बल्लेबाजों ने 68-68 रन की पारी खेली। भारत में अपना पहला मैच खेल रहे दोनों बल्लेबाजों ने उस समय पाकिस्तान की पारी को संभाला जब पाकिस्तान के 3 विकेट पर 38 रन पर गिर गए थे। जिसके बाद सऊद शकील और रिजवान ने पारी संभाली 120 रन की साझेदारी कर टीम को मुसीबत से बाहर निकाला।बता दें कि दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर खास रिकॉर्ड भी बनाया है। पाकिस्तान की ओर से विश्व कप डेब्यू में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पाकिस्तानी बल्लेबाजों की लिस्ट में संयुक्त रूप से पांचवें नंबर पर आ गए हैं। बता दें कि विश्व कप डेब्यू में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड पाकिस्तान की ओर से मोहसिन खान के नाम है। मोहसिन ने साल 1983 के विश्व कप में 82 रन की पारी खेली थी। वहीं, बता दें कि मैच में सऊद शकील ने 32 गेंद पर अर्धशतक जमाया जो वनडे विश्व कप में पाकिस्तान की ओर से जमाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड है।

## आइये जानते हैं अब तक हर वर्ल्ड कप में कितनी सेंचुरी लगी हैं

- 1975 में खेले गए पहले पुरुष वर्ल्ड कप में मैच में 6 शतक लगे थे।
- इसके बाद दूसरे 1979 के वर्ल्ड कप मैच में 2 शतक लगे थे।
- 1983 में 8 और 1987 में 11 शतक लगे थे।
- 1992 में 8 और 1996 में 16 शतक लगे थे।
- 1999 के वर्ल्ड कप में 11 और 2003 में 21 शतक लगे थे।
- 2007 में 20 और 2011 में 24 शतक लगे थे।
- 2015 में सबसे ज्यादा 38 और 2019 में 31 शतक लगे थे।

# वर्ल्ड कप 2023 का पूरा शेड्यूल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वर्ल्ड कप 2023 का आगाज 5 अक्टूबर से हो गया है। पहला मैच न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच खेला गया जिसमें इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा। वर्ल्ड कप के दौरान कुल 48 मैच खेले जाएंगे। इसका फाइनल 19 नवंबर को खेला जाएगा। वर्ल्ड कप में लीग स्टेज में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जाने वाला है। इस बार भी वर्ल्ड कप राउंड रॉबिन फॉर्मेट में खेला जाएगा। यानी सभी 10 टीमें एक दूसरे के खिलाफ 9-9 मैच खेलेगी। इसके बाद टॉप 4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी। अहमदाबाद में 19 नवंबर को होगा विश्व कप का फाइनल, सेमीफाइनल मुंबई और कोलकाता में क्रमशः 15 और 16 नवंबर को खेले जाएंगे।

| दिन तथा तिथि | टीम 1 | बनाम | टीम 2 | शहर |
|---|---|---|---|---|
| शनिवार, 7 अक्टूबर | बांग्लादेश | बनाम | अफगानिस्तान | धर्मशाला |
| शनिवार, 7 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | श्रीलंका | दिल्ली |
| रविवार, 8 अक्टूबर | भारत | बनाम | ऑस्ट्रेलिया | चेन्नई |
| सोमवार, 9 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | नीदरलैण्ड | हैदराबाद |
| मंगलवार, 10 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | धर्मशाला |
| मंगलवार, 10 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | श्रीलंका | हैदराबाद |
| बुधवार, 11 अक्टूबर | भारत | बनाम | अफगानिस्तान | दिल्ली |
| गुरुवार, 12 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | लखनऊ |
| शुक्रवार, 13 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | चेन्नई |
| शनिवार, 14 अक्टूबर | भारत | बनाम | पाकिस्तान | अहमदाबाद |
| रविवार, 15 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | दिल्ली |
| सोमवार, 16 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| मंगलवार, 17 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | नीदरलैण्ड | धर्मशाला |
| बुधवार, 18 अक्टूबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| गुरुवार, 19 अक्टूबर | भारत | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शुक्रवार, 20 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | लखनऊ |
| शनिवार, 21 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | मुंबई |
| रविवार, 22 अक्टूबर | भारत | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| सोमवार, 23 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | अफगानिस्तान | चेन्नई |
| मंगलवार, 24 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | बांग्लादेश | मुंबई |
| बुधवार, 25 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | नीदरलैण्ड | दिल्ली |
| गुरुवार, 26 अक्टूबर | इंग्लैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 27 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | चेन्नई |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | न्यूजीलैण्ड | धर्मशाला |
| शनिवार, 28 अक्टूबर | नीदरलैण्ड | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| रविवार, 29 अक्टूबर | भारत | बनाम | इंग्लैण्ड | लखनऊ |
| सोमवार, 30 अक्टूबर | अफगानिस्तान | बनाम | श्रीलंका | पुणे |
| मंगलवार, 31 अक्टूबर | पाकिस्तान | बनाम | बांग्लादेश | कोलकाता |
| बुधवार, 1 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | पुणे |
| गुरुवार, 2 नवंबर | भारत | बनाम | श्रीलंका | मुंबई |
| शुक्रवार, 3 नवंबर | नीदरलैण्ड | बनाम | अफगानिस्तान | लखनऊ |
| शनिवार, 4 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | बेंगलुरू |
| शनिवार, 4 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | ऑस्ट्रेलिया | अहमदाबाद |
| रविवार, 5 नवंबर | भारत | बनाम | दक्षिण अफ्रीका | कोलकाता |
| सोमवार, 6 नवंबर | बांग्लादेश | बनाम | श्रीलंका | दिल्ली |
| मंगलवार, 7 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | अफगानिस्तान | मुंबई |
| बुधवार, 8 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | नीदरलैण्ड | पुणे |
| गुरुवार, 9 नवंबर | न्यूजीलैण्ड | बनाम | श्रीलंका | बेंगलुरू |
| शुक्रवार, 10 नवंबर | दक्षिण अफ्रीका | बनाम | अफगानिस्तान | अहमदाबाद |
| शनिवार, 11 नवंबर | ऑस्ट्रेलिया | बनाम | बांग्लादेश | पुणे |
| शनिवार, 11 नवंबर | इंग्लैण्ड | बनाम | पाकिस्तान | कोलकाता |
| रविवार, 12 नवंबर | भारत | बनाम | नीदरलैण्ड | बेंगलुरू |
| बुधवार, 15 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 1 | --------- | मुंबई |
| गुरुवार, 16 नवंबर | --------- | सेमीफाइनल 2 | --------- | कोलकाता |
| रविवार, 19 नवंबर | --------- | फाइनल | --------- | अहमदाबाद |

# क्रिकेट विश्व कप से जुड़ी रोचक बातें

- क्रिकेट विश्व कप का पहला मैच साल 7 जून 1975 में भारत और इंग्लैंड के बीच लॉड्र्स स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में इंग्लैंड 202 रनों से जीता था और यह टूर्नामेंट हर 4 साल में होता है।
- क्रिकेट विश्व कप का पहला फाइनल मैच 21 जून 1975 में वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुआ था। इस मैच को वेस्टइंडीज ने 17 रनों से जीता था।
- अब तक कुल 12 टूर्नामेंट आयोजित हो चुके हैं, जिनमें से ऑस्ट्रेलिया ने 5 बार, भारत और वेस्टइंडीज ने 2-2 बार, इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान ने 1-1 बार वनडे विश्व कप का खिताब जीता है।
- साल 1983 तक क्रिकेट विश्व कप 60 ओवर का हुआ करता था फिर इसके बाद इसे 50 ओवर का कर दिया गया।
- भारत ने साल 1983 और 2011 में 2 बार वनडे विश्व कप जीता है। और भारत ने 2003 में रनर-अप भी रही, तब उन्हें ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में हराया था। वर्ल्ड कप की 10 टीमों के फाइनल स्क्वाड
- इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर हैं, उन्होंने 2278 रन बनाए हैं और 45 मैच खेले। वहीं ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग 1743 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं और इन्होने 46 मैच खेले।
- इस टूर्नामेंट में 2 दोहरे शतक लगाने वाले पहले खिलाडी वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और दुसरे खिलाडी न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल है। गप्टिल के नाम सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 237 रन बनाये थे।
- क्रिकेट विश्व कप में अब तक 196 शतक लगे हैं। जिसमे सबसे ज्यादा रोहित शर्मा और सचिन तेंदुलकर ने लगाये है। दोनों ने 6-6 शतक जड़े है।
- क्रिकेट विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्राथ हैं, उन्होंने 70 विकेट लिए हैं और दूसरे स्थान पर श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन हैं, उन्होंने 68 विकेट लिए हैं। ग्लेन मैकग्राथ ने 2003 में नामीबिया के खिलाफ 15 रन देकर 7 विकेट झटके थे। भारत के चेतन शर्मा ने पहली हैट्रिक 1987 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ली थी।
- ऑस्ट्रेलिया ने 94 मैच, न्यूजीलैंड ने 89 मैच और भारत ने 84 क्रिकेट विश्व कप मैच खेले है। जिनमे से ऑस्ट्रेलिया ने 69, भारत ने 54 और न्यूजीलैंड ने 53 मैच जीते है। वही जिम्बाब्वे ने 43 मैच, श्रीलंका ने 39 और वेस्टइंडीज ने 35 मैच हारे।
- क्रिकेट विश्व कप में 4 बार 400 से अधिक रन बने। जिसमे साउथ अफ्रीका ने 2, ऑस्ट्रेलिया और भारत ने 1-1 बार यह कारनामा किया है। सबसे बड़ा स्कोर ऑस्ट्रेलिया के नाम है। इस टीम ने 2015 में अफगानिस्तान के खिलाफ पर्थ में 417 रन बनाये थे।
- क्रिकेट विश्व कप में भारत, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड कभी भी 100 रन के अंदर ऑल आउट नहीं हुए हैं। 2003 में कनाडा की टीम श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ 36 रन पर ऑलआउट हो गई थी। वनडे वर्ल्ड कप 2023 शेड्यूल
- भारत 60 और 50 ओवर का विश्व कप जीतने वाला एकमात्र देश है। भारत ने 1983 में 60 ओवर और 2011 में 50 ओवर का खिताब जीता था।
- सबसे छोटी जीत ऑस्ट्रेलिया के नाम है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ दो बार 1987 और 1992 में 1-1 रन से मैच जीता है।
- रोहित शर्मा एक टूर्नामेंट में 5 शतक लगाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। ऐसा उन्होंने 2019 में किया था। श्रीलंका के कुमार संगकारा ने 2015 में लगातार 7 शतक लगाए थे।
- भारत 7 बार क्रिकेट वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है। जिसमें 4 हारे और 3 मैच जीते और 2003 में उपविजेता रही।

## सचिन तेंदुलकर की भविष्यवाणी, कहा-

# ये चार टीमें खेलेंगी 2023 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल

**एजेंसी। अहमदाबाद**

वनडे वर्ल्ड कप 2023 का आगाज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुआ। टूर्नामेंट के पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और 2019 वर्ल्ड कप के फाइनलिस्ट न्यूजीलैंड आमने-सामने थी। इसी बीच पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर वर्ल्ड कप ट्रॉफी को टूर्नामेंट की शुरूआत करने के लिए मैदान पर ले गए, जिसे पहली बार विशेष रूप से भारत द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अनुभव शानदार था। इसके साथ ही उन्होंने अहमदाबाद में 2011 वनडे वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की क्वार्टर फाइनल प्रतिष्ठित जीत को याद किया। तेंदुलकर ने आईसीसी के डिजिटल इनसाइडर के साथ बातचीत करते हुए कहा, उस ट्रॉफी को मैदान पर ले जाना एक अवास्तविक अनुभव था। हम यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में खेल रहे थे और वह रात हमारे लिए एक स्पेशल रात थी। यहां वापस आने के लिए, वही स्टेडियम, 12 साल बाद। वास्तव में कुछ अच्छा हुआ है। 2011 से पहले, किसी भी मेजबान देश ने टूनार्मेंट नहीं जीता था। उसके बाद, सभी मेजबान देशों ने जीत हासिल



की। इस दौरान सचिन तेंदुलकर ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनलिस्ट टीमों का नाम बताया। उन्होंने अंतिम-चार चरण में पहुंचने के लिए मेजबान भारत, पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, गत चैंपियन इंग्लैंड और पिछले संस्करण के फाइनलिस्ट न्यूजीलैंड को अपनी चार टीमों के रूप में चुना और अपने चयन के पीछे के कारणों को भी बताया। पूर्व दिग्गज ने कहा कि, भारत बिना किसी संदेह के। हमारे पास बहुत, बहुत अच्छी, संतुलित टीम है। ऑस्ट्रेलिया के मामले में भी ऐसा ही है, मुझे लगता है कि उनके पास एक संतुलित टीम है। मैं कहूंगा कि तीसरा इंग्लैंड होगा। इंग्लैंड फिर से एक बहुत मजबूत टीम है। उनके पास एक अनुभवी और युवा टीम का कॉम्बिनेशन है। मेरी चौथी टीम न्यूजीलैंड होगी।

## जियोमार्ट के ब्रांड एंबेसडर बने धोनी



**नई दिल्ली।** रिलायंस रिटेल के जियोमार्ट ने क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ ही जियोमार्ट ने अपने त्योहारी अभियान का नाम बदल कर 'जियो उत्सव, सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया' कर दिया है। यह सेल 8 अक्टूबर से शुरू होगी। क्रिकेट के दीवानों में माही के नाम से मशहूर महेंद्र सिंह धोनी ने कहा, भारत अपनी जीवंत संस्कृति, लोगों और त्योहारों के लिए जाना जाता है, जियोमार्ट का ह्यजियो उत्सव कैंपेन भारत और उसके लोगों के उत्सव का एक प्रतीक है। मैं जियोमार्ट के साथ जुड़ने और लाखों भारतीयों की खरीदारी यात्रा का हिस्सा बनने पर बेहद उत्साहित हूं।

## वर्ल्ड चैंपियंस लीग

# दिग्गज क्रिकेटरों को एकजुट करने वाला 'महाकुंभ'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया के कुछ सबसे बड़े क्रिकेट नाम 2024 में वर्ल्ड चैंपियंस लीग (डब्ल्यूसीएल) के लॉन्च के लिए एजबस्टन स्टेडियम में आएंगे, जो बॉलीवुड फिल्म और संगीत मीडिया जबावा एंटरटेनमेंट द्वारा विकसित एक नया वैश्विक टी20 टूर्नामेंट है। डब्ल्यूसीएल में विश्व क्रिकेट की छह प्रमुख शक्तियों- इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के सेवानिवृत्त और गैर-अनुबंधित खिलाड़ी शामिल होंगे, जो भारत बनाम पाकिस्तान सहित खेल की कुछ सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विताओं को फिर से क्रिकेट फैंस के सामने रखने के लिए तैयार हैं। जबावा एंटरटेनमेंट के निदेशक हर्षित तोमर ने साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा, डब्ल्यूसीएल भारत-पाक प्रतिद्वंद्विता को वापस लाने और इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ियों को एक साथ लाने के लिए तैयार है। इंग्लैंड हमेशा से क्रिकेट का घर रहा है और जब बर्मिंघम की बात आती है, तो यह कई भारतीयों और पाकिस्तानियों का भी घर है। हम वैश्विक स्तर पर प्रशंसकों को दस दिनों का क्रिकेट का मनोरंजन देने के लिए उत्सुक हैं। एजबस्टन के मुख्य कार्यकारी स्टुअर्ट कैन ने कहा, हमने विश्व क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े मैचों का आयोजन किया है और एजबस्टन में उन मैचों में शामिल कुछ नायकों को देखना बहुत अच्छा होगा। ईसीबी की मंजूरी और इंग्लिश डोमेस्टिक शेड्यूल (नवंबर 2023) की घोषणा के अधीन, टूर्नामेंट 2024 की गर्मियों में खेला जाना तय है।

## जेएससीए स्टेडियम में होगा लीजेंड्स लीग क्रिकेट मैच

# पांच लीग मैचों की मेजबानी रांची के नाम

### आगामी 18 नवंबर से नौ दिसंबर तक होगा मैच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने आगामी सीजन भारत के पांच शहरों में मैच खेले जाने की घोषणा की है। इस सीजन के मैच रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापत्तनम और सूरत में होंगे। आगामी 18 नवंबर से नौ दिसंबर 2023 तक होने वाले मैचों की पूरी तैयारी हो गई है। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के फ्रेंचाइजी आयोजन के दूसरे सीजन में 19 मैच होंगे। सीजन की शुरूआत रांची में जेएससीए स्टेडियम, धुर्वा में पहले पांच मैचों से होगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट का मकसद चुने गये शहरों के क्रिकेट प्रेमियों को अभूतपूर्व अनुभव देना है। इन मैचों में 100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर मैदान में उतरने वाले हैं। ज्ञात हो कि पिछले सीजन के 15 मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम सहित देश के अन्य प्रमुख शहरों में खेले गए। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा कि रांची स्टेडियम का मनोहर दृश्य और शहर का क्रिकेट प्रेम देखते हुए हम ने यहीं से सीजन की शुरूआत की है। यह भावी क्रिकेटरों के लिए सपनों का स्टेडियम होगा, जहां से लगातार भारत के दिग्गज खिलाड़ी आ रहे हैं। इस सीजन के दिग्गज खिलाड़ियों को लेकर स्टेडियम और उन शहरों में भी काफी उत्साह देखा गया, जहां पिछले साल भारत में मैच खेले गए थे। लेजेंड्स लीग क्रिकेट के कमिश्नर रवि शास्त्री ने कहा ने कहा कि लेजेंड्स लीग क्रिकेट का आयोजन दिन-ब-दिन बड़ा हो रहा है। खिलाड़यों की तादाद बढ़ने के साथ हमें यह उत्साह बनाए रखना है और नए शहरों के क्रिकेट प्रेमियों को क्रिकेट का बेहतरीन मुकाबला देखने का मौका देना है।




# एशियाई खेल : भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जीता स्वर्ण, जापान को 5-1 से हराया



**एजेंसी। हांगझू**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को जापान को 5-1 से हराकर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक अपना नाम किया। एशियाई खेलों में भारत का यह 22वां स्वर्ण पदक था। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो (32वें और 59वें मिनट), मनप्रीत सिंह (25वें मिनट), अमित रोहिदास (36वें मिनट) और अभिषेक (48वें मिनट) ने 1-1 गोल किया।

इस मैच में दोनों टीमों ने रक्षात्मक शुरूआत की, फलस्वरूप पहला क्वार्टर गोल रहित समाप्त हुआ। मैच का पहला गोल दूसरे क्वार्टर में आया, जब मैच के 25वें मिनट में मनप्रीत सिंह ने बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक भारतीय टीम 1-0 से आगे रही।

मध्यांतर के बाद भारतीय टीम ने आक्रामक रूख अपनाया और मैच के 32वें मिनट में भारतीय टीम को पेनल्टीकॉर्नर मिला, जिसे हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदलकर भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। मैच के 36वें मिनट में अमित रोहिदास ने एक और बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत को 3-0 से आगे कर दिया। मैच के 48वें मिनट में हार्दिक सिंह के पास पर अभिषेक ने भारत के लिए चौथा गोल किया।

51वें मिनट में जापान को पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार तनाका सेरेन ने गोल कर जापान का खाता खोला। मैच खत्म होने से कुछ समय पहले भारत को पेनल्टीकॉर्नर मिला और इस बार हरमनप्रीत सिंह ने मैच का अपना दूसरा और भारत के लिए पांचवां गोल किया और स्कोर 5-1 हो गया, और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ ही भारतीय हॉकी टीम ने न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। इस स्वर्ण के साथ ही भारत ने एशियाई खेलों में अब तक 95 पदक जीत लिये हैं, जिनमें 22 स्वर्ण, 34 रजत और 39 कांस्य पदक शामिल हैं।

# कुश्ती : मेडल से चूके बजरंग किरण व अमन ने जीता कांस्य



**एजेंसी। हांगझोऊ**

किरण बिश्नोई ने शुक्रवार को 19वें एशियाई खेलों में मंगोलिया की अरियुंजरगल गनबट पर 6-3 से जीत के साथ महिलाओं की फ्रीस्टाइल 76 किग्रा में कांस्य पदक जीता। इससे पहले, किरण ने सेमीफाइनल में झामिला बाकबगेनोवा से हारने से पहले जापान की नोडोका यामामोटो को हराया था। बाद में, एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अमन सेहरावत ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा कांस्य पदक मैच में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर चीन के लियू मिंगु को 11-0 से हराया। टोक्यो 2020 के कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया को यहां भी खाली हाथ रहना पड़ा, क्योंकि वो तकनीकी श्रेष्ठता के कारण पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्रा में जापान के कैकी यामागुची से कांस्य पदक हार गए।

सोनम मलिक ने महिलाओं की फ्रीस्टाइल 62 किग्रा में चीनी प्रतिद्वंद्वी और मौजूदा एशियाई चैंपियन लॉन्ग जिया को 7-5 से हराकर कांस्य पदक जीता।

## एशियाई खेल : भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने जीता रजत पदक



**अतानु दास**, धीरज बोम्मदेवरा और तुषार शेल्के की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम को 19वें एशियाई खेलों के फाइनल में कोरिया के खिलाफ 1-5 से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## तीरंदाजी में भारतीय महिला टीम ने जीता ब्रॉन्ज

**अंकिता** भकत, भजन कौर और सिमरनजीत कौर की भारतीय टीम ने शुक्रवार को एशियाई खेलों में रिकर्व महिला टीम प्रतियोगिता में वियतनाम को हराकर भारत के लिए कांस्य पदक जीता।



# भारत फाइनल में, बांग्लादेश को 9 विकेट से हराया

**एजेंसी। हांगझू**

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद तिलक वर्मा (नाबाद 55) के अर्धशतक और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (नाबाद 40) के बेहतरीन पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश को 9 विकेट से करारी शिकस्त देकर एशियाई खेलों के फाइनल में प्रवेश किया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 96 रन बनाए, जवाब में भारत ने मात्र 9.2 ओवर में 1 विकेट पर 97 रन बनाकर नौ विकेट से जीत हासिल की। 97 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल बिना खाता खोले पहली ही गेंद पर चलते बने। इसके बाद तिलक वर्मा और गायकवाड़ ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और भारतीय टीम को नौ विकेट से जीत दिला दी। तिलक 26 गेंदों पर 2 चौके और 6 छक्कों की बदौलत 55 व गायकवाड़ इतने ही गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्कों की बदौलत 20 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 96 रन बनाए। इस मुकाबले में भारतीय कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश की शुरूआत खराब रही और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और बांग्लादेशी टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 96 रन ही बना सकी।



बांग्लादेश के लिए परवेज होसैन इमान ने 23 और जकर अली ने नाबाद 24 रन बनाए, जबकि रकिबुल हसन ने 14 रन बनाए।

भारत की तरफ से साई किशोर ने 3, वॉशिंगटन सुंदर ने 2, अर्शदीप सिंह, तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, शाहबाज अहमद ने 1-1 विकेट लिया।

भारतीय टीम शनिवार को स्वर्ण पदक मुकाबले में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगी।